आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी उपरांत 12:39 अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 35, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा 16

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा 15

# पूरे परिवार का अपहरण, महिला की हत्या

## कामतानाथ के दर्शन कराने के बहाने किया अपहरण, गला कसने पर पति कार से कूदा

संवाददाता, राठ/सरीला (हमीरपुर)

- पुलिस ने कार बरामद कर चालक को किया गिरफ्तार
- चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

**अमृत विचार :** कामतानाथ के दर्शन के बहाने एक परिवार का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास किया गया। गला कसने पर पति चलती कार से कूद गया, जबकि पत्नी की गला कसकर हत्या कर दी और राठ-उरई हाईवे पर गोहांड कस्बे के पास शव फेंक दिया। बेटे को भी मरा समझ कर रास्ते में फेंक दिया, जबकि बेटी को औरैया में छोड़ा। पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कार बरामद कर ली है और चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित की गई हैं।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के मदारीपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र छोटेलाल यादव परिवार के साथ कानपुर नगर के गुजैनी क्षेत्र के प्लाट नंबर 3 बी बर्रा में किराए पर रहता है। वह जूता फैक्ट्री में काम करता है। उसी मकान में त्रिभुवन उर्फ चाचा नाम का व्यक्ति भी रहता है। सूरज ने जरिया पुलिस को बताया कि त्रिभुवन ने चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन के लिए जाने की बात कही तो वह भी पत्नी अमन, बेटा रामजी और बेटी परी के साथ तैयार हो गया।

चित्रकूट जाने के लिए संजीव नामक व्यक्ति की अर्टिगा कार बुक की गई। शनिवार शाम त्रिभुवन ने अपने साथी वीर सिंह और रामप्रसाद को बुला लिया। सभी लोग कार से रवाना हुए। रविवार रात त्रिभुवन ने राठ-उरई हाईवे पर कुम्हरिया गांव के पास सूरज का गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह चलती कार से कूद गया। इसके बाद सूरज के पुत्र शिवा उर्फ रामजी को गोहांड के पास फेंक दिया। बेटी परी और पत्नी अमन को लेकर भाग गए। कार सवारों ने अमन की गला दबाकर हत्या करने के बाद जरिया थाना क्षेत्र के रहंक बंबी के पास फेंक दिया। बेटी परी को औरेया में फेंक दिया। रविवार सुबह रामजी ने गोहांड के पास एक मंदिर में घटना की जानकारी पुजारी को दी। पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को अपने साथ लेकर उसके पिता सूरज यादव की तलाश की तो वह भी मिल गया। सोमवार सुबह पुलिस ने रहंक बंबी के पास खेत से महिला का शव बरामद किया।

# हम बंटे थे इसीलिए अयोध्या से कटे थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मीरजापुर में 127 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- 1500 से अधिक युवाओं को वितरित किया स्मार्टफोन व टैबलेट
- मत्स्य आहार प्लांट के लिए लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम और रामलला के नवनिर्मित मंदिर का उदाहरण देते हुए सवाल पूछा है कि ऐसी स्थिति क्यों हुई कि अयोध्या में 500 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा? रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था? उसका एक ही कारण है कि हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। इसलिए बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास व सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए।

योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मीरजापुर के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ रुपये की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 1500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किए। मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना की पहली क़िस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल की भी शुरुआत की।

### माफिया को प्रशासन करता था सैल्यूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो।

### अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे विपक्षी

योगी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति का खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब राज्य की विकास की नई धारा के साथ बढ़ रहा है तो यह फिर से अवरोध बनकर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

## एक नजर

### विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत 7 अक्टूबर तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी। खान की न्यायिक हिरासत की समय सीमा समाप्त होने पर उसे विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सितंबर को खान को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और जांच को बाधित कर सकता है।


### अवैध पटाखा फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बारूद बरामद

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के महुआ थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में बने हुए पटाखे, पोटाश और बारूद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि महुआ थाना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि ग्राम रुधावली में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के लिए बड़ी मात्रा में प्थाखों का निर्माण किया जा रहा है। महुआ थाना पुलिस ने इसकी सूचना समीप के अंबाह थाना पुलिस को भी दी। अंबाह और महुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम रुधावली में जाकर उक्त फैक्ट्री पर छापा मार करवाई की।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

## सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, कहा-अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना या डाउनलोड करना कानूनी अपराध घोषित किया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट को देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट और आईटी लॉ (सूचना एवं तकनीकी कानून) के तहत अपराध है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन ''जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस'' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी (चाइल्ड पोर्नोग्राफी ) शब्द की जगह संशोधित शब्दावली ''बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री'' (चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल) रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करें।

अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्तिजनक सामग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा।

दरअसल, एक मामले की सुनवाई में मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई पोर्नोग्राफी कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट न करना और इसकी शिकायत न करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने यह मामला खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद करते हैं और मामले को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली बदलने को लाया जाए अध्यादेश

तीन जजों की पीठ ने कहा कि संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली को चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के लिए से पॉक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।


# छत्तीसगढ़ में वज्रपात से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

**राजनांदगांव, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने (वज्रपात) से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गए। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गए। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई। उस वक्त गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे भोजन अवकाश पर मैदान में खेल रहे थे और वे बिजली की चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक व जिला शिक्षाधिकारी के साथ मेडिकल टीम गांव पहुंची और घायल बच्चों का उपचार शुरू किया।

- भोजनावकाश में स्कूल में खेल रहे थे बच्चे

# सुल्तानपुर डकैती का एक और आरोपी ढेर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- मारे गए बदमाश अनुज सिंह पर घोषित था एक लाख रुपये का इनाम
- सोमवार भोर में एसटीएफ लखनऊ व अचलगंज पुलिस से हुई मुठभेड़

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर जिले के एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को पड़ी डकैती में शामिल रहे दो बदमाशों की अचलगंज क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ से सोमवार भोर में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश अनुज प्रताप सिंह पर एक लाख रुपये का इनाम था।

सुल्तानपुर स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को दिनदहाड़े डकैती पड़ी थी। वारदात में शामिल रहे दो बदमाशों की लोकेशन एसटीएफ लखनऊ की टीम को उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में मिली थी। एसटीएफ ने उन्नाव पुलिस के साथ घेरने की योजना तैयार की। रविवार देर रात एसटीएफ व पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। बदमाश बाइक से भागने लगे। उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में बदमाशों का पुलिस से आमना-सामना हो गया। अपने को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के सिर में गोली लगी। दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। मारे गए बदमाश की पहचान अनुज प्रताप सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी गांव जनापुर थाना मोहनगंज अमेठी के रूप में हुई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुज की बहन मनीषा सिंह ने भाई को निर्दोष बताया। जो डकैती में शामिल थे सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। सजा देने का काम कोर्ट का है। मेरे भाई को विपिन सिंह और विनय शुक्ला ने फंसाया है। पिता धर्मराज सिंह ने कहा कि विपक्ष ने कहा था केवल जाति विशेष का एनकाउंटर सरकार करवा रही है। आज देख लीजिए ठाकुर का भी एनकाउंटर हो गया। जिन पर 35 से 40 केस हैं। उनका एनकाउंटर नहीं हो रहा है।

# खाली छोड़ी केजरीवाल की कुर्सी

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतिशी ने संभाला दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री पद का प्रभार
- कहा-भरत की तरह करेंगी मुख्यमंत्री पद का काम

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है।

### मुख्यमंत्री पद का अनादर : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि आतिशी एक खाली कुर्सी दिखाती हैं तो इसका मतलब वह अपने को मुख्यमंत्री नहीं मानती हैं। यह कृत्य मुख्यमंत्री पद और संविधान का अनादर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा आतिशी जी और अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लालू-राबड़ी मॉडल और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं।

# भारत में एमपॉक्स क्लेड-1 बी का पहला मामला मिला

**नई दिल्ली।** एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है। पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

- यूएई से केरल लौटे युवक में मिले लक्षण

सूत्रों ने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड-1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है, जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा है। सूत्रों ने बताया कि रोगी की हालत स्थिर है। यह इस स्वरूप का पहला मामला है। इस स्वरूप के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले महीने दूसरी बार एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया एमपॉक्स का एक मामला हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का था, जो इस महीने की शुरुआत में पश्चिमी अफ्रीकी 'क्लेड 2' स्वरूप से संक्रमित पाया गया था।

# तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धिकरण

तिरुमला, एजेंसी

## प्रसाद विवाद : मंदिर में किया गया शांति होम



मंदिर की रसोई में शुद्धि अनुष्ठान करते पुजारी।

तिरुमला मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट के परिप्रेक्ष्य में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सोमवार सुबह तिरुमाला मंदिर की यज्ञशाला में वैखानस आगम के सिद्धांतों के अनुसार मंदिर का शुद्धिकरण करते हुए 'शांति होम' किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी ने पवित्र समारोह के संपन्न होने के बाद बताया कि महा शांति होम का उद्देश्य बुरे प्रभावों को दूर करना, लड्डू प्रसादम और अन्य नैवेद्यम की पवित्रता को बहाल करना और श्रीवारी भक्तों का कल्याण करना है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र अनुष्ठान एक पाप-मुक्त अनुष्ठान है और इसके एक हिस्से के रूप में ऋत्विकों द्वारा वास्तु शुद्धि, कुंभजला संप्रोक्षण किया गया। भक्त लड्डू प्रसादम और नैवेद्यम की गुणवत्ता के बारे में अपनी आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक वेणुगोपाल दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह छह से दस बजे तक यज्ञशाला में संकल्पम, विश्वक्सेना आराधना, पुण्याहवचनम, वास्तु होम, कुंभ प्रतिष्ठा, पंचगव्य आराधना की गई।

### घी की आपूर्ति करने वाली कंपनी को दी नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगे थे और उनका परीक्षण किया था। इनमें से एक कंपनी के उत्पाद का नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढहा

पटना, एजेंसी



- प्रांत में हाल के दिनों में ढह चुके हैं एक दर्जन से अधिक पुल

बिहार में पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निर्माणाधीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों के ढहने की कड़ी में देखा जा रहा है।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने घटना के पीछे निर्माण कार्य में वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। हालांकि बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया कि घटना बियरिंग बदलने के दौरान हुई है जो एक नियमित अभ्यास है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के निर्माण की देखरेख बीएसआरडीसीएल कर रहा है। प्रबीन गुप्ता ने बताया कि खंभों पर गर्डर रखते समय उनमें से एक गिर गया।

# फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर के लिए नामित

**चेन्नई।** किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनिमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं। असमी फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से चुनाव किया।

# बजट 150 करोड़ का, केंद्र-राज्य का ड्रीम प्रोजेक्ट फिर भी बेपटरी

## कौशल विकास मिशन के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह, उप्र. के 2677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक निराश

अजय दयाल, लखनऊ

- लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित, लेकिन अभी अवसर नहीं
- दस लाख रुपये की एफडी सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने बेरोजगारी का संकट

**अमृत विचार:** लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये का बजट है, किंतु निर्धारित लक्ष्य नहीं। लगभग ढाई हजार प्रशिक्षण केंद्र हैं, लेकिन वहां भी सिर्फ सन्नाटा। लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित हैं, पर अभी अवसर नहीं। स्टार्टअप और ट्रेनिंग पार्टनर्स को भविष्य की चिंता सताने लगी है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में बेपटरी हो रहा है। जी हां, यह ड्रीम प्रोजेक्ट है कौशल विकास मिशन का। इसका प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर दिलाना या स्वरोजगार में मदद करने का है।

फिलहाल स्थिति यह है कि वर्ष 2024-25 में 01 अप्रैल से शुरु हुए सत्र में एक भी नयी ट्रेनिंग शुरु नहीं हुई। ऐसे में उप्र. के 2,677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक गहरी निराशा में हैं। सत्र 2022-23 में इन्हीं ट्रेनिंग सेंटर की संख्या 2,276 थी जिसमें 2023-24 में 400 की बढ़ोत्तरी हो गई थी। आईटीआई, और पॉलिटेक्निक सेंटर को छोड़ ऐसे निजी प्रशिक्षण केंद्र जो किराए पर हैं, उनके सामने आर्थिक संकट है। यही नहीं, दस लाख रुपये की एफडी जमाकर न्यू स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम पाने वाले सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने अब बेरोजगारी का संकट खड़ा होने वाला है। इनमें अधिकांश ऐसे हैं, जिन्होंने बैंकों से कर्ज लेकर दस लाख की एफडी मिशन में जमा की है। हालांकि 2022-23 और 2023-24 के सत्र उपलब्धि वाले रहे। उन सत्रों में क्रमशः 3.48 लाख पंजीकृत युवाओं में से 1.55 ने ट्रेनिंग ली और 97,286 को अलग-अलग क्षेत्रों में नियुक्ति भी मिल गई। इसके बाद 3.49 लाख युवाओं ने ट्रेनिंग हासिल करने को पंजीकरण कराया। इनमें से 2.23 ने प्रशिक्षण पूरा किया और 1.30 को रोजगार भी मिला।

### अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को लक्ष्य नहीं

वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए प्रशिक्षणदाताओं को लक्ष्य फरवरी 2022 में ही दे दिया गया था। इससे प्रशिक्षणदाताओं को तैयारी के लिए पर्याप्त समय भी मिल गया था और जिन लोगों ने किराए आदि प्रशिक्षण केंद्र बनाएं हैं, उन्हें भी पर्याप्त समय मिल गया था। वह बताते हैं कि इस बार अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को लक्ष्य नहीं दिया गया है।

> अभी हमें टारगेट नहीं मिला है, टारगेट मिलते ही ट्रेनिंग शुरु कर दी जाएगी। बजट की कोई समस्या नहीं है। संभवत: अगले माह इसके प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मूर्त रूप दे दिया जाएगा।
> –**अभिषेक सिंह**, मिशन निदेशक, कौशल विकास मिशन, उप्र.

# मालगाड़ी में आग लगाने का था मंसूबा

## ○ नोजल खोलकर रखा गया था 5 किलो वाला सिलेंडर ○ अंदेशा, रिसते-रिसते खाली हो गई होगी गैस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर से 35 किमी दूर महाराजपुर थानाक्षेत्र में स्थित प्रेमपुर रेलवे स्टेशन से 100 मीटर की दूरी पर लूप लाइन पर सिलेंडर रखकर मालगाड़ी को पलटाने की साजिश के मामले में सोमवार को एक नई बात सामने आई है। फोरेंसिक सूत्रों ने बताया कि जिस 5 किलो के सिलेंडर को ट्रैक पर रखा गया था उसका नोजल खुला हुआ था। अंदेशा यह जताया जा रहा है कि साजिशकर्ताओं ने भरे सिलेंडर की नोजल खोलकर तड़के ट्रैक पर सिलेंडर रखा होगा। जिससे टकराने पर निकलने वाली चिंगारी से धमाका हो जाए और आग लग जाए। सूत्र बताते हैं घटनास्थल पर बियर के केन, नमकीन के पैकेट, पानी और जूस की बोतल मिली है, उससे इस घटना में कई लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। सोमवार को भी सिविल पुलिस समेत अलग-अलग टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और जांच पड़ताल की।

जांच टीमें इस बात की जानकारी कर रही हैं कि साजिशकर्ताओं ने इस बार मेन लाइन को छोड़कर लूप लाइन को क्यों चुना। फोरेंसिक सूत्रों ने बताया कि एक्सपर्ट को सिलेंडर पर कुछ फिंगर प्रिंट मिले हैं जिन्हें संदिग्धों से मिलान करवाएंगे। फोरेंसिक को घटनास्थल से 200 मीटर आगे और पीछे मिट्टी में फुटप्रिंट भी मिले हैं।



घटनास्थल पर जांच करते डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव। अमृत विचार

### रेलवे कर्मियों और गांव वालों से पूछताछ


- **कानपुर।** सोमवार दोपहर डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और ट्रैक का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद ट्रैक किनारे-किनारे जांच करते हुए प्रेमपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां रेलवे कर्मियों से पूछताछ की। यहां रुकने वाली चारों पैसेंजर ट्रेनों के बारे में पूछा। उनके साथ आरपीएफ व स्थानीय पुलिस थी। सोमवार शाम जीआरपी, आरपीएफ व पुलिस की टीमों ने प्रेमपुर व बड़ागांव में ऐसे सभी दुकानदारों के घरों की तलाशी ली जो ठेलों पर छोटे सिलेंडर रखते हैं। प्रेमपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे गए। घटनास्थल के आसपास व दोनो गांवों के पास काम करने वाले मजदूरों से भी पूछताछ हुई।

### साजिशकर्ता हाईवे किनारे ट्रैकों को ही चुन रहे

- साबरमती एक्सप्रेस, फर्रुखाबाद में स्पेशल पैसेंजर, शिवराजपुर में कालिंदी एक्सप्रेस और अब प्रेमपुर में मालगाड़ी को डिरेल करने की साजिश में एक बात साफ है कि साजिशकर्ताओं ने हाईवे किनारे ट्रैकों को चुना है। तीनों घटनाओं में एक गांव से दूसरे गांव को जाने के लिए ट्रैक से ही चोर रास्ता मिला है।

### स्टेशन से आना सबसे ज्यादा आसान

- पुलिस की अब तक की जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि जहां पर सिलेंडर रखा मिला वहां पर प्रेमपुर स्टेशन से पहुंचना ज्यादा आसान है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह के अनुसार घटनास्थल पर कोई सीसी टीवी न होने के कारण दिक्कत आ रही है। यहां पर सब मेनुएल इंटेलीजेंस से काम करना है।



मालगाड़ी के आगे ट्रैक पर रखा सिलेंडर।

### सिलेंडर को लेकर घरों में पूछताछ

- पुलिस टीम ने आसपास के 35 घरों में सिलेंडर को लेकर पूछताछ की। पुलिस ने आठ संदिग्धों को रविवार को पूछताछ के लिए उठाया था। उनसे पूछताछ जारी है।

### गैस एजेंसी वालों से मांगा रिकार्ड

- गैस एजेंसी वालों से भी संपर्क किया गया है। उसने पूछा गया है कि मैजिक शब्द लिखे सिलेंडर के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि वह हाल फिलहाल कहां कहां सप्लाई हुए थे। सूत्रों ने बताया कि गैस एजेंसी संचालकों ने बताया कि यह बहुत मुश्किल है।

# चंदारी से प्रेमपुर तक ट्रैक अतिसंवेदनशील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● आसपास गांवों के प्रधानों से संपर्क किया, नियमित पेट्रोलिंग शुरू

**अमृत विचार।** जीआरपी ने बड़ा गांव, प्रेमपुर बस्ती के लगभग 16 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जीआरपी ने चंदारी से प्रेमपुर तक अतिसंवेदनशील ट्रैक घोषित किया है।

सोमवार को जीआरपी ने बड़ा गांव के प्रधान से भी बात की। जीआरपी ने पूछताछ के उपरांत 16 में से 12 लोगों को छोड़ दिया जबकि चार लोगों से अभी पूछताछ की जा रही है। आरपीएफ प्रभारी बीपी सिंह ने सेंट्रल के चौतरफा अपने कार्य सीमा के ट्रैक की दिन में गश्त तो रात में पेट्रोलिंग शुरू करा दी है। पुलिस की जांच का केंद्र बिंदु नशेबाज भी हैं जो वहीं पर खुले शराब ठेके पर रोज आकर पैग लगाते हैं। रेलवे पुलिस ने ऐसे 56 लोगों की सूची बनाई है। इनसे पूछताछ होगी।



### सिलेंडर में रेग्यूलेटर था पर ऑन-आफ का बटन नहीं

- रेलवे पुलिस की जांच में पता चला है कि जो खाली सिलेंडर वहां पर मिला था, उसमे रेग्यूलेटर तो लगा था पर गैस को ऑन-आफ करने को लगने वाला काला बटन गायब था। पुलिस दो किमी. की दूरी पर खुली गैस एजेंसी के गोदाम में भी जाकर पूछताछ की पर ये छोटे सिलेंडर का कोई रिकार्ड नहीं होता है, इस वजह से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है।

### 220 मीटर दूरी पर शराब ठेका, सेल्समैन से पूछताछ

- घटनास्थल से कोई 220 मीटर दूरी पर देशी शराब का ठेका है। रेलवे पुलिस ने वहां के सेल्समैन से नशेड़ियों के बारे में जानकारी ली है। एक निर्माण एजेंसी के मजदूर भी वहां पर डेरा डाले हैं। इनसे भी घटना के बारे में जानकारी हासिल की गई है।

# 1 लाख बच्चों को जल्दी ही अक्षय पात्र से मध्याह्न भोजन

**कानपुर।** स्कूलों में बेहतर मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए 14 करोड़ रुपये की अक्षय पात्र योजना के जरिए अगले सत्र तक लगभग 1 लाख बच्चों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

फिलहाल अक्षयपात्र सुविधा से शहर के 6 हजार स्कूली बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। पनकी के कपली गांव में लगे इस प्रोजेक्ट में अत्याधुनिक मशीनों से भोजन बनाया जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रोजेक्ट के तहत उपभोग प्रमाणा पत्र मांगा है। यह प्रमाण पत्र मिलने के बाद प्रोजेक्ट के लिए बकाया बजट पास होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि अक्षयपात्र योजना के तहत शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में भोजन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया गया है। 6 हजार बच्चे लाभांवित हो रहे हैं। अगले सत्र से इस प्रोजेक्ट के तहत जिले में लगभग 1 लाख बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने की क्षमता विकसित हो जाएगी। अक्षयपात्र रसोई में स्कूली बच्चों के लिए भोजन अत्याधुनिक मशीनों से तैयार किया जाता है। रसोईघर में रोटी बनाने की मशीन एक घंटे 3 हजार रोटियां बनाने में सक्षम है। सब्जी बनाने की मशीन की क्षमता एक घंटे में 3 सौ किलोग्राम सब्जी तैयार करने की है। चावल और दाल तैयार करने की मशीन से एक घंटे में 2 सौ किलो दाल-चावल तैयार हो सकता है।

# पहली छिपाकर महिला अधिवक्ता से की दूसरी शादी, अब धमका रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● जाजमऊ थानाक्षेत्र का मामला, आरोपी पर चेन्नई में भी दर्ज है मामला

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में आरोपी ने अपनी पहली शादी को छिपाकर महिला अधिवक्ता से दूसरी शादी कर ली। पता चलने पर पीड़िता ने उसे संबंध विच्छेद कर लिए तो आरोपी धमका रहा है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जाजमऊ निवासी पीड़िता इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता है। उनके अनुसार अगस्त 2023 में उन्होंने चेन्नई के पुरसाइवलक्म सुंदरम लेन निवासी इम्तियाज हुसैन सिद्दीकी से कोर्ट मैरिज की थी। जिसके बाद उन्हें आरोपी के पहले से शादीशुदा होने और परिवार होने की जानकारी हुई। इसके बाद आपसी सहमति से फरवरी 2024 में संबंध विच्छेद कर लिया। जिसके बाद पीड़िता प्रयागराज आ गई और हाईकोर्ट में वकालत शुरू कर दी। आरोप है, कि आरोपी लगातार उन्हें और परिजनों को फोन कर धमकाता है। 14 सितंबर को वह लालबंगला गई तो आरोपी ने उन्हें सरेराह मारपीट की। पुलिस के आने पर वह अपने घर जा सकी। परिवार को जान से मार देने और बेटी का अपहरण कर लेने की धमकी भरे मैसेज भेजे। आरोपी पर चेन्नई में भी मुकदमा दर्ज है। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आरोपी इम्तियाज हुसैन पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# दो बदमाशों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

**कानपुर।** ग्वालटोली पुलिस ने कटरी क्षेत्र में हत्या का प्रयास करने वाले दुबे चन्द्र उर्फ दुबे निवासी ग्राम दिवनीपुरवा और बलात्कार के आरोपी बदमाश शैवाल भारती के खिलाफ पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी के अनुमोदन पर हिस्ट्रीशीट खोली है। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाशों से क्षेत्रीय लोग काफी परेशान थे। ग्वालटोली थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि दुबे चन्द्र व शैवाल पर ग्वालटोली थाने में 7-7 मुकदमे दर्ज हैं।

# सीएसए में आज से किसान मेला और प्रदर्शनी लगेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसए विवि में 24 से दो दिवसीय किसान प्रदर्शनी लगेगी। किसानों को उन्नत खेती से जुड़े उत्पादों को परखने का मौका मिलेगा। किसानों को उन्नत बीज भी आकर्षित करेंगे।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से अखिल भारतीय किसान मेला आयोजित किया जा रहा है। निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव ने बताया कि मेले में किसानों को रबी फसलों से संबंधित बीजों की भी उपलब्धता रहेगी। मेले में विशेषज्ञ खेती के बारे में किसानों की समस्याओं का समाधान भी कर सकेंगे। रबी फसलों से संबंधित बीजों के बारे में भी बताया जाएगा। विश्वविद्यालय के मुख्य भवन के सामने परिसर में लगने वाले इस मेले में गैर सरकारी संस्थाओं, आईसीएआर, सरकारी, अर्द्ध सरकारी एवं कृषि अनुसंधान संस्थानों के भी स्टॉल लगाए जाएंगे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए मिला अनुदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रदेश सरकार की ओर से सीएसजेएमयू को दिया गया अनुदान
- शिक्षक अपने-अपने विषय में बेहतर अनुसंधान कार्य कर सकेंगे

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की ओर से छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) को 6 नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए अनुदान की स्वीकृति मिल गई है। इससे विवि में बेहतर शोध कार्य हो सकेगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विवि में शोध की नई संस्कृति विकसित हो रही है। नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से सम्बन्धित शिक्षक अपने-अपने विषय में बेहतर अनुसंधान कार्य करेंगे। हाल में यूपी के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों की ओर से शासन को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए आवेदन किए गए थे। इसे उत्तर प्रदेश शासन ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत प्रो सुधांशु पांड्या को 4 लाख 20 हजार, डॉ. मानस उपाध्याय को 5 लाख 10 हजार रुपये, डॉ. प्रशांत त्रिवेदी को 4 लाख 80 हजार रुपये, डॉ तनुजा भट्ट को 5 लाख 20 हजार, डॉ पंकज द्विवेदी को 3 लाख 75 हजार और डॉ गोपाल सिंह को 4 लाख 40 हजार की धनराशि की संस्तुति सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए की गई है। चयनित शिक्षकों के माध्यम से किए जाने वाले अध्ययन के बाद प्राप्त सभी सुझावों व निष्कर्षों की एक विस्तृत रिपोर्ट उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा उच्च परिषद, उत्तर प्रदेश शासन को भेजी जाएगी।

# टेनरी संचालक से मारपीट, कार लूट का आरोप

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में एक टेनरी संचालक ने पुराने मुकदमे में समझौता नहीं किया तो आरोपियों ने उसे सड़क पर मारपीटा। पीड़ित ने आरोपियों पर कार लूटने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर, मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर शिकायत की है।

मखदूम नगर निवासी मोहम्मद आजाद खान के अनुसार उन्होंने एक टेनरी संचालक वासिफ पर उनकी टेनरी में लगा प्लांट काटकर बेच देने का आरोप लगाकर जाजमऊ में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद से आरोपी लगातार उनपर समझौता कर लेने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है, कि 17 सितंबर को वह कचहरी से घर की तरफ जा रहे थे। तभी डिफेंस कॉलोनी में सज्जाद, उसके साढ़ू समेत अन्य साथियों ने रोककर समझौता करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर के पुराने स्वरूप को लौटाने में जो आवश्यकता होगी उसमें हम लोग मिलकर करेंगे। जब उद्योग ही नहीं रहेंगे तो सरकार की मंशा के अनुरूप रोजगार कहां से सृजन होगा। राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के क्षेत्रीय निदेशक रजत शर्मा ने ये बात कही। इस अवसर पर गाय गंगा ग्राम उद्योग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

सोमवार को उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग महासंघ व कानपुर गौशाला समिति के संयुक्त तत्वावधान में महफिल रेस्टोरेंट सिविल लाइंस में समग्र विकास में गाय गंगा ग्राम उद्योग की सहभागिता पर संगोष्ठी आयोजित की गई। डॉ. कमल टावरी पूर्व सचिव भारत सरकार एवं पंचगव्य विद्यापीठ विश्वविद्यालय चेन्नई ने अध्यक्षता की। पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्र, सुबोध अग्रवाल द्वारा कुलपति को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गौ सेवा क्षेत्र में पुरुषोत्तम लाल तोषनीवाल, पंडित राम जी त्रिपाठी, सुरेश गुप्ता आदि को सम्मानित किया गया। गोल्डी मसाले के निदेशक सुरेंद्र गुप्ता ने आश्वासन दिया कि जो गुणवत्ता वाले ऑर्गेनिक खेती से मसाले उत्पादित होंगे उनको हमारा संस्थान खरीदेगा। उन्होंने कहा कि कानपुर के विकास के ढांचे को ठीक करना होगा। कानपुर को कभी मैनचेस्टर से संबोधित किया जाता था लेकिन आज उद्योगों व मिलन का स्वरूप खंडहरों में परिवर्तित हो गया है। कानपुर उत्पादकता परिषद बनाने का निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के सदस्य राजीव द्विवेदी, डॉक्टर अरुण मेहता पूर्व विधायक कालपी, श्री कृष्ण गुप्ता, बब्बू, रमेश मिश्रा, राम प्रकाश शुक्ला, ताराचंद आदि मौजूद रहे।





रिटायर्ड आईएएस कमल टावरी का सम्मान किया गया। अमृत विचार

**हेल्थ जोन** गठिया समझकर इलाज कराने वाले हुए गंभीर बीमार और लाचार, मेडिकल कॉलेज की मेडिसिन ओपीडी से मिला आराम

# जोड़ों में दर्द का मर्ज किडनी और दिल तक पहुंचा

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** आम तौर पर लोग हाथ-पैर या जोड़ों में होने वाले दर्द को गंभीरता से नहीं लेते हैं। लेकिन यह दर्द 5 से 8 साल में पीड़ित व्यक्ति के जोड़ों से आगे बढ़कर न सिर्फ फेफड़े, किडनी और मांसपेशियों से लेकर हृदय तक पर असर डालना शुरू कर देता है, बल्कि चलने-फिरने से लाचार बना देता है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में हैलट अस्पताल की स्पेशल ओपीडी (6 नंबर) में डॉ. आरके वर्मा के पास रोज 10 से 12 ऐसे मरीज आते हैं, जिनको इम्यून सिस्टम के चलते जोड़ों के दर्द से शुरू होकर धीरे-धीरे समस्या शरीर के अन्य अंगों तक पहुंच चुकी होती है।

अधिकतर मामलों में देखा गया कि जोड़ों का दर्द होने पर डॉक्टरों ने बीमारी की ठीक से जांच-पड़ताल नहीं की और गठिया की दवा चला दी।

नतीजतन मरीजों की समस्या और अधिक बढ़ गई। कई मरीज ठीक से चलना-फिरना तो दूर अपने हाथ से खाना खाने और पानी का गिलास उठाने तक को मोहताज हो गए। त्वचा का रंग बदलने लगा और अंगुलियां खराब होने लगी। डॉ.आरके वर्मा ने बताया कि ऐसे तमाम मरीज ठीक होने पर अन्य लोगों को जागरूक कर इलाज के लिए भेज रहे हैं। स्पेशल ओपीडी में रूमेटाइड अर्थराइटिस व सिस्टमिक स्क्लेरोसिस की बीमारी से ग्रस्त मरीजों को लाभ मिल रहा है, जो इम्यून डिजीज से ग्रस्त है।



मरीजों को देखते डॉ.आरके वर्मा व साथ में जेआर। अमृत विचार

**केस 01** कल्यानपुर निवासी नीरजा यादव (45) ने बताया कि 4 साल पहले कंधे, जोड़ों, अंगुली फिर पूरे शरीर में दर्द की समस्या शुरू हुई थी। धीरे-धीरे कंधा जाम और वजन कम होने लगा। पूरे शरीर में सूजन आ गई। आधा दर्जन से अधिक डॉक्टरों से परामर्श लिया, लेकिन आराम नहीं मिला। आयुर्वेदिक दवाएं भी बेअसर रहीं। मार्च 2024 में वह हैलट की स्पेशल ओपीडी में पहुंची। अब पहले से काफी आराम है। शरीर स्वस्थ है।

**केस 02** औरैया के सल्लापुर निवासी सीमा (48) ने बताया 10 साल पहले हाथ व पैरों में दर्द के साथ सीने में जलन की समस्या हुई। खाना-खाने में दिक्कत, कुछ भी खाने पर उल्टी, शरीर में सूजन, सर्दियों में हाथ नीले पड़ने और यहां तक अंगुली खराब होने लगी। कई अंगों में सूजन हो गई। इटावा, लखनऊ, दिल्ली के एक दर्जन डॉक्टरों से परामर्श लिया, लेकिन आराम नहीं मिला। जुलाई 2023 में हैलट में दिखाने पर आराम मिलना शुरू हुआ। अब वह खुद से दैनिक काम करने लगी हैं।

### स्वस्थ कोशिकाओं को मान लेते दुश्मन

- शरीर में इम्यून सिस्टम की वजह से समस्या बढ़ने की स्थिति को ऑटोइम्यून डिजीज कहा जाता है। यह शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं को ही दुश्मन मानकर क्षति पहुंचाती है। जबकि प्रतिरक्षा प्रणाली या इम्यून सिस्टम शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करता है। ऑटोइम्यून डिजीज से जोड़ों के साथ फेफड़े, त्वचा, मांसपेशी, किडनी व हृदय रोग की समस्या होने लगती है। यह समस्या अनुवांशिक और पर्यावरण कारणों से भी होती है।

# नई वंदेभारत का नियमित संचालन शुरू हुआ

**कानपुर।** बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था जिसमें आगरा कैंट -वाराणसी के मध्य वंदेभारत एक्सप्रेस भी शामिल थी। सोमवार को इस ट्रेन का नियमित संचालन शुरू हो गया। पहली बार कानपुर सेंट्रल स्टेशन ये ट्रेन पहुंची तो सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी एवं उनकी टीम ने यात्रियों पर पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया।

सेंट्रल स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 5 पर ये ट्रेन आई और निर्धारित समय 9.20 मिनट पर प्रस्थान किया। इस गाड़ी से आगरा कैंट से कानपुर कुल 24 यात्रियों ने यात्रा की जबकी 65 यात्रियों ने प्रयागराज एवं वाराणसी के लिए अपना टिकट आरक्षित कराया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मै सूचित करना चाहती हूँ कि गरिमा शुक्ला व गरिमा त्रिपाठी दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में मुझे **गरिमा शुक्ला पत्नी अरुण कुमार त्रिपाठी निवासी -मो0 शेखर कालोनी हरदोई** के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
पहले मेरा नाम RAIS AHAMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD RAEESH AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O:MAKBOOL, VILL -SEUR CHAMURKHA, POST- KUREBHAR THANA-KUREBHAR,SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228151

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **माता प्रसाद सिंह पुत्र स्व0 प्रताप सिंह मौजा-जगदीशपुर, पोस्ट-बौरिहा पर0महादेवा तहसील तरबंगज वारिहाता ग्राम-पूरे पेदी शिवा वक्तावर पोस्ट बुधईपुरवा, परगना तहसील जिला-गोण्डा,** मैने अपने बड़े पुत्र मलखान सिंह पुत्र माता प्रसाद सिंह का चाल- चलन ठीक नहीं है वह आपराधिक किस्म का होने के कारण अपना पारिवारिक रिश्ता समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे एनटीपीसी सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम ताहिरा और जन्मतिथि 01/07/1968 अंकित है , जो अपूर्ण और अशुद्ध है ।जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम ताहिरा खातून और जन्मतिथि 15/03/1972 दर्ज है , जो पूर्ण और सही है । अतः सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का सही नाम ताहिरा खातून और जन्मतिथि 15/03/1972 दर्ज किया जाए । **इस्तिखार अहमद पुत्र अब्दुल वहाब निवासी - वार्ड नंबर 10 , भीतरी गांव , नगर पंचायत ऊंचाहार - रायबरेली**

**सूचना**
सूचित हो कि **जमील अहमद** (JAMIL AHAMAD) **पुत्र हाजी अब्दुल रज्जाक, निवासी- मोहल्ला मिर्जागंज, कस्बा व परगना व तहसील- मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरी पुत्री रमशा जमील (RAMSHA JAMEEL) के विद्यालय के अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश जमील अहमद (JAMIEL AHMAD) दर्ज हो गया है जो कि गलत है, मेरा सही नाम जमील अहमद (JAMIL AHAMAD) है। अतः मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम संशोधन कर जमील अहमद (JAMIL AHAMAD) दर्ज किया जाये ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मोहम्मद इदरीश खाँ पुत्र स्व0 रफी खॉ निवासी-हाता हजरत साहब मोहल्ला काकोरी लखनऊ** मेरी पुत्री MEHVISH KHAN के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम त्रुटिवश KAUSER के स्थान पर QAUSER KHAN नाम अंकित हो गया है जो कि सत्य व सही है। अतः मेरी पुत्री की माता का नाम QAUSER KHAN के स्थान पर KAUSER KHAN पढा व समझा जाये तथा पुत्री की माता का नाम समस्त दस्तावेजो मे QAUSER KHAN के स्थान पर KAUSER KHAN नाम संशोधित कर अंकित किया जाय।

**NOTICE**
We, Sudipto Banerji and Monica Banerji, Directors of AdvantageSB Communications Private Limited, located at 1605, Rupa Solitaire, MBP, Mahape, Navi Mumbai 400710, Registered at 406, Drosia Apartment, Chandganj Garden Lucknow hereby declare that we have no business relationship with Mr. Alok Mukherjee, residing at Hauz Khas, New Delhi, or with Incite Infotech Private Limited, located at 208, 2nd Floor, Triveni Complex, E 10-12, Jawahar Park, Laxmi Nagar 110092, New Delhi, India. Any individual or organization engaging with them on matters related to us or our company does so at their own risk. Please consider this notice as a formal statement of our separation.

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम संजय कुमार संजू पुत्र रामाधर के नाम से जाना जाता है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।- **संजय कुमार संजू, पुत्र रामाध, ग्राम व पो0 सदरपुर, सीतापुर, उ0प्र0, मो0-93699586674**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD FAROOQ KHAN था अब मैं आपना नाम बदलकर FAROOK KHAN रख लिया हूँ अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।- **फारुक खान मोहल्ला बजार, रौनाही- अयोध्या**

**सूचना**
गाटा संख्या की संपत्ति भूमि के संबंध में पारुल मल पुत्र दादूमल द्वारा कन्हैया लाल जावरानी, चंद्र नाथ लेवरानी और सेवक राम जावरानी और लाल चंद्र जावरानी के पक्ष में निष्पादित मूल विक्रय पत्र। 849बीए, सिविल लाइंस हरदोई, परगना बांगर (अंदर नगर पालिका), तहसील और जिला हरदोई में स्थित है, जो विधिवत उप-रजिस्ट्रार सदर, जिला हरदोई के कार्यालय में बुक नंबर के तहत पंजीकृत था। 1, वाल्यूम नं. 515, पृष्ठ 181/182, दस्तावेज् संख्या। 1326, दिनांक 16.09.1966. उपरोक्त कागजात घर से दुकान तक परिवहन के दौरान खो गये थे।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अर्चना कपूर मेरे प्रापर्टी के कागज जिसकी गाटा सं0-849Ba है जो कि सिविल लाइन हरदोई परगना बंगर (नगर पालिका के अन्तर्गत) तहसील एवं जनपद हरदोई में स्थित है और सब-रजिस्ट्रार सदर हरदोई के कार्यालय में बुक नं0-1, वैल्यूम नं0-515, पृष्ठ सं0-181/182, प्रपत्र सं0-1326 दिनांक-16.09.1966 में अंकित है। वास्तव में खो गये है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस कृतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। - **सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी- ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**

**सूचना**
मेरे शैक्षिक प्रमाणपत्रों में मेरा नाम अखिलेश कुमार पुत्र बृजपाल है। जबकि आधार पैन कार्ड पासपोर्ट में अखिलेश शर्मा पुत्र बृजपाल शर्मा दर्ज है। मुझे अखिलेश शर्मा के नाम से जाना जाए । अखिलेश कुमार व अखिलेश शर्मा एक ही व्यक्ति है। **अखिलेश शर्मा पुत्र बृजपाल शर्मा, निवासी मानिकपुर मोड सेंट्रल बैंक के पास इटावा**

**NOTICE**
Original sale deed executed by Parul, Mal S/O Dadumal, in favour of Kanhaiya Lal Javrani, Chandra Nath levrani & Sevak Ram Javrani & Lal Chandra Javrani, in respect of the property land of Gata no. 849Ba, Situated at Civil Lines Hardoi, Pargana Bangar (Andar Nagar Palika), Tehsil & District Hardoi, which was duly registered in the office of the Sub-Registrar Sadar, District Hardoi, Vide Book no. 1, Volume no. 515, Pages 181/182, Document no. 1326, dated 16.09.1966.The above papers were lost during transit from home to shop

**आज का मौसम**

हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है किन्तु वर्षा की कोई सम्भावना नहीं हैं।

| 35.2° | 25.4° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 58 | सूर्यास्त 06 :03 |

**एक नजर**

### 25 को आएंगे केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल

**कानपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर को केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल कानपुर आएंगे। वह पत्रकार वार्ता करेंगे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि सीसामऊ विधानसभा के बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती में पुष्पांजलि करते हुए भाजपा के सदस्यता अभियान में भाग लेंगे।

# जनता की राय से शहर का विकासः सांसद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सांसद रमेश अवस्थी ने सुझाव पेटिकाओं में मिली लोगों की राय पर शुरू कराया काम

**अमृत विचार।** सांसद रमेश अवस्थी की ओर से विकास के लिए नगर निगम, केडीए व अन्य स्थानों पर लगवायी गयीं सुझाव पेटिकाओं में आये सुझावों पर काम शुरू हो गया है। उनका कहना है कि लोगों की राय के अनुसार विकास होगा। सांसद ने कहा कि विजन 2051 का ड्राफ्ट केडीए तैयार कर रहा है।

इसमें जनता की राय अति आवश्यक है। उन्होने कहाकि शहर में जलभराव, टूटी सड़कों, प्रदूषण की रोकथाम और आवासीय क्षेत्र की दिक्कतें बताकर लोगों ने सुझाव दिये हैं। समस्याओं और उसके निदान को सूचीबद्ध करके संबंधित विभागों को भेजा जायेगा। जो सुझाव विजन 2051 के ड्राफ्ट में शामिल होने योग्य होंगे, वह केडीए को दिये जायेंगे।

### कान्वेंट जैसे बनेंगे नगर निगम के स्कूल

■ सांसद ने नगर निगम के स्कूलों को कान्वेंट जैसा बनाने तथा अस्पतालों के पुर्नजीवन की भी पहल की है। उन्होंने बताया कि मलिन बस्तियों के उत्थान, गरीबों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में कान्वेंट स्कूल जैसी शिक्षा मिल सके तथा लोगों को मोहल्ले में ही इलाज की सुविधा मिले, इस पर काम किया जा रहा है। नगर निगम के स्कूलों के साथ ही प्राथमिक स्कूलों की स्थिति को भी बेहतर बनाया जाएगा।

# वीडियो जारी कर फफक पड़े राष्ट्रीय महासचिव

**कानपुर।** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दी ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुसलमानों के नाम पैगाम देते हुए एक वीडियो जारी किया है, जिसमे वह कई बार फफक पड़े और कहा कि मुसलमान आज बुराइयों में लगा है। जिससे उसपर तमाम परेशानियां आ रही हैं, मस्जिदों को आबाद करो, परेशानी अपने आप खत्म हो जायेगी।

मौलाना ने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वे नमाज की तरफ चल पड़ें और मस्जिदों को फुल कर दें। मौलाना ने नसीहत देते हुए कहा कि सामूहिक तौर पर अव्वल आखिर 100 बार दरुद शरीफ पढ़ें और लाहौल विला कूवअत भी 500 बार जरूर पढ़ें।

# आधी से ज्यादा आधी आबादी को एनीमिया

**नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर में 57 फीसदी महिलाओं व 46 फीसदी से ज्यादा गर्भवतियों में हीमोग्लोबिन कम
- मंडल में कन्नौज का हाल सर्वाधिक खराब, दो तिहाई महिलाएं रक्त अल्पता से पीड़ित

**अमृत विचार।** नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 की रिपोर्ट के मुताबिक शहर में 15 से 49 वर्ष की 57 फीसदी महिलाएं व 46 फीसदी से ज्यादा गर्भवती एनीमिया (खून की कमी) की शिकार हैं। यह चिंताजनक स्थिति तब है, जबकि महिलाओं व किशोरियों में हीमोग्लोबिन का स्तर जांचकर दवाओं की सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों व आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध है। डॉक्टरों ने इसके लिए महिलाओं में जागरुकता बढ़ाने को कहा है।

कानपुर मंडल में महिलाओं में एनीमिया दर कन्नौज में सर्वाधिक दर्ज की गई है। यहां 65.2 फीसदी महिलाएं और 66.4 फीसदी गर्भवती एनीमिया से पीड़ित हैं। डॉक्टरों के अनुसार इसका मुख्य कारण कुपोषण के साथ ही महिलाओं द्वारा खानपान ध्यान नहीं देना, फॉस्ट फूड का अधिक सेवन करना और अनियमित जीवनशैली है। किशोरावस्था से ही खानपान पर ध्यान न देने से महिलाओं में खून की कमी बढ़ रही है।

### चिंता और तनाव से भी होती खून की कमी



■ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल ने बताया कि छोटी-छोटी बातें सोचने और अधिक समय तक तनाव में रहने से किशोरियों व महिलाओं के शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है, इससे भी शरीर में खून की कमी हो जाती है। फॉस्ट फूड सेवन से शरीर में पर्याप्त मात्रा में खून नहीं बनता है। सभी सरकारी अस्पतालों व उपकेंद्रों पर महिलाओं व किशोरियों के लिए आयरन, कैल्शियम व विटामिन की दवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। रक्त जांच की भी सुविधा है।

### इस तरह कर सकते बचाव



■ केओजीएस की अध्यक्ष डॉ.कल्पना दीक्षित ने बताया कि मैदा युक्त भोजन के सेवन से किशोरी व महिलाओं में एनीमिया की समस्या बढ़ी है। बचाव के लिए गुड़ व चना का सेवन करना चाहिए। आयरन व कैल्शियम की दवा भोजन के 2 घंटे बाद लें। पौष्टिक आहार, मोटा अनाज, हरे-पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें। 2 बच्चों के बीच कम से कम 3 साल का अंतर रखें।

**एनीमिया पीड़ित महिलाएं**

| जिला | 15 से 49 वर्ष | गर्भवती |
|---|---|---|
| कन्नौज | 65.2 | 66.4 |
| इटावा | 57.4 | 51.9 |
| फर्रुखाबाद | 57.5 | 47.7 |
| कानपुर नगर | 57.0 | 46.3 |
| कानपुर देहात | 54.9 | 60.2 |
| औरैया | 39.1 | 42.1 |

(आंकड़े प्रतिशत में)

# न्यू कानपुर सिटीः 11 किसानों को 8.5 करोड़

❍ योजना में बढ़े कदम, दिवाली से और मिलेगी जमीन ❍ 20 और किसानों ने जमीन देने को दी सहमति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



किसानों को डिमांड ड्राफ्ट देते केडीए के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केडीए की बहुप्रतिष्ठित न्यू कानपुर सिटी योजना 2025 में धरातल पर उतर सकती है। केडीए योजना के लिये जमीनों का अधिग्रहण लगातार कर रही है। केडीए ने 11 और किसानों से 1.39 हेक्टेयर जमीन खरीद ली है। वहीं, 20 किसानों से 2.05 हेक्टेयर जमीन को केडीए के पक्ष में लेने के लिये सहमति पत्र ले लिया है।

केडीए के पास 3.5 हेक्टेयर जमीन और आने से अब योजना के लिये कुल अधिग्रहित जमीन 65.5 हेक्टेयर हो गई है। 88.5 जमीन का अधिग्रहण बाकी है। केडीए के अधिकारियों के अनुसार दिवाली से पहले कई और किसानों से जमीन केडीए के पक्ष में दर्ज कराई जाएगी। अगले वर्ष योजना को धरातल पर उतारा जायेगा।

केडीए ने 11 काश्तकारों से लगभग 1.39 हेक्टेयर भूमि को केडीए के पक्ष में क्रय किया। केडीए ने सर्किल दर के 4 गुना मूल्य अधिक आठ करोड़ 45 लाख 63 हजार काश्तकारों को दिये। विशेष कार्याधिकारी भूमि बैंक डॉ. रवि प्रताप सिंह, डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि 20 काश्तकारों द्वारा सहमति के आधार पर कुल रकबा 2.05 हेक्टेयर जमीन के लिये सहमति ले ली गई है।

शेष जमीन के लिए तहसीलदार, अमीनों की टीम लगायी है। जो केडीए परिसर, सिंहपुर स्थित केडीए ग्रीन्स कार्यालय में बैठ रहीं हैं। जिनसे किसान जानकारी ले सकते हैं। केडीए ने चरण वार प्लाटिंग और विकास कार्य कराने की योजना भी बना ली है। इसके साथ ही पार्क, मॉल, मल्टीप्लेक्स, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, सामुदायिक केंद्र की सुविधाएं भी मिलेंगी। योजना की शुरुआत चार गांव सिंहपुर, हिंदूपुर, गंगपुर चकबदा और संभरपुर की 153 हेक्टेयर जमीन से की जाएगी। इन चारों गांव की करीब अब तक 64.5 हेक्टेयर जमीन केडीए अर्जित कर चुका है। इसमें करीब 8 हेक्टेयर ग्राम समाज की भूमि भी मिल चुकी थी।

**153** हेक्टेयर जमीन पर है प्रस्तावित

**65.5** हेक्टेयर जमीन केडीए को मिली

**08** हेक्टेयर ग्राम समाज की भूमि ली

**04** गुना अधिक मूल्य सर्किल रेट से दिया

### शासन को भेजा जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव

केडीए ने जिला प्रशासन के माध्यम से न्यू कानपुर सिटी योजना के लिए चिन्हित शेष जमीन अधिग्रहित करने का प्रस्ताव शासन भेजा है। सोशल इंपैक्ट असिसमेंट (एसआईए) के लिए एजेंसी चयनित की जा रही है। एजेंसी तय होने और शासन से हरी झंडी मिलते ही अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी हो सकती है। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि नये अधिनियम 2013 के तहत प्रशासन की मदद से जमीन ली जायेगी।

# पिता ने बेटे को बेल्ट से गला कस कर मार डाला

**कल्याणपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के काशीराम कॉलोनी में नशेबाज ऑटो चालक बेटे से तंग उसके पिता ने बेल्टो से पिटाई करने के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी।

कांशीराम कॉलोनी निवासी रोहित कुमार (22) ऑटो चालक था। शुक्रवार रात नशे में धुत रोहित पिता रंजीत के साथ गाली गलौज और हाथापाई करने लगा। रंजीत ने रोहित को बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया। बेल्ट से गला घोंटकर रोहित को मौत के घाट उतार दिया। शनिवार सुबह पुलिस को फोन कर बताया कि अत्यधिक शराब पीने से उनके बेटे रोहित की मौत हो गई है।

इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद चौकी इंचार्ज रतनपुर की तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रंगदारी मामले में पुलिस ने लगाई फाइनल रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुनवाई के दौरान नजीराबाद पुलिस ने कोर्ट में दाखिल की रिपोर्ट
- पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष समेत 18 नामजद थे इस मुकदमे में

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के पैरोकार की ओर से पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष समेत 18 नामजद व पांच से सात अज्ञात लोगों के खिलाफ नजीराबाद थाने में दर्ज कराए गए रंगदारी के मुकदमें में साक्ष्यों के अभाव में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी। मामले में आरोपी अभिनव शुक्ला व रमन गुप्ता की ओर से एडीजे-6 की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर पुलिस ने कोर्ट में फाइनल रिपोर्ट की आख्या दी।

बिकरू कांड के पैरोकार अधिवक्ता सौरभ भदौरिया ने नजीराबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया था कि कुख्यात विकास दुबे के खजांची जयकांत बाजपेई और उसके भाइयों जयकांत और रजयकांत व अन्य गिरोह के लोगों के खिलाफ मुख्य पैरोकार और सरकार की गठित एसआईटी में गवाह हूं। जिस कारण से जयकांत बाजपेई उसका भाई रजयकांत बाजपेई, शोभित बाजपेई, अजयकांत बाजपेई जेल गए थे। आरोप है कि जेल से आने के बाद तीनों के साथ पैरोकार के रूप में प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, पत्रकार विपिन गुप्ता, यश मिश्रा, असलम राईनी, सलमान खान, निसार अहमद, पत्रकार विवेक पांडे उर्फ सोनू, पत्रकार राहुल बाजपेई, विशाल कोरी, पत्रकार अमन तिवारी, हिस्ट्रीशीटर मनोज यादव, प्रिंस सोनकर, पत्रकार अभिनव शुक्ला, पत्रकार रमन गुप्ता, इखलाख अहमद और 5-7 अज्ञात के समय-समय पर रोककर बिकरू कांड की पैरोकारी और अन्य घोटालों की पैरोकारी न करने के लिए दबाव बनाने लगे थे। 3 अगस्त 2023 रात ब्रह्मनगर चौराहे पर इन सभी लोगों ने उन्हें रोक लिया और अवनीश दीक्षित और विपिन गुप्ता ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल रखकर कहा 20 लाख रुपये का इंतजाम कर लो अन्यथा गोली मार देंगे। इस मामले में आरोपी अभिनव शुक्ला व रमन गुप्ता की ओर से एडीजे-6 कमलेश कुमार पाठक की कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट ने नजीराबाद पुलिस से रिपोर्ट मांगी थी। सोमवार को पुलिस ने रिपोर्ट दाखिल करते हुए बताया कि आरोपियों के खिलाफ कोई साक्ष्य न मिलने से मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई है।

### अवनीश की जमानत पर 3 को सुनवाई

■ कानपुर। सिविल लाइंस निवासी सैमुएल गुरुदेव की ओर से अवनीश दीक्षित समेत 12 नामजद व 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ डकैती, रंगदारी व छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने तीन धाराओं में बढ़ोत्तरी की थी। सोमवार को कोर्ट में अवनीश की जमानत पर सुनवाई हुई, जिसमें बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से पूरक शपथ पत्र दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय मांगा गया, कोर्ट ने अगली तिथि 3 अक्टूबर निर्धारित की। वहीं लेखपाल विपिन की ओर से जमीन कब्जाने व सैमुएल गुरुदेव की ओर से डकैती के मामले में आरोपी जितेश झा और अली अब्बास के खिलाफ एडीजे-6 की कोर्ट में अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई। पुलिस की आख्या न आने के कारण सुनवाई टल गई। अब 24 व 26 सितंबर की तारीख कोर्ट ने दी है।

### नीरज व मुंतजिर को मिली जमानत

■ कानपुर। लाल कॉलोनी निवासी राबिया बेगम ने पूर्व प्रेस क्लब उपाध्यक्ष नीरज अवस्थी, मुंतजिर अंसारी व प्रदीप श्रीवास्तव के खिलाफ जमीन कब्जाने के आरोप में किदवई नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने नीरज व मुंतजिर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमें में आईपीसी की धारा 329 की बढ़ोत्तरी की थी। सोमवार में मामले में एडीजे-6 की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने नीरज व मुंतजिर की जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

# श्रावस्ती की महिला से किया गया था गैंगरेप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र में श्रावस्ती की महिला यात्री को मदद का झांसा देकर घर ले जाकर दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया है।

जिला श्रावस्ती निवासिनी महिला का आरोप था कि 21 सितंबर को वह रोडवेज बस से कानपुर झकरकटी बस अड्डे उतरी थी। इस दौरान किसी ने उसका पर्स चोरी कर लिया। घटना से परेशान होकर वह वहीं पास बैठकर रोने लगी। इस दौरान एक ऑटो चालक आया और सहानुभूति दिखाते हुए स्टेशन छोड़ने की बात कही। ऑटो चालक ने अपना नाम बजरिया खटिकाना निवासी मंगूलाल खटिक बताया। इसके बाद वह मदद का झांसा देकर ऑटो में बैठाकर अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। वह वहां से निकली तो वहीं के निवासी चुन्नीलाल सोनकर ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार वह किसी तरह थाना बजरिया पहुंची और घटना की जानकारी पुलिस को दी। शुरू में बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने घटना से साफ इंकार कर दिया था। मामला डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी तक पहुंचा तो उन्होंने थाना प्रभारी से जानकारी ली। जिस पर जानकारी हुई कि इंस्पेक्टर ने इस घटना को लेकर अफसरों को गुमराह किया। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

> श्रावस्ती की महिला यात्री से दो लोगों ने दुष्कर्म किया था। मामले में अभियोग पंजीकृत कर दोनों को जेल भेज दिया गया है।
>
> -दिनेश त्रिपाठी, डीसीपी सेंट्रल

# सेंट्रल स्टेशन के विश्रामालय के लिए रेट तय

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर विश्रामालय में यात्रियों की ठहरने एवं रुकने का घंटे के हिसाब से किराया तय कर दिया गया है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि किराये पर जीएसटी अलग से देय होगी।

❍ **1 घंटा :** अकेले यात्री से 150, युगल से 250, परिवार से 450 रुपये।

❍ **3 घंटा:** अकेले यात्री से 350, युगल से 500, परिवार से 750 रुपये।

❍ **6 घंटा:** अकेले यात्री से 500, युगल से 750, परिवार से 1050 रुपये।

❍ **12 घंटा:** अकेले यात्री से 850, युगल से 1150, परिवार से 1950 रुपये।

❍ **24 घंटा:** अकेले यात्री से 1150, युगल से 1500, परिवार से 2350 रुपये।

# 15 करोड़ से बनेगा मंधना-टिकरा मार्ग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लंबे समय से क्षतिग्रस्त 7.1 किलोमीटर लंबे मंधना-टिकरा मार्ग का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड इकाई ने 15 करोड़ रुपये का एस्टीमेट शासन को भेजा है। प्रस्ताव के मुताबिक 2.5 मीटर चौड़ी करके 5.5 मीटर चौड़ाई में सड़क बनाई जाएगी। इससे कानपुर देहात से मंधना होते हुए उन्नाव जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी मार्गों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए थे। इस खस्ताहाल सड़क पर मंधना से टिकरा की 7 किमी दूरी तय करने में वाहन सवारों को एक घंटे से ज्यादा समय लगता है। इस मार्ग पर रोज करीब 5 हजार से अधिक वाहनों का आवागमन होता है। कानपुर देहात से उन्नाव जाने के लिए इस सड़क का बहुतायत में इस्तेमाल करते हैं। वाहन सवार, पनकी भाटिया होटल से पुरानी शिवली रोड, मकसूदाबाद से टिकरा, मंधना चौराहा होते हुए उन्नाव जाते हैं। सड़क खराब होने से मार्ग में स्थित पेम, गुसायनपुरवा, मोहनपुर, कुरसौली, पारा प्रतापपुर, टिकरा, नौरंगाबाद, चंदुला, डंबलपुर, तिवारीपुर समेत दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग परेशान हैं। पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड इकाई का कहना है कि अभी सड़क 3 मीटर चौड़ी है, जिसे 5.5 मीटर चौड़ा किया जाएगा।



जर्जर मंधना-टिकरा मार्ग। अमृत विचार

**7.1** किमी है इस मार्ग की कुल लंबाई

**5.5** मीटर चौड़ी बनाई जाएगी सड़क

**3.0** मीटर चौड़ा है अभी यह मार्ग

**24** गांवों के निवासियों को होगा लाभ

> 7.1 किलोमीटर लंबे मंधना-टिकरा मार्ग को ढाई मीटर और चौड़ा किया जाएगा। चौड़ीकरण तथा सुंदरीकरण के लिए 15 करोड़ का एस्टीमेट तैयार करके शासन को भेज दिया गया है। यह सड़क बनने से दो दर्जन से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा।
>
> -अखंडेश्वर प्रसाद, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड

**आरोप** नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर बोला हमला

# मुस्लिम-यादव और ब्राह्मण सरकार के निशाने पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इरफान सोलंकी के परिजनों, विधायकों और पदाधिकारियों से की मुलाकात
- सीसामऊ उपचुनाव को लेकर सपा की तैयारी का जायजा लेकर रणनीति बनाई

**अमृत विचार।** प्रदेश की भाजपा सरकार में मुस्लिम, यादव व ब्राह्मणों को सर्वाधिक परेशान किया जा रहा है। फर्जी तरीके से एनकाउंटर किए जा रहे हैं। एनकाउंटर में आमने-सामने गोलियां चलती हैं। आश्चर्य है कि पुलिस को गोली नहीं लगती। यह आरोप सोमवार को शहर आए नेता प्रतिपक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सपा के सजायाफ्ता पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के आवास पर लगाए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पुलिस एनकाउंटर के शिकार मुख्य रूप से मुस्लिम, यादव और ब्राह्मण हैं। सरकार की एनकाउंटर नीति गलत है। इरफान के साथ जेल में ज्यादती की जा रही है। परिवार को भी परेशान किया जा रहा है। कहाकि सीसामऊ उपचुनाव में सपा का प्रत्याशी तय हो चुका है, कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने सपा विधायकों और पदाधिकारियों से सीसामऊ विधानसभा के प्रस्तावित उप चुनाव की तैयारियों की जायजा लेकर रणनीति भी बनाई। नसीम सोलंकी ने कहा कि यह चुनाव सीसामऊ की जनता खुद लड़ेगी। नेता प्रतिपक्ष दर्शनपुरवा में कांग्रेस राज्य सभा सदस्य राजीव शुक्ला के घर उनकी दिवंगत माता जी को श्रद्धांजलि देने भी गए। इससे पहले विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हसन रूमी, जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर की अगुवाई में उनका स्वागत किया गया। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, प्रदेश सचिव पं. ओमप्रकाश मिश्रा, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, शबाब अबरार, आनंद शुक्ला, अरमान खान, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, इशरत इराकी, वंदना बाजपेई, नीरज सिंह, सर्वेश यादव, वरुण यादव, सुभाष द्विवेदी, वरुण जायसवाल, वरुण मिश्रा, आशीष पांडे, उदय द्विवेदी, राजू खान, अभय दुबे रहे।

### सपा सरकार में होगी जांच, मिलेगी सजा

■ नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सपा सरकार आने पर भाजपा काल में हुए सभी एनकाउंटर की जांच कराई जाएगी। दोषियों को सजा मिलेगी।



पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के परिजनों से वार्ता करते नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय। साथ में दोनों विधायक और जिलाध्यक्ष।

# साड़ी मुफ्त ले जाओ, पहनकर दे जाओ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● डीजी कॉलेज में खुला साड़ी बैंक, उपयोग के लिए मिल सकेंगी साड़ियां

**अमृत विचार।** दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में साड़ी बैंक की शुरुआत हुई। छात्राओं और शिक्षिकाओं के अलावा अन्य महिलाएं भी साड़ियां निशुल्क ले सकेंगी। बैंक से साड़ी लिए जाने के बाद उसे व्यवस्थित कर 15 दिनों के भीतर वापस करनी होगी। यह सुविधा कॉलेज की ओर से गोद लिए मोहल्ले सरसैया घाट की महिलाएं भी उठा सकेंगी।

कॉलेज में यह साड़ी बैंक 40 साड़ियों के साथ शुरू हुआ है। कॉलेज की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने साड़ियां उपलब्ध कराई हैं। साड़ियों की संख्या का विस्तार किया जाना है। इसके लिए अन्य डिग्री कॉलेजों से भी संपर्क किया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से कॉलेज में 'साड़ी बैंक की स्थापना' कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. वंदना निगम व सेल्फ फाइनेंस डायरेक्टर प्रो. अर्चना वर्मा की ओर से बैंक की शुरुआत की गई। महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ संगीता सिरोही ने कहा कि 'एक बहन का दूसरी बहन के लिए उपहार' के उद्देश्य को लेकर इस साड़ी बैंक की स्थापना की गई है। जिसमें बिना किसी जाति या आयु के भेदभाव के कोई भी महिला अपने पारिवारिक कार्यक्रम, पार्टी या सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के लिए यहां से साड़ी ले सकती है। साड़ी लेने के लिए उन्हें अपना आधार कार्ड व परिचय पत्र देना होगा। साड़ी को 15 दिन के अंदर उचित रख-रखाव के साथ वापस करना होगा। डॉ. अर्चना दीक्षित, वर्षा सिंह, आकांक्षा यादव, अंतरा कश्यप, जाह्नवी कश्यप, आस्था शुक्ला, श्रद्धा आदि का योगदान रहा।



डीजी कॉलेज में साड़ी बैंक की शुरुआत की गई। अमृत विचार

# मकड़ीखेड़ा व आस-पास भरा पानी

## बाढ़ के बाद दर्जनों लोगों ने किया पलायन, बच्चों का स्कूल कॉलेज जाना हुआ बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पिछले एक सप्ताह में गंगाबैराज पर बढ़े जलस्तर के कारण गंगा में गिरने वाले नाले ओवरफ्लो हो गए। जिसके कारण बाढ़ का पानी नालों के जरिये रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ परिवार ताला डालकर अपने रिश्तेदार के यहां चले गए वहीं बच्चों का स्कूल कॉलेज जाना बंद हो गया। क्षेत्रीय विधायक मौके पर पहुंची और लोगों की समस्या देखी।

कल्याणपुर थानाक्षेत्र में स्थित मकड़ीखेड़ा रिहायशी इलाके समेत अग्निहोत्र नगर, बालाजीपुरम, गुप्ता सोसाइटी, इंदिरा नगर, सुखऊपुरवा आदि स्थानों पर पानी मैनावती मार्ग पर स्थित नालों से होता हुआ भर गया। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने बताया कि बिल्डिंगों के नीचे के ग्राउंड फ्लोर डूब गए हैं। लोगों को कमर तक मंझाकर निकलना पड़ रहा है।

### लाइट चालू रहने से बज रही खतरे की घंटी

जिन इलाकों में वर्तमान में कमर तक पानी भरा हुआ है, वहां पर लाइट चालू है। ऐसे में खंभों में करंट उतरने का भी डर है। लोग बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर आ-जा रहे हैं।



मकड़ीखेड़ा इलाके में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार



बच्चे को कंधे पर बैठाकर लाता परिजन।

### नाला पाटने से बढ़ी दिक्कत



डॉ कैलाश चंद्र मिश्रा।



अनिल पांडेय।



विक्रांत सिंह।



सुखदेव।

डॉ कैलाश चंद्र मिश्रा, अनिल पांडेय, विक्रांत सिंह व सुखदेव का आरोप था कि पांच लाख से ज्यादा की आबादी वाले इन क्षेत्र का नाला मैप में 80 फीट का है। लेकिन भूमाफिया ने अधिकारियों से साठगांठ कर इस नाले को 5 फीट का ही छोड़ा। जिसके कारण अब गंगा के बाढ़ का पानी ओवरफ्लो होकर रिहायशी इलाके में बैक आ रहा है।

### विधायक पहुंची, दिया मदद का आश्वासन

समस्या झेल रहे लोगों ने क्षेत्रीय विधायक नीलिमा कटियार को जानकारी दी। जिसके बाद वह मौके पर पहुंची और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि अगर सड़कों और गलियों में बीच बीच में मलबा पड़ जाएगा तो निकलने में परेशानी नहीं होगी।

### पानी में घूम रहे सांप

क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि बाढ़ के भरे पानी में सांपों को देखा है। जिससे हर वक्त अनहोनी का डर लगा रहता है। डर के कारण वह लोग घर के गेट बंद होने पर छूटी जगह पर बोरा आदि लगा देते हैं। कई लोगों ने गेट पर ईंटों की दीवार खड़ी कर दी है कि जिससे पानी अंदर न प्रवेश कर सके।

### व्यापार का भारी नुकसान

क्षेत्र में मौरंग का व्यापार करने वाले दो व्यापारियों ने बताया कि वह लोग अपने दुकान के बगल में 6-6 ट्राली मौरंग डाले हुए थे। सारी मौरंग बाढ़ के पानी में बह गई। कमर तक जलभराव के कारण पूरी की पूरी मौरंग गलियों, सड़कों और प्लॉटों पर पानी में फैल गई। इससे उन लोगों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

# डेबिट कार्ड बदलकर खाते से उड़ाई रकम

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के न्यू आजाद नगर निवासी जीत बहादुर सिंह का डेबिट कार्ड बदलकर टप्पेबाजों ने हजारों रुपये की चपत लगा दी।

जीत बहादुर के अनुसार 23 अगस्त को वह जीटी रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक एटीएम बूथ से रुपये निकाल कर वापस लौट रहे थे। तभी वहां खड़े दो युवकों ने ट्रांजेक्शन पूरा न होने की बात कहकर उनको बातों में फंसा लिया। इसके बाद एटीएम बूथ में बैलेंस चेक करने के दौरान शातिर उनका डेबिट कार्ड बदल ले गए। दो घंटे बाद शातिरों ने छह बार में उनके खाते से 49 हजार की रकम पर कर दी। मैसेज आने पर उन्हें टप्पेबाजी की जानकारी हुई। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# संविदा कर्मियों को हटाने पर हंगामा

- हजारों चिट्ठी डंप, पोस्टमैनों ने छंटाई तक नहीं की
- डाकघर के गेट पर धरना, काली पट्टी बांधकर जताया रोष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डाक विभाग में संविदा कर्मियों को हटाए जाने के विरोध में बड़ा डाकघर के पोस्टमैन व अन्य कर्मियों ने हड़ताल करके धरना प्रदर्शन किया। जिससे डाक छंटाई व बांटने की सारी व्यवस्था ध्वस्त हो गई। हड़ताल के चलते हजारों डाक डंप हो गई। पोस्टमैनों ने न डाक की छंटाई की और न ही डाक का वितरण करने गए।

राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ के मंडलीय सचिव गौतम शुक्ला, विनोद सिंह चौहान, आल इंडिया कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव शैलेंद्र दीक्षित की अगुवाई में पोस्टमैन व अन्य डाक कर्मियों ने कार्य का बहिष्कार किया। कर्मचारी नेता गौतम शुक्ला ने बताया कि डाक अधिकारी ने 17 सितंबर को एक आदेश पारित करके बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए दर्जनों मजदूरों को हटा दिया। डाक विभाग में पहले से ही कर्मियों की कमी होने के कारण सारी व्यवस्था चरमरा गई। उन्होंने कहा कि जबतक हटाए गए कर्मियों को बहाल नहीं किया जायेगा, हड़ताल जारी रहेगी।



बड़ा डाकघर के गेट पर प्रदर्शन करते डाक कर्मी। अमृत विचार

### एक-एक पोस्टमैन को 5-5 क्षेत्र आवंटित

कर्मचारी नेता विनोद चौहान ने बताया कि एक एक पोस्टमैन को 5-5 बीट (क्षेत्र) आवंटित कर दिये गये हैं, इतना बड़ा क्षेत्र कवर कर पाना कैसे संभव है। काम का दबाव अधिक होने के कारण कई पोस्टमैन बीमार हो गये हैं। कर्मचारी नेताओं ने कहा है कि पोस्टमैनों का शारीरिक एवं मानसिक शोषण बंद किया जाये। मांग की गई कि शीघ्र ही पूर्व की व्यवस्था को बहाल किया जाये, अन्यथा हड़ताल जारी रहेगी।

### गोविंदपुरी पुल से 15 फीट नीचे गिरी कार

- बेटे का जन्मदिन मना कर लौट रहा था परिवार

**कानपुर।** गोविंदपुरी पुल से रविवार रात एक अनियंत्रित कार पुल की रेलिंग से टकराते हुए करीब 15 फीट नीचे बिजली पोल और पुल की दीवार के बीच जा गिरी। कार में शिक्षक परिवार था, हालांकि एयरबैग खुलने से किसी को गंभीर चोंट नहीं आई। रतनलाल नगर निवासी चरनजीत सिंह श्याम नगर स्थित स्कूल में शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को उनके 17 वर्षीय बड़े बेटे का जन्मदिन था। वह कार से पत्नी असमीत सिंह, बड़े बेटे और बेटी अर्शमीत साथ कार से घूमने गए थे। घर लौटते समय देर रात गोविंदपुरी पुल पर पहुंचे ही थे, तभी स्टेयरिंग घूम गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर बाईं तरफ रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। सूचना पर रेलवे कॉलोनी चौकी प्रभारी पवन कुमार ने मौके पर पहुंचे और कार सवार लोगों को सकुशल बाहर निकाला।

## सार-संक्षेप

### छत से गिरा मजदूर, अस्पताल में दम तोड़ा

**कानपुर।** हनुमंत विहार निवासी 42 वर्षीय रामबाबू रविवार रात अपने घर की छत से गिर गया था। अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि रामबाबू मजदूर था। उसके परिवार में पत्नी किरण देवी, 2 बेटे शिवम व शिबू और एक बेटी सपना है। बेटे शिवम ने बताया कि रविवार देर रात पिता संतुलन बिगड़ने से छत से गिर गये थे। पहले उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया था जहां से सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### युवक और युवती ने फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में युवती और चकेरी में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने मानसिक तनाव में आत्महत्या की। वहीं युवती के आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच करने पहुंची। चकेरी परदेवनपुरवा निवासी 34 वर्षीय नागेश्वर पाल एक होटल में कर्मचारी था। परिवार में पत्नी दिव्या और दो बच्चे आराध्य और आनंद हैं। परिजनों ने बताया कि नागेश्वर ने पिता के नाम पर लोन ले रखा था। जिसके लेकर वह तनाव में चल रहे थे। इससे परेशान होकर रविवार देर रात उन्होंने चादर से पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि परिजनों ने मानसिक तनाव में आत्महत्या करने की बात कही है। वहीं दूसरी घटना जाजमऊ के तिवारीपुर की है। तिवारीपुर बगिया निवासी रामजीलाल गौतम की 19 वर्षीय बेटी अंजू ने सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। बड़ी बहन मंजू ने बताया कि वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थी। मां रेखा और छोटी बहन प्रिया ने अंजू को फंदे पर लटकता देखा। चीख पुकार मचने पर लोगों व जानकारी हुई। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि युवती के आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### मेट्रो एलीवेटेड सेक्शन से हटेंगे ट्रैफिक सिग्नल

**कानपुर।** मेट्रो कॉरिडोर 2 के उपरिगामी सेक्टशन में आ रहे ट्रैफिक सिग्नल स्थानांतरित किये जायेंगे। कंपनीबाग, विजय नगर, शास्त्री चौक चौराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नलों को स्थानांतरित करने के लिये मेसर्स ओनेक्स इलेक्ट्रानिकसेस के प्रतिनिधि के साथ नगर निगम और मेट्रो अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया।




डीपीएस में बच्चों ने डांस किया।

### डीपीएस में मनाया गया ग्रैंड फेस्ट

**कानपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर में सोमवार को ग्रैंड फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में रचना मोहोत्रा ने की। कार्यक्रम में स्कूल के संस्थापक आलोक मिश्र, प्रो-वाइस चेयरपर्सन बंदना मिश्रा, समिति के सदस्य देवव्रत मिश्र व हेड मिस्ट्रेस मंजू पसान प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में दादा-दादी के सम्मान में विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्री नर्सरी विंग की ओर से प्रस्तुत कार्टून चिट चैट को सराहना मिली। नर्सरी विंग के छात्र विदूषक ने 'कॉमिक एसेंस' में अत्तीम उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा प्रेप के छोटे बच्चे पानी में रहने वाले जीव-जंतुओं के महत्व को दर्शाते हुए शार्क की वेशभूषा में तैयार होकर आए और 'डरावना शार्क' कविता सुनाई। संदेश दिया गया कि दादा-दादी परिवार की मजबूत नींव होते हैं, अपने विशेष प्यार और देखभाल से वे परिवार के सबसे करीब होते हैं। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति प्रेम का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में 'शब्द अंताक्षरी', 'गीत पहचानो व 'पकड़ो पूंछ' जैसी प्रतियोगिताएं भी हुईं।

# उद्योग लगवाने के नाम पर लाखों रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी से महिला समेत तीन आरोपियों ने खादी ग्राम उद्योग का सदस्य बनकर उद्योग लगवाने का झांसा देकर लाखों की ठगी की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सनिगवां विमानपुरी निवासी सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी रामकृष्ण पाल के अनुसार वर्ष 2023 में उनके पहचान के बर्रा सात निवासी अशोक शुक्ला पनकी गंगागंज स्थित खादी ग्रामोद्योग के सेंटर ले गए। जहां पर उनकी मुलाकात सुशील कुमार द्विवेदी, सीमा देवी उर्फ सीमा वर्मा और श्रवण कुमार त्रिपाठी से हुई। तीनों ने खुद को ग्रामोद्योग का सदस्य बताया। इसके बाद सीमा देवी ने सरकारी योजना के तहत उद्योग लगाने के बारे में बताया। सीमा देवी और श्रवण कुमार ने उनसे 26 अप्रैल 2023 को 4 लाख रुपये सिलाई मशीनें देने के नाम पर लिए। इसके बाद सीमा देवी ने 25 के बजाय दस जंगयुक्त मशीन भेजीं और 62 महिलाओं को ट्रेनिंग कराना शुरू किया। एक माह बीत जाने के बाद जब महिलाओं ने वेतन मांगा तो पीड़ित ने सीमा देवी और श्रवण कुमार को बुलाकर महिलाओं से बातचीत कराई।

दोनों ने वेतन देने का आश्वासन किया। फिर दो माह बीत जाने के बाद भी जब वेतन नहीं भेजा गया तो महिलाओं ने उनके घर हंगामा किया और सनिगवां चौकी में शिकायत की। किसी तरह से उन्होंने 4.36 लाख का प्रबंध कर सबका वेतन दिया। घटना के बाद जब रामकृष्ण विभाग के कार्यालय जाकर अधिकारी से मिले तो आरोपियों के फर्जीवाड़े के बारे में जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह से शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बंद पड़े घर का ताला तोड़कर माल पार

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक चोर सूने घर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुआ और माल पार कर ले गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के समय पीड़ित परिवार बच्चे के अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल होने छोटे भाई के घर गया था। आवास विकास तीन निवासी नारायण टंडन कपड़े सिलाई का काम करते हैं। रविवार शाम वह पत्नी सुनीता के साथ पड़ोस में रहने वाले अपने भाई नरेंद्र की बेटी के अन्नप्राशन में शामिल होने के लिए उनके घर गए थे। इसी दौरान में गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे चोर ने गहने व नगदी समेत लगभग दो लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में कार्यवाहक कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पूर्व सीएम को भेंट किया श्रीअन्न

**कानपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को श्री अन्न भेंट किया। ज्ञानेश मिश्र ने देश में सभी सरकारी आयोजनों में श्री अन्न को शामिल करने की मांग की। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को श्रीअन्न दिवस घोषित किए जाने की मांग की। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल के दक्षिण अध्यक्ष कमल त्रिपाठी, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद शुक्ल, उपाध्यक्ष शरद मिश्र, वरिष्ठ मंत्री जय कुमार शर्मा, युवा महामंत्री विनायक पोद्दार, पवन गौड़, संगठन मंत्री राकेश गुप्ता, दुर्गेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

# श्रम संहिता कानून का विरोध किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केन्द्र सरकार की श्रमिक नीतियों का विरोध करते हुए श्रम संहिता काला कानून रद्द करने, ठेकेदारी प्रथा बंद करने के साथ ही न्यूनतम वेतन रुपया 26000 लागू करने समेत कई मांगों को श्रम संगठनों ने मानव श्रृंखला बना कर प्रदर्शन किया।

सोमवार को चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा, गोल चौराहा पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मंच कानपुर के बैनर तले इंटक एटक एच एम एस सीटू ऐक्टू ए आई यू टी यू सी टी यू सी सी तथा तमाम स्वतंत्र कर्माचारी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला बना कर प्रदर्शन किया।

असित कुमार सिंह (संयोजक) ने आरोप लगाया कि सरकार धनाड्य वर्ग के इशारों पर मजदूर किसान छात्र नौजवान विरोधी कानूनों को अमलीजामा पहनाने में लगी हुई है। मजदूर किसान महंगाई, मौसम और रोजगार की मार झेल रहा है और दूसरी ओर छात्र महंगी शिक्षा, रोजगार के लिए दर दर भटक रहे हैं। भगवान मिश्रा, पी एस बाजपेई, गौरव दीक्षित, योगेश ठाकुर, राजीव खरे राणा प्रताप सिंह आरडी गौतम, रमेश विश्वकर्मा, उमेश शुक्ला एस ए एम ज़ैदी, ओपी रावत, सिद्ध नाथ तिवारी, रामप्रकाश राय, इमानुल्लाह, हीरावती, विजय सिंह, मो वशी, टेकचंद, गोविंद सिंह, मो खालिद, हरी शंकर रहे।




श्रम कानून के विरोध में बनाई गई मानव श्रृंखला। अमृत विचार

# सेक्स रैकेट चलाने का आरोप, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव थानाक्षेत्र के विजय नगर इलाके का मामला

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र के विजय नगर रिहायशी इलाके में होटल बनाकर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगाकर क्षेत्रीय लोगों ने जमकर हंगामा काटा। प्रथम दृष्टता जांच में सेक्स रैकेट की बात गलत निकली।

विजय नगर स्थित मुर्गा मार्केट के पीछे इलाकाई लोगों ने एक होटल में सेक्स रैकेट चलने का आरोप लगाकर हंगामा किया। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने होटल में जांच शुरू की। पुलिस को होटल से कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर आक्रोशित जनता को शांत कराया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि होटल में सेक्स रैकेट चलने की शिकायत जांच के बाद गलत निकली। रिहायशी इलाके में होटल चलने पर क्षेत्रीय जनता ने विरोध किया है। शिकायत पर केडीए को जांच के लिए पत्र लिखा गया है।



होटल में जांच करती काकादेव पुलिस।

# यहां आज नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** मंगलवार को पोखरपुर के केडीए बाजार, केडीए कॉलोनी, गंगा विहार व मोती नगर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, गोविंद नगर, दबौली, रतनलाल नगर, गोपाला, बर्रा तीन, चार, छह व सात में सुबह 9 से 2 बजे तक और सराय, गज्जुपुरवा लट्टूपुरवा, तेल मिल चौराहा, 150 फीट रोड, ताड़ बगिया, ग्रेटर कैलाश, आशियाना व गल्ला गोदाम में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

हंसपुरम के काशी मंदिर और तौधकपुर में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

उपचुनाव की तैयारी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने दक्षिण भाजपा कार्यालय में की समीक्षा बैठक

# सदस्यता अभियान में बूथ समितियां सक्रियता बढ़ाएं : रूपाणी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने सोमवार को दक्षिण जिले में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में बूथ समितियां अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रत्येक बूथ की 11 सदस्यीय टोली के सभी सदस्य 20-20 लोगों को सदस्य बनाए तो प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को खड़ा कर उनसे अब तक हुई सदस्यता के बारे में जानकारी ली। 50 प्रतिशत सदस्यता होने वाले बूथों पर विशेष फोकस करने को कहा, साथ ही 25 सितंबर पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रत्येक बूथ पर 100 सदस्य अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिये।

विजय रूपाणी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद रमेश अवस्थी ने समीक्षा बैठक की शुरुआत की। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने प्रतीक चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विजय रूपाणी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समाज को विघटित करने का काम कर रहे हैं। ममता बनर्जी, राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव तक देश को विघटित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। भारत को विघटन से बचाने के लिए देश विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति का आधार सदस्यता है। भाजपा सदस्यता अभियान का मूल उद्देश्य भाजपा की राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को जनता के बीच पहुंचाना है। पार्टी कार्यकर्ता घर घर संपर्क कर सदस्यता अभियान में जुटें। प्रमुख रूप से विधायक महेश त्रिवेदी, कौशल किशोर दीक्षित, बालचंद्र मिश्र, राम बहादुर यादव, सुनील नारंग, प्रबोध मिश्रा, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, संजय कटियार, राजन चौहान, शैलेंद्र त्रिपाठी, अर्जुन बेरिया, वंदना गुप्ता, मनीष त्रिपाठी, शिव पूजन सविता, अर्चना आर्य, वीरेंद्र दिवाकर, शिवम मिश्रा आदि रहे।




समीक्षा बैठक के दौरान सांसद रमेश अवस्थी से चर्चा करते विजय रूपाणी।



पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते सिख समाज के लोग।

### कटहरी बाग में पीपल का पौधा लगाया

- पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद नगर स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज पहुंचे और नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने सेवा पखवाड़े के तहत रंगोली प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाली छात्राओं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पहले वे सुबह कटहरी बाग मैदान पहुंचे। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पीपल का पौधा लगाया। इसके बाद निराला नगर मंडल के कौशल्या देवी शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 89 में घरों और दुकानों पर जाकर 51 लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया।

### बैंड-बाजे के साथ विजय रूपाणी का स्वागत

**कानपुर।** गोविंद नगर में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का सिख समुदाय ने बैंड-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। दो ऐतिहासिक गुरुद्वारों को 5-5 करोड़ रुपये पर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर 100 सफाई कर्मी बहनों को 100 साड़ियाँ वितरित की गईं। कार्यक्रम में आर्थिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह-संयोजक सिमरनजीत सिंह, गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ के प्रधान हरजीत सिंह कालरा, रामिंदर सिंह, तजिंदर पाल सिंह, गुरविंदर सिंह और मंजीत सिंह चड्ढा भी रहे।

# पार्षद से अभद्रता, नगर निगम कर्मियों से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पार्षद की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र को जेल

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र के सर्वोदय नगर इलाके में सार्वजनिक रास्ते से कब्जा हटाने गए पार्षद नीरज बाजपेई से आरोपी ने अभद्रता कर दी। पार्षद के साथ कब्जा हटाने में मौजूद नगर निगम के कर्मचारियों से मारपीट की। पार्षद की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

नीरज बाजपेई ने काकादेव पुलिस को बताया कि सर्वोदय नगर स्थित एमपी मिल का हाता में सार्वजनिक रास्ता है। जिसकी साफ सफाई के लिए वह रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे नगर निगम के कर्मचारियों के साथ गए थे। इस दौरान रास्ते पर कब्जा किए हुए राम गोपाल दिवाकर उर्फ लाला और उनका परिवार उग्र हो गया। रामगोपाल दिवाकर उर्फ लाला, सागर चौधरी, राजवीर और उनकी पत्नी ने अभद्रता की। साथ ही नगर निगम के कर्मचारियों से गाली-गलौज करते हुए हाथापाई की।

जिसमें नगर निगम के कर्मचारी हितेश सागर चुटहिल हो गए। उन्होंने मामले की शिकायत काकादेव पुलिस से की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पार्षद नीरज बाजपेई की शिकायत पर आरोपी रामगोपाल दिवाकर उर्फ लाला और उनके परिजनों के खिलाफ लोक सेवक पर हमला, धमकाना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी रामगोपाल दिवाकर उर्फ लाला और उनके बेटे सागर चौधरी उर्फ कमल को शांतिभंग की कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।



ग्रीनपार्क स्टेडियम सज-धज कर तैयार है। अमृत विचार



स्टेडियम का निरीक्षण करते मंडलायुक्त अमित गुप्ता और यूपीसीए के पदाधिकारी। अमृत विचार

## ग्रीनपार्क में पहली बार फायर फाइटिंग बुलेट्स

**कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत बांग्लादेश टेस्ट मैच के दौरान पहली बार फायर फाइटिंग बुलेट्स तैनात की जा रही हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि मैच के दौरान स्टेडियम के अंदर और बाहर फायर फाइटिंग बुलेट्स रहेंगे। फायर फाइटिंग बुलेट्स में एक ही जगह पर न रहकर दोनों साइड पर वॉटर टैंक के अलावा एक मोटर भी इंस्टॉल है। भीड़भाड़ वाली जगहों पर फायर फाइटिंग बुलेट्स' आसानी से पहुंच जाती है। कुल नौ फायर फाइटिंग बुलेट्स हैं। स्टेडियम के अंदर और बाहर भी अग्निशमन वाहन रहेंगे। हर दीर्घा में अग्निशमन यंत्र लगाए जा चुके हैं।

# आज शहर आएंगी भारत-बांग्लादेश की टीमें

## 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक ग्रीनपार्क मैदान में टेस्ट मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत, बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक ग्रीनपार्क स्टेडियम के मैदान में खेला जाएगा।

यूपीसीए के वेन्यू डायरेक्टर डॉ संजय कपूर ने बताया कि भारत और बांग्लादेश की टीमें अपने निर्धारित शेड्यूल पर 24 सितंबर सोमवार को चार्टर्ड प्लेनों से शहर आ जाएंगी। टीमों के लिए होटल लैंडमार्क और विजय विला में व्यवस्था की गई है। टीम के लोकल मैनेजर अमित मिश्रा ने बताया कि बीसीसीआई की ब्रॉड कास्टिंग टीम की पूरी यूनिट सोमवार तक आ जाएगी। अपना सेटअप लगाने का काम शुरू करेगी। 24 को कमेंट्रेटरों की टीम भी आएगी। जिसमें रवि शास्त्री, मुरली कार्तिक, दिनेश कार्तिक, हर्षा भोग्ले, अख्तर अली खान, तमीम इकबाल, पार्थिव पटेल, सबा करीम, अभिनव मुकुंद और आरपी सिंह हैं।

### मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच की तैयारी का सोमवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने जायजा लिया। सी बालकनी की स्थिति देखने के बाद डायरेक्टर पवेलियन, ड्रेसिंग रूम व अन्य दीर्घाओं, गैलरी का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यूपीसीए व खेल विभाग के अधिकारियों के अलावा केस्को, नगर निगम, जल संस्थान, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर से मैच की तैयारियों पर चर्चा की।

### रोज 2000 स्कूली बच्चे मुफ्त देखेंगे मैच, मिलेगा जलपान

**कानपुर।** भारत-बांग्लादेश के बीच ग्रीनपार्क में होने वाला क्रिकेट टेस्ट मैच प्रतिदिन 2000 छात्र-छात्राएं न सिर्फ मुफ्त देख सकेंगी, बल्कि उनके लिए जलपान की भी व्यवस्था रहेगी। यह जानकारी टेस्ट मैच के वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने दी। टेस्ट मैच में स्कूली छात्र-छात्राओं की नि:शुल्क सहभागिता एवं जलपान के लिए समन्वयक कौशल कुमार सिंह- 6394249075, ब्रजवीर सिंह - 7985972455, महामंत्री पं. कृष्ण कुमार दुबे 'मुन्ना दुबे' कानपुर स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन- 9838855752 से संपर्क किया जा सकता है। डॉ. कपूर के अनुसार इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए स्कूलों को अपना अनुमति पत्र और मैच देखने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या भेजनी होगी।

## पांच दिन बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत, बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक ग्रीनपार्क मैदान में खेला जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने मास्टर प्लान तैयार किया है। डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार ने बताया कि डायवर्जन प्लान को तीन फेज में बांटा गया है। अलग-अलग मार्गों से ग्रीनपार्क आने वालों के लिए विभिन्न स्थानों में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। ग्रीनपार्क के आसपास रहने वाले लोग अपने वाहनों के रेजिडेंशियल पास सिविल लाइन व परमट चौकी से ले सकते हैं। वहीं पास वाले वाहनों की इंट्री स्टेडियम के अंदर गेट नंबर 1ए, 11ए व 10 बी से होगी।

### पहला फेज-मुख्य डायवर्जन

- फूलबाग, मेघदूत की तरफ से वीआईपी रोड होते हुए ग्रीनपार्क जाने वाले वाहन डीएवी तिराहा से आगे नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन डीएवी तिराहा से बाएं मुड़कर मधुवन तिराहा, हडर्ड चौराहा से सिलवर्टन तिराहा होते हुए जाएंगे।
- कंपनीबाग, रानीघाट की तरफ से कोई वाहन मर्चेंट चेंबर तिराहा से आगे नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन मर्चेंट चेंबर तिराहा से दाहिने मुड़कर सिल्वर्टन तिराहा, लाल इमली चौराहा से होकर जाएंगे।
- बड़ा चौराहा, मूलगंज की ओर से हडर्ड चौराहा की ओर जाने वाले वाहन कारसेट, परेड चौराहा से आगे नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन कारसेट चौराहा से बाएं मुड़ कर लाल इमली चौराहा होकर जाएंगे।

### दूसरा फेज

- मर्चेंट चेंबर पर अधिक दबाव होने पर कोई भी वाहन रेव-थ्री तिराहा से आगे मर्चेंट चेंबर नहीं जाएंगे, ऐसे वाहन रेव-थ्री तिराहा से आगे विजय विला होटल होते हुए जाएंगे।
- डीएवी तिराहा पर जाम की स्थिति पर डायवर्जन सरसैया घाट से किया जाएगा। वाहन सरसैया घाट से बाएं बड़ा चौराहा होते हुए जाएंगे।

### तीसरा फेज

- रेव थ्री पर जाम की स्थिति पर रानीघाट डायवर्जन किया जाएगा। वाहन रानीघाट चौराहा से दाहिने मुड़कर राजीव पेट्रोल पंप होते हुए जाएंगे।
- सरसैया घाट पर ट्रैफिक दबाव होने पर मेघदूत तिराहा से डायवर्जन होगा। वाहन बड़ा चौराहा होते हुए जाएंगे।

## त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेंगी दोनों टीमें

**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने दोनों टीमों की सुरक्षा व्यवस्था का खाका मजबूत कर लिया है। एटीएस को भी होटल से लेकर ग्राउंड तक की सुरक्षा में लगाया गया है। सोमवार को 20 कांस्टेबल की टीम को ग्राउंड की सुरक्षा में लगा दिया गया है। ग्राउंड और आसपास का क्षेत्र त्रिस्तरीय सुरक्षा में रहेगा। हर गेट पर निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड रहेंगे। पिचों पर विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सारे स्टैंड पर निजी बाउंसर लगाए गए हैं। ग्रीन पार्क के चारों ओर के क्षेत्र में घुड़सवार पुलिस की पेट्रोलिंग होगी। 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। भारत और बांग्लादेश टीमों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दो आईपीएस अधिकारियों को सौंपी गई है। होटल लैंडमार्क और विजय विला में एलआईयू और खुफिया विंग को भी लगाया गया है। किसी भी बाहरी आदमी को किसी खिलाड़ी से मिलने की अनुमति नहीं होगी।

> बांग्लादेश में जो हालात हैं, उसे लेकर पुलिस बहुत सतर्क है। मैच को लेकर पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इंटेलीजेंस एजेंसी से इनपुट लिए जा रहे हैं। किसी ने प्रदर्शन करने का प्रयास किया तो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-हरीश चन्दर, एडिशनल पुलिस कमिश्नर**

## ग्रीनपार्क के आस-पास सुधारी बिजली व्यवस्था



सिविल लाइंस में तारों से पेड़ की टहनियां हटाता कर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को कर्मचारियों ने छांटे-काटे पेड़

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क में 27 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच के दौरान अबाध बिजली आपूर्ति के लिए केस्को भी तैयारी में जुटा है। सोमवार को केस्को के अधिकारियों ने स्टेडियम के आसपास बिजली के तारों से सटे पेड़ और शाखाएं हटाने का कार्य कराया। इस कारण सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक सिविल लांइस व कॉन चैंबर फीडर की बिजली गुल रही। केस्को कर्मियों ने पेड़ काटने व टहनियां छांटने के साथ ही लाइन शिफ्टिंग का भी कार्य किया।

### लटकते तार सही कराए, नहीं फंसेगी खिलाड़ियों की बस

दोनों देशों की टीमों के खिलाड़ी परेड स्थित होटल लैंडमार्क में रुकेंगे। उनका लैंडमार्क से ग्रीन पार्क तक स्पेशल बस से आवागमन होगा। रास्ते में बिजली के लटके तार व्यवधान न बनें, इसलिए जिलाधिकारी राकेश सिंह के निर्देश पर केस्को अधिकारियों ने लैंडमार्क व सिविल लाइंस स्थित मेथाडिस्ट चर्च के आसपास खंभों से नीचे लटक रहे तारों को दुरस्त कराया।

## एक नजर

### नरेंद्र बने महासचिव



**कानपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कानपुर के नरेंद्र यादव को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है।

### फुजैल बने सचिव



**कानपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष नौशाद मंसूरी ने परेड अंसार नगर निवासी मोहम्मद फुजैल अंसारी को सचिव मनोनीत किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यकमों में दिखाया जलवा

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में सोमवार को दीक्षोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान विवि के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए प्रतिभा दिखाई। रानी लक्ष्मी बाई प्रेक्षागृह में हुए आयोजन में नवरात्र के पूर्व छात्राओं ने देवी स्वरूप नृत्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। देश की संस्कृति की झलक मंच से प्रस्तुतियों के जरिए प्रदर्शित की गई। छात्राओं की ओर से बांग्ला संगीत पर नृत्य को सभी की सरहाना मिली। फिल्मी और सांस्कृतिक गीतों को गाकर तालियां लूटी।

### बहुआयामी हॉल का लीकेज, सीलन रोकें

**कानपुर।** खेलो इण्डिया योजनान्तर्गत ग्राम मकसूदाबाद विकास खण्ड कल्यानपुर में स्वीकृत मल्टीपरपज हॉल के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने किया। उन्होंने बहुआयामी हॉल का लीकेज, सीलन और जंग रोकने के निर्देश दिये। मल्टीपरपज हॉल के विन्डोज में ग्लास पैनल लगाने, फर्श में वुडेन फ्लरिंग तथा वाल पैनलिंग का कार्य एवं मल्टीपरपज हॉल के सारे लीकेज/होल को बन्द करने का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है।

## बिकरू कांड: चौकी इंचार्ज की जमानत अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

- कोर्ट में तीसरी बार अर्जी खारिज की गई

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिकरूकांड में आरोपी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार शर्मा की जमानत अर्जी तीसरी बार खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि अपराध की गंभीरता और आरोपी की अपराध में भूमिका को देखते हुए जमानत दिए जाने का आधार नहीं है। कोर्ट ने आरोपी को 6 माह बाद ट्रायल के स्टेटस के साथ फिर से जमानत अर्जी दाखिल करने की छूट दी है।

केके शर्मा की जमानत अर्जी पर न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने सुनवाई की। इससे पूर्व के के शर्मा की 21 सितंबर 2021 को पहली जमानत अर्जी और 12 अप्रैल 2023 को दूसरी जमानत अर्जी हाईकोर्ट से खारिज हो चुकी है। बचाव पक्ष के वकीलों का कहना था कि आरोपी 8 जुलाई 2020 से जेल में बंद है और अभी ट्रायल जल्द पूरा होने की कोई उम्मीद नहीं है। जिन गवाहों के अब तक बयान हुए हैं उनमें से किसी में भी आरोपी की भूमिका सामने नहीं आई है। जमानत का विरोध करते हुए सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और विकास सहाय ने तर्क दिया कि कई महत्वपूर्ण गवाहों के बयान अभी नहीं हुए हैं। 22 मुख्य गवाहों के बयान अभी होने बाकी है, जिन्हें जमानत मिलने पर आरोपी प्रभावित कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी की भूमिका काफी गंभीर है, उसने पुलिस अधिकारी होते हुए अपने साथियों का भरोसा तोड़ा। जिस कारण उसके आठ सहकर्मियों की हत्या हो गई। कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## युवाओं को दिए निवेश के टिप्स

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट ने निवेशक शिक्षा और संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित की। 39वें दीक्षोत्सव समारोह के तहत आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और छात्रों व प्रतिभागियों को अपने निवेश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियों से लैस करना था।

कार्यशाला की प्रो-वाइस चांसलर प्रो. एसके अवस्थी और रजिस्ट्रार डॉ. अनिल यादव सह संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. सुदेश श्रीवास्तव, प्रो. अंशु यादव, आदित्य बिड़ला सनलाइफ एएमसी लिमिटेड ब्रांच हेड आयुष गौड़ ने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं को निवेश और निवेश की सुरक्षा पर महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

## नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का हुआ ओरिएंटेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित कृषि स्नातक छात्र छात्राओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्नातक उद्यान, कृषि, फॉरेस्ट्री एवं कम्युनिटी साइंस के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा की आप लोगों ने देश के ऐतिहासिक कृषि विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया है। इस संस्थान से पूर्व में कई अहम पदों पर छात्र, छात्राएं पदस्थापित हुए हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि वह अपनी लगन और मेहनत से अपने गांव, माता-पिता एवं गुरुजनों के साथ ही विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन करें। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ सीएल मौर्य ने विश्वविद्यालय के नियमों एवं पठन-पाठन से संबंधित विस्तार से छात्रों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में आईसीएआर के नोडल अधिकारी डॉ मुनीश कुमार ने छात्र छात्राओं को परीक्षा मूल्यांकन, आवश्यक सुविधाएं, छात्रावास, योगा, एनएसएस, एनसीसी, लाइब्रेरी, स्कॉलरशिप आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ पीके सिंह, अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ मुक्ता गर्ग, कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रवचन** | वृद्ध माता-पिता को वृद्धाश्रम भेजने वाले युवा पाप के अधिकारी

## बुजुर्गों के अनुभव से सीख लेने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मंदाकिनी दीदी। अमृत विचार

- दीदी मंदाकिनी ने युवाओं को दी परिवार के वृद्धजनों के सम्मान की सीख

**अमृत विचार।** युवा पीढ़ी आज बुजुर्ग माता-पिता को बोझ समझने लगी है। समाज में कई ऐसे युवा हैं जो माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं। इससे वे पाप के अधिकारी बनते हैं। युवाओं को चाहिए कि माता-पिता का सम्मान करते हुए उनके जीवन के अनुभवों का लाभ उठाएं। इससे उनके जीवन में कई तरह की परेशानियां दूर हो जाएंगी।

यह विचार सोमवार को मर्चेंट चेंबर में दीदी मंदाकिनी ने राम कथा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति दीर्घायु तो होना चाहता है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्टों के कारण उसे स्वीकार नहीं करना चाहता है। निश्चित रूप से इस उम्र में बाल्यवस्था जैसी स्मरण शक्ति नहीं रह जाती है, युवावस्था जैसी कर्मठता नहीं रह जाती है, लेकिन विचार और विवेक शक्ति बढ़ जाती है। श्री रामचरितमानस के बालकाण्ड में मनुष्य जाति के आदि पुरुष महाराज मनु ने इस विचार शक्ति का सुदपयोग किया तो वे धर्म शास्त्र के निर्माता और मनीषी हैं। उनको लगा कि जीवन का तीन चौथाई भाग तो विषय भोग के सुख पाने में व्यतीत हो गया। पूर्ण सुख तो ईश्वर की प्राप्ति में ही मिल सकता है। मनुष्य शरीर साधना का धाम है, अन्य सभी योनियां भोग योनि हैं। बुढ़ापा लंगड़ा और जवानी अंधी है। दोनों के सामने समस्याएं हैं। यदि एक दूसरे के सहायक बन जाएं तो परिवार और समाज की बहुत समस्याएं कट जाएंगी और राष्ट्र में भी खुशहाली आएगी। श्री रामलीला सोसायटी के अध्यक्ष महेन्द्र मोहन गुप्ता, प्रधानमंत्री कमल किशोर अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव गर्ग, मंत्री आलोक अग्रवाल, पवन अग्रवाल उपस्थित रहे।

## रिटायर डाककर्मी के घर घुसे चोर

**कल्याणपुर,** सत्यम विहार निवासी रमेश चंद गौतम पोस्ट ऑफिस में हेड क्लर्क के पद से सेवानिवृत्ति है। उन्होंने बताया कि रविवार रात खाना खाने के बाद पत्नी अर्चना व बेटे अखिल के साथ सो रहे थे। देर रात तीन युवक चोरी के इरादे से उनके मकान में दाखिल हुए।

अलमारी का लाकर तोड़ने के दौरान ही खटपट की आवाज से ग्राउंड फ्लोर पर सो रही पत्नी अर्चना की नींद खुल गई। उनके टोकने पर चोर मौके से भाग निकले। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया की फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप



शर्करा संस्थान में कार्यशाला की शुरुआत हुई। अमृत विचार

### शर्करा संस्थान में आबकारी अधिकारियों को प्रशिक्षण

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में आबकारी अधिकारियों को इथनॉल पर प्रशिक्षण देने के लिए सोमवार को 5 दिवसीय कार्यशाला का आरंभ एचबीटीयू के कुलपति प्रो डॉ. शमशेर व शर्करा संस्थान की निदेशिका प्रो सीमा परोहा ने किया। कार्यशाला में संस्थान की निदेशिका ने कहा कि डिस्टिलरी एवं बाटलिंग यूनिट में कच्चे माल की गुणवत्ता सुनिश्चित करना आबकारी विभाग की प्राथमिकता है। इसके साथ ही यह भी देखा जाता है कि इथेनाल किस तरह से प्रयोग किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षकों के शर्करा एवं इथेनाल की पृष्ठभूमि से नहीं जुड़े होने के कारण उनके लिये ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक हैं। शर्करा एवं इथेनाल-अवसर एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान हुए। डॉ. अनंतलक्ष्मी रंगराजन ने रॉ मैटेरियल्स से इथेनाल के उत्पादन पर विचार रखे। डॉ.अलका गुप्ता ने प्रयोगशाला संबंधी जानकारी दी।



श्याम खाटू की शोभायात्रा निकाली गई। अमृत विचार

### श्री श्याम खाटू की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा

**कानपुर।** मोतीझील में आयोजित श्री श्याम महोत्सव के रविवार मध्य रात्रि धूमधाम से समापन के बाद पंडाल में विराजमान श्री श्याम प्रभु प्रतिमा की श्री श्याम जी मित्र मण्डल की ओर से सोमवार को फूलबाग से फीलखाना स्थित श्याम मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान नीले घोड़े पर सवार प्रभु श्री श्याम खाटू की प्रतिमा पर भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा बिरहाना रोड, नयागंज, सिरकी मोहाल, काहू कोठी, कमला टॉवर होती हुई फीलखाना स्थित मण्डल के मुख्य कार्यालय व बाबा श्याम मंदिर पहुंची। रास्ते में भजनों पर भक्त नृत्य करते रहे। अध्यक्ष संजय खेमका, महामंत्री गोपाल गुड़ियावाला, कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, उत्सव संयोजक अनुपम अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल, संजय सरावगी, मनोज अग्रवाल, बनवारी लाल गुप्ता, श्याम गोयनका, संस्थापक सदस्य अतुल अग्रवाल मौजूद रहे।



पौधरोपण करते अनिल शर्मा और पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### पार्क में किया गया पौधरोपण

**कानपुर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ दबौली शाखा दुर्गा मंदिर प्रज्ञा मंडल व भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन की ओर से रामगोपाल चौराहे के पास पौधरोपण किया गया। इस दौरान पार्क में 50 पौधे लगाए गए। श्याम मनोहर पाठक प्रभारी, गायत्री प्रज्ञा पीठ के सेवक नरेंद्र प्रताप सिंह, शिवराम गुप्ता, आर के बाजपेई, वीरेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार, सत्यनारायण गुप्ता, श्याम सिंह, एमपी सिंह, व भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन में पुलिस चौकी गुजैनी रामगोपाल चौराहा इंचार्ज राहुल यादव, दिलीप शर्मा का विशेष सहयोग रहा।



शिक्षकों और समाजसेवियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### शिक्षक जमालुद्दीन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**कानपुर।** हलीम मुस्लिम इंटर कॉलेज कानपुर में अंग्रेजी शिक्षक के रूप में 1 अगस्त 1946 को अपना कॅरियर शुरू करने वाले 98 वर्षीय बुजुर्ग शिक्षक मास्टर जमालुद्दीन अहमद खान को लखनऊ मंस उत्तर प्रदेश राज्य इकाई टीम एएमपी द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। मास्टर जमाल की तबियत ठीक नहीं होने के चलते ये एवार्ड उनकी पौत्री राबिया खान ने हासिल किया। लखनऊ के होटल आरिफ कैसल में शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए आईएएस जोहरा चटर्जी ने ये अवार्ड सौंपा। वंचित वर्ग के छात्रों को मुफ्त में पढ़ाना उनकी दिनचर्या रही है। वे एक परामर्शदाता, प्रेरक और मार्गदर्शक हैं।



फैज-ए-आम इंटर कालेज में बुद्धिजीवियों एवं शिक्षकों का सम्मान हुआ।

### लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करें छात्र

**कानपुर।** फैज-ए-आम इंटर कालेज में एएमपी टीम द्वारा कॅरियर गाइडेंस प्रोग्राम में बुद्धिजीवियों, शिक्षकों ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपना भविष्य संवारने के लिए एक लक्ष्य निर्धारित करें। जबतक लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लें, हार नहीं मानें और निरंतर मेहनत करते रहें। कालेज के प्रिंसिपल मोईनुल इस्लाम को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर कलीम अहमद खान, शिक्षाविद शाहिद कामरान, कॅरियर काउंसलर सैयद अबरार अली और समीउल्लाह अंसारी आदि विशेषज्ञों ने छात्रों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक जुबैर अहमद , मोहम्मद इकबाल, शरीफ, जीशान, हस्सान एवं जावेद आदि मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 52 को मिली नौकरी

**कानपुर।** राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में सोमवार को रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में न्यू हॉलैंड प्राइवेट लिमिटेड नोएडा कंपनी के प्रतिनिधियों का साक्षात्कार लिया। मेले में कंपनी में आईटीआई व डिप्लोमा के 142 युवक-युवतियों ने साक्षात्कार दिया। इनमें 52 युवाओं को नौकरी हासिल हुई।

# 41 घंटे बाद युवक के शव का किया दाह संस्कार

## पतारा चौकी क्षेत्र के तरगांव का मामला, हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ा रहा परिवार, समझाने पर माने लोग

संवाददाता, पतारा

**गम और गुस्सा**

- रविवार सुबह रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था युवक का शव
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही चौकी पुलिस



तरगांव में शव के पास बैठी परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



ओमहरि के पिता और दोनों भाइयों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पतारा चौकी क्षेत्र के तरगांव में रविवार को रेलवे ट्रैक पर मिले एक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार को सौंप दिया गया, लेकिन हत्या की एफआईआर दर्ज कराने की मांग पर अड़े परिवार ने 41 घंटे बाद शव का दाह संस्कार किया। मामले के विवेचक चौकी इंचार्ज के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन पर परिवार शव का दाह संस्कार को तैयार हुआ। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।



ओमहरि मिश्रा।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के तरगांव निवासी रविभूषण मिश्रा के 27 वर्षीय पुत्र ओमहरि मिश्रा उर्फ हरिओम का रविवार की सुबह पतारा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा मिला था। ट्रैक पर शव मिलने के बाद से ही परिवार वाले हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर रविवार को पोस्टमार्टम कराया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था।

पोस्टमार्टम के बाद मिले शव को परिवार वाले अपने घर ले गए और अंतिम संस्कार करने के बजाय शव को बर्फ की सिल्ली में लगाकर रख लिया। परिवार वालों का कहना था कि जब तक हत्या की नामजद एफआईआर दर्ज नहीं की जाती, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सोमवार को घर के बाहर बर्फ की सिल्ली में रखे शव के पास परिवार और नाते-रिश्तेदारी की महिलाएं बैठी रहीं। परिवार वाले भी कार्रवाई की मांग पर अडिग रहे।

शव का अंतिम संस्कार नहीं करने की सूचना पर मामले की विवेचना कर रहे चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने पहले यह कहते हुए उनकी बात नहीं मानी कि पहले एफआईआर दर्ज की जाए, तभी अंतिम संस्कार करेंगे। चौकी इंचार्ज अरविंद मिश्रा का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा। देर शाम चौकी इंचार्ज के आश्वासन पर परिवार वालों ने शव का दाह संस्कार किया। इस दौरान परिवार वालों में गम और गुस्सा साफ दिखाई दे रहा था।

### पॉक्सो एक्ट में जमानत पर रिहा हुआ था युवक

पिता रवि भूषण मिश्रा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ओमहरि मिश्रा के गांव की ही एक लड़की से प्रेम संबंध थे। उस लड़की के पिता ने ओमहरि के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के साथ कई धाराओं में केस दर्ज कराया था। इस मुकदमे में ओमहरि 10 महीने जेल में रहकर जमानत पर बाहर आया, तो लड़की के पिता ने एक और प्रार्थना पत्र देकर ओमहरि मिश्रा के साथ उसके भाई ललित मिश्रा का भी जोड़ दिया। इस प्रार्थना पत्र के बाद पुलिस ने 10 अगस्त को मुकदमे में अपहरण की धारा बढ़ा दी। इसी आधार पर पुलिस ओमहरि मिश्रा को पुन : गिरफ्तार करना चाह रही थी।

### युवक के मोबाइल में मिलीं किशोरी की 20 मिस्ड काल

ओमहरि मिश्रा के गांव की किशोरी से प्रेम संबंध थे। पुलिस सूत्रों की मानें तो घटना के डेढ़ घंटे पहले तक युवक के मोबाइल पर किशोरी की 20 मिस्ड काल मिली हैं, जबकि कुछ फोन काल पाई गई हैं। इसी के आधार पर परिवार वाले साजिश के तहत बेटे की हत्या किए जाने का अंदेशा जता रहे हैं। फिलहाल तरगांव में पुलिस मौजूद है।

# फंदे पर लटकता मिला 10वीं की छात्रा का शव

संवाददाता, शिवराजपुर

**वजह साफ नहीं**

- पिंडदान के लिए गया (बिहार) गए हैं छात्रा के पिता
- घर पर सिर्फ मां-बेटी मौजूद थीं पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** क्षेत्र के काकूपुर रब्बन गांव में रविवार की देर रात हाईस्कूल की छात्रा का घर में फंदे पर लटका शव मिला। रात में ही परिजन छात्रा को लेकर शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और जांच कर रही है।



अनिका मिश्रा।

काकूपुर रब्बन गांव के रहने वाले उदय मिश्रा उर्फ रिंकू मिश्रा की 15 वर्षीय पुत्री अनिका चौबेपुर के वीवीआईपी स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। छात्रा के पिता उदय मिश्रा एक सप्ताह पहले अपने परिवार के सदस्यों के साथ पिंडदान करने गया (बिहार) गए हैं। घर में मां-बेटी थी। रविवार रात 12 बजे तक टीवी देखने के बाद अनिका अपने कमरे में सोने चली गई। रात में मां की नींद खुली तो उन्होंने कमरे में अनिका का शव पंखे में दुप्टे के सहारे लटकता देखा तो एकबारगी उनकी चीख निकल गई।

उन्होंने फौरन पारिवारिक सदस्यों को मामले की सूचना दी। रात में ही परिवार के लोग अनिका को फंदे से उतारकर शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल छात्रा के आत्महत्या करने की वजह साफ नहीं है। पुलिस जांच कर रही

# 5 सड़क हादसों में 8 लोग गंभीर घायल, हैलट रेफर

संवाददाता, घाटमपुर



हादसे में घायल महिला। अमृत विचार



घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रविवार देर रात पांच अलग-अलग सड़क हादसों में महिला सहित आठ लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

पहली हादसा घाटमपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव के पास हुआ। यहां पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एटा जिले के नयागांव निवासी पवन कुमार 35 वर्ष घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घायल को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

दूसरा हदास घाटमपुर थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव के पास हुआ। यहां पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सजेती थाना क्षेत्र के दुर्गागंज निवासी धर्मेंद्र 25 वर्ष व साथी कुआ खेड़ा गांव निवासी कुलदीप सचान घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर दोनो युवकों को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां दोनो का उपचार जारी है।

तीसरा हादसा घाटमपुर क्षेत्र के मुगल रोड पर स्थित बंबा के पास हुआ। यहां पर वाहन बाइक सवार युवकों को टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में बाइक सवार घाटमपुर के अछी मोहाल निवासी अभिषेक शर्मा 42 वर्ष व साथी अरुण कुमार घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर दोनो को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

चौथा हादसा घाटमपुर थाना क्षेत्र के परास गांव के पास चौथा सड़क हादसा हुआ। यहां पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घाटमपुर नगर के कजियाना मोहल्ला निवासी जमीर अहमद 25 वर्ष साथी कानपुर के परेड निवासी राकिस 18 वर्ष घायल हो गए। सूचना पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। जहां दोनो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

पांचवां हादसा सजेती थाना क्षेत्र गांव अज्योरी के पास पाचवां सड़क हादसा हुआ। यहां पर सड़क किनारे खड़े ऑटो को डंपर टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में धनीराम की पत्नी गंगाजली 60 वर्ष उनकी बेटी ममता घायल हो गई। पीएनसी ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने दोनो को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां दोनो का उपचार जारी है।घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अलग अलग सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना की जांच की जा रही है।

# कैश के साथ लाखों के जेवर चोरी

संवाददाता, घाटमपुर

**परिवार सोता रहा**

- कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ले में रविवार रात हुई वारदात
- परिवार वाले जागे तो छत से कूदकर भाग गए चोर



चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्बे में रविवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर 20 हजार की नकदी और लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए। शोर सुनकर परिवार वाले जागे तो चोर छत से कूदकर भाग निकले। गृहस्वामी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

कस्बे के जवाहर नगर निवासी अमित गुप्ता ने पुलिस ने बताया कि घर पर उनकी पत्नी मंजू, मां गीता देवी, भाई ललित और उसकी पत्नी निधि घर पर थी। रात में छत के रास्ते से घुसे चोरों ने कमरे के अंदर बक्शे और अलमारी में रखे 20 हजार की नकदी समेत लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर लिया। इसके बाद चोर छत पर सो रहे अमित की तकिया के नीचे रखा मोबाइल फोन उठाने लगे, तभी अमित की नींद खुल गई तो चोर छत से कूदकर भाग निकले।

परिजनों ने सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घटना की जांच करने के साथ चोरों की तलाश में जुट गई है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# अवैध कब्जे पर दी गई तहरीर

संवाददाता, बिधनू

**अब पुलिस करेगी कार्रवाई**

- नई रविवार की रात सन्नाटे में कराया गया निर्माण कार्य
- निर्माण कार्य नहीं रोके जाने पर बिधनू थाने में दी गई तहरीर



रविवार रात में कराया गया निर्माण कार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जामूं में राम गंगा नहर की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर राइस मिल और धर्मकांटा का निर्माण कराए जाने के खिलाफ सोमवार को बिधनू थाने में तहरीर दी गई है। करीब एक हफ्ते बाद यह मामला अब पुलिस के पास पहुंच गया है।

जामूं में किसान नगर रोड के पास राम गंगा नहर की बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर जिस तरह निर्माण कार्य शुरू कराया गया, वह नहर विभाग और राजस्व विभाग के लिए चुनौती बन गया है। अवैध कब्जे की शिकायत पर जेई की ओर से जमीन की नाप कराने और अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने के बाद भी कोई असर नहीं हुआ। खास बात यह है कि जब राजस्व विभाग ने हस्तक्षेप किया तो अपने को भाजपा नेता बताने वाले कब्जाधारक ने रविवार को रातों-रात तेजी से निर्माण कार्य शुरू करा दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि अवैध निर्माण की शिकायत पर निर्माण रुकवाया गया था। नाप में 11 बिस्वा जमीन में ही निर्माण की इजाजत दी गई है। उन्होंने बताया कि बिधनू थाने में तहरीर दे दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर नाजायज कब्जे वाली जमीन पर निर्माण कराया गया तो मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

## बॉर्डर के गांवों में सक्रिय रहे पुलिस

**बिल्हौर।** आईपीएस एसीपी सुमित रामटेक ने ककवन थाने में सोमवार को लंबित मामलों की विवेचनाओं पर चर्चा की और थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने गंभीर अपराधों की लंबित विवेचना में हो रही देरी पर आवश्यक निर्देश दिए।

इस मौके पर उन्होंने कानपुर नगर, कानपुर देहात और कन्नौज जनपद के बॉर्डर के गांवों में अधिक सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराध से जुड़े सवाल भी किया और उनके मामलों की जानकारी ली। उन्होंने मालखाना के साथ अन्य रखरखाव की व्यवस्था को भी जांचा परखा। आगामी त्योहारों पर तैयारी की समीक्षा की। पुलिस कमिश्नर के ऑपरेशन क्लीन की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह, अतिरिक्त थाना प्रभारी अबरार खान आदि रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

संवाददाता, चौबेपुर

- चौबेपुर थाना क्षेत्र के भिंडुरी गांव के हुआ हादसा
- रेलवे लाइन क्रॉस करते समय चपेट में आया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भिंडुरी गांव में सोमवार सुबह खेत पर शौंचक्रिया के लिए गया युवक रेलवे लाइन क्रॉस करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया।हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

भिंडुरी गांव निवासी मोहनलाल (35) पुत्र प्रेमचंद के परिवार में पत्नी की करीब दो वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। दो बच्चों में एक बेटी 7 वर्ष की, जबकि दूसरी ढाई वर्ष की है। बताया गया है कि मजदूरी कर बच्चों का भरण पोषण कर रहा मोहनलाल सोमवार सुबह शौंचक्रिया के लिए खेत पर गया था।तभी गांव के सामने ही रेलवे लाइन क्रॉस करने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। राह गुजरते लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पोल नंबर 26/11 के समीप रेलवे ट्रैक किनारे युवक का शव पड़ा हुआ था। हादसे की जानकारी पर पहुंचे मृतक के भाई शंकर लाल द्वारा शिनाख्त किये जाने के पश्चात बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि मृतक के शरीर पर हल्के चोटों के निशान है।आशंका है कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वह मामूली रूप से ट्रेन की चपेट में आ गया।

## सार-संक्षेप



लापता हुए बच्चों को पुलिस ने मां के सुपुर्द किया। अमृत विचार

### लापता बच्चों को पुलिस ने 2 घंटे में किया बरामद

**बिठूर।** मंधना चौकी क्षेत्र के अवध विला बगधौदी बांगर के शिवनंदन के दो बेटे कृष (10) और ऋषि (8) रविवार शाम करीब पांच बजे अचानक घर से लापता हो गए। बच्चों के घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की, मगर पता नहीं चला। चौकी प्रभारी अमित मलिक ने बच्चों की खोजबीन शुरू की। चौकी प्रभारी ने दोनों बच्चों को महाराणा प्रताप स्कूल के पास खेलते हुए बरामद कर लिया। 2 घंटे के अंदर लापता बच्चों के बरामद होने के बाद पुलिस ने भी राहत की सांस ली। दोनों बच्चों को पाकर मां पूनम खुशी से चहक उठी। चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों बच्चे एक साथ खेलते-खेलते महाराणा प्रताप स्कूल के पास पहुंच गए थे। इसके बाद वह घर जाने के लिए रास्ता भटक गए। दोनों बच्चों को बरामद करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सरसौल सीएचसी में कैंप लगाकर जांची गई सेहत

**सरसौल।** आयुष्मान भारत के 6 वर्ष पूर्ण होने पर सरसौल सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में सोमवार को कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रानू शुक्ला, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक विनय तिवारी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की ओर से कराए गए विकास कार्यों से सभी को अवगत कराया। शिविर में मुख्य रूप से डॉ. विशाल, डॉ. विष्णु आधार त्रिपाठी, डॉ. सुनील शुक्ला, डॉ. अनीता यादव, हेमंत, अंशुमान, अजय निषाद, पूतू शुक्ला, सोनू उपस्थित रहे।



बैग पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। अमृत विचार

### आईटीआई में छात्र-छात्राओं को बांटे गए बैग

**घाटमपुर।** नौरंगा स्थित ज्वाला प्रसाद प्राइवेट आईटीआई के चेयरमैन सत्यप्रकाश कुरील और प्रधानाचार्य मो. इमरान ने कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट की प्रशिक्षार्थी रोशनी, अंजू देवी, रौनक, एकता, अंजू, इंशा वारसी, रोहिनी, फ़िटर प्रथम वर्ष के प्रशिक्षार्थी शिवा, इलियास, मो .रियाज, फ़िटर द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थी वैभव मिश्रा, अभिषेक, इलेक्ट्रीशियन प्रथम वर्ष में चांदबाबू, मो. कैफ, कपिल, इलेक्ट्रीशियन द्वितीय वर्ष के उमाकांत, विशाल कुमार को उत्तीर्ण होने पर बैग देकर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि कोपा ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों की अप्रेंटिस कानपुर में कराई जाएगी। इलेक्ट्रीशियन के प्रशिक्षार्थियों को लखनऊ में सूर्य मित्र योजना में ट्रेनिंग और प्लेसमेंट कराया जा रहा है। यहां अनुदेशक कामता प्रसाद, स्वाति वर्मा उपस्थित रहीं।

### ककवन में 500 सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सोमवार को नहर पुल पर दो सीसीटीवी कैमरा लगवाए गए। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहे हैं। ककवन थाना क्षेत्र के 133 स्थानों पर 500 से अधिक कैमरे लगवाए जा चुके हैं।

## एक नजर

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, पुलिस पहुंची

**साढ़।** साढ़ थाना क्षेत्र के कुम्हड़िया गांव के संजय पाल के बेटे नीरज उर्फ छोटू (18) ने सोमवार को घर के कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। साढ़ थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### दीवार तोड़ने में हुआ विवाद

**बिधनू।** क्षेत्र के कठारा के दयालपुर में दीवार तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित पक्ष 4 दिन से थाने और चौकी के चक्कर काट रहा है। कठारा के दयालपुर में देर रात पड़ोसियों ने ममता देवी पत्नी राजबहादुर की शनिवार देर रात दीवार गिरा दी। इसका विरोध परिवार के लोगों ने किया तो पड़ोसी राहुल, पुनीत, शिवशंकर समेत पांच लोगों ने पूरे परिवार को पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर आती है तो मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जाएगी।

**अनदेखी** — संपर्क मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों में आए दिन होतीं दुर्घटनाएं, चोटहिल होते मुसाफिर

# मंधना से सहज्योरा की राह आसान नहीं

संवाददाता, चौबेपुर



गड्ढों में तब्दील मंधना-सहज्योरा मार्ग। अमृत विचार

- पांचालेश्वर मंदिर में रोजाना श्रद्धालुओं का आवागमन
- ग्रामीणों ने जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग उठाई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मंधना-सहज्योरा संपर्क मार्ग पर पांचलेश्वर मंदिर के निकट क्षति ग्रस्त सड़क राहगीरों के लिए मुसीबत उत्पन्न किए है। लंबे समय से व्याप्त समस्या की ओर जनप्रतिनिधि भी कोई ध्यान नहीं दे रहे। समस्या से गुजर रहे लोगों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करा मार्ग की मरम्मत अविलंब कराए जाने की मांग की है।

एक ओर जहां प्रदेश सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने की बात लगातार दोहरा रही है। वहीं निचले स्तर पर बरती जा रही लापरवाही से तमाम सड़कें जर्जर स्थिति में हैं। क्षेत्र के मंधना- सहज्योरा संपर्क मार्ग पर पाँचालेश्वर मंदिर के निकट करीब डेढ़ किमी मार्ग पर हुए बड़े-बड़े गड्ढे यहां से आवागवन करने वाले लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं।समस्या के बाबत सहज्योरा ग्राम प्रधान निधि शुक्ला, रमाकांत बाजपेई, बृजेंद्र बाजपेई, महेश शुक्ला, लालाराम, सत्यनारायण, रघुनाथपुर निवासी अभिषेक त्रिपाठी, कमल राजपूत, हरिशंकर ,पचोर के पूर्व प्रधान पीयूष मिश्रा, राजू तिवारी व रामजी चौरसिया आदि ने बताया कि मार्ग पर कई फीट गहरे व बड़े आकार के गड्ढे हो जाने से अवागमन में समस्या उत्पन्न है। इधर बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दिक्कत और भी बढ़ गई है। पानी के कारण गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, परिणामस्वरुप आए दिन दो पहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चुटहिल होते हैं। ग्रामीणों के अनुसार प्राचीन पाँचालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का अवागमन रहता है।ऐसे में खस्ताहाल मार्ग लोगों की समस्या को बढ़ाये है। कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी समस्या के बाबत अवगत कराया गया, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। समस्या को गंभीरता से लेते हुए इलाकाई लोगों ने प्रमुख मार्ग की मरम्मत यथाशीघ्र कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से एक बार पुनः दोहराई है।

## बुखार से महिला की थमीं सांसें

**पतारा।** चौकी क्षेत्र के महिपालपुर तरगांव में बुखार से एक महिला की मौत हो गई। प्राइवेट अस्पताल में इलाज के बाद उसे हैलट में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

महिपालपुर तरगांव निवासी तिलक सिंह उर्फ मिठाईलाल की पत्नी ओमवती (62) को 17 सितंबर को बुखार आया था। इसके बाद उसने गांव में ही इलाज कराया। तीन दिन इलाज के बाद गांव में उसे जवाब दे दिया गया। इसके बाद बेटा उन्हें घाटमपुर के एक निजी अस्पताल ले गया, जहां एक दिन इलाज के बाद सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इमरजेंसी से जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया, जहां तीन- चार घंटे इलाज के बाद उनकी मृत्यु हो गई। मां की मौत से 11 वर्षीय पुत्री और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मंत्री के चेक बांटने की जांच होनी चाहिए: राय

## फैक्ट्री अग्निकांड के पीड़ितों से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, बोले- फैक्ट्री प्रबंधन की राहत चेक बांट रहे मंत्री

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** खानचंद्रपुर-मटियामऊ रोड पर फोम से गद्दा बनाने वाली फैक्ट्री में अग्निकांड से छह मजूदरों की मौत के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को पीड़ित परिवार से मिलने जरिहा गांव पहुंचे। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन की तरफ से कैबिनेट मंत्री द्वारा पीड़ित परिवारों को राहत चेक बांटने का आरोप लगाया। बाद में उन्होंने पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की।

रनियां क्षेत्र के खानचंद्रपुर-मटियामऊ रोड पर आरपी पॉली पैक प्राइवेट लिमिटेड के मालिक अजय अग्रवाल की फैक्ट्री में फोम से गद्दा बनाया जाता था। फैक्ट्री में शनिवार की सुबह दस मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई थी और तेज धमाके के साथ टीनशेड ढह गई थी। जिससे वहां काम कर रहे सभी मजदूर दब गए थे।

घटना में छह मजदूरों की मौत हो गई थी। जबकि चार का इलाज चल रहा है। पुलिस ने अग्निशमन अधिकारी की तहरीर पर कंपनी के तीन डायरेक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

सोमवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय अग्निकांड में मृतक अजीत व रोहित के परिजनों से मिलने जरिहा गांव पहुंचे। उन्होंने घटना के बारे में जानकारी ली और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है और सरकार के संरक्षण में यह फैक्ट्री संचालित हो रही थी। बिना एनओसी कारखाने संचालित है और सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि फैक्ट्री मालिकों की तरफ से कैबिनेट मंत्री पीड़ितों को चेक बांट रहे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश सरकार की ओर से मृतकों और घायलों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल रॉय, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, जिलाध्यक्ष नरेश कटियार, पूर्व जिलाध्यक्ष नीतम सचान, मदन मोहन शुक्ला, आलोक मिश्रा, करिश्मा ठाकुर, कनिष्क पांडेय, समीम कुरैशी, रोहित कटियार, डीपी राठौर, सुरेंद्र कटियार, सगीर अहमद, अंबरीश सिंह, राकेश बाजपेई, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।



अग्निकांड के पीड़ितों से मिलते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार



अग्निकांड में झुलसे युवक का हालचाल लेते प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने घायलों का लिया हालचाल

- फोम फैक्ट्री में अग्निकांड से झुलसे दो मजदूरों का जिला अस्पताल अकबरपुर में इलाज चल रहा है। सोमवार को पीड़ित परिवारों से जरिहा गांव पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से लोगों ने घायलों के उपचार में हीलाहवाली व फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई न होने का आरोप लगाया। जिसपर प्रदेश अध्यक्ष ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होने की बात कही। बाद में वह घायलों से मिलने जिला अस्पताल भी गए।

# गैंगस्टर मामले में अदालत ने छह अभियुक्तों पर तय किए आरोप

**बिकरू कांड**

● गैरहाजिर तीन आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों पर की गई गैंगस्टर कार्रवाई से बची तीन महिलाओं सहित नौ लोगों पर जनवरी 2023 को पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। मामले में गैंगस्टर कोर्ट ने अदालत में उपस्थित रहे छह आरोपियों पर आरोप तय किए। वहीं तीन आरोपियों की ओर से दिए गए स्थगन प्रार्थना पत्र को कोर्ट ने खारिज कर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। मामले की सुनवाई अब 14 अक्टूबर को होगी।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी। जबकि छह पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस ने कुख्यात विकास दुबे सहित 21 नामजद व 50-60 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। घटना के बाद पुलिस ने कुख्यात विकास दुबे सहित छह बदमाशों को मुठभेड़ में मार दिया था। साथ ही अन्य आरोपियों को जेल भेजा था। पुलिस ने उसी दौरान जेल में निरुद्ध 30 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। जिसमें कोर्ट अपना फैसला सुना चुकी है। वहीं पुलिस ने वर्ष 2022 में दो आरोपियों उमाशंकर व विपुल दुबे पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। जिसमें अभियोजन गवाही चल रही है। इसके बाद 19 जनवरी 2023 को चौबेपुर पुलिस ने बिकरू मामले के अन्य नौ आरोपियों क्षमा दुबे, रेखा अग्निहोत्री, शांति देवी, संजय सिंह परिहार, अभिनव तिवारी, अमन शुक्ला, रामजी उर्फ राधे कश्यप, शुभम पाल व विष्णु कश्यप के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही कर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। जिसमें आरोप पर सुनवाई विचाराधीन चल रही थी।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट दुर्गेश की अदालत में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि सोमवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट में हाजिर छह आरोपियों क्षमा दुबे, रेखा अग्निहोत्री, शांति देवी, संजय सिंह परिहार, विष्णु कश्यप व शुभम पाल के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। वहीं जमानत पर चल रहे तीन आरोपियों अभिनव तिवारी, राधे उर्फ रामजी व अमन शुक्ला के अदालत में हाजिर न होने पर बचाव पक्ष की ओर से दिए गए स्थगन प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया गया। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश दिए गए हैं।

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की बिगड़ी हालत

**मंगलपुर।** जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ गई। मंगलपुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर निटर्रा गांव के रोहित कुमार की पत्नी निर्मला ने सोमवार को अज्ञात कारणों से घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे हवासपुर सीएचसी ले गए। जहां डॉ. वैभव कटियार ने प्राथमिक किया। महिला की करीब दो माह पूर्व ही शादी हुई थी और मायके जाने की जिद कर रही थी, लेकिन पति रोहित ने मना किया था।

### बाइक सवार घायल

**मंगलपुर।** चौपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। राजपुर थाना क्षेत्र के गोहार गांव निवासी अजय (26) सोमवार को किसी काम से कस्बा झींझक आया था। बाइक से वापस घर जाते समय रेलवे ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार अज्ञात चौपहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से सीएचसी झींझक में भर्ती कराया गया।

# बच्चों के लिए बनाएं बेहतर माहौल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** निपुण भारत अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प एवं मिडडे मील योजना संचालन के संबंध में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन में हुई।

सीडीओ लक्ष्मी एन. ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बाल वाटिका से लेकर कक्षा तीन तक के बच्चों के भाषा और गणित के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विद्यालय वार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह के लिए 60 प्रतिशत निपुण बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यदि विद्यालय में बच्चा आएगा ही नहीं तो उन्हें निपुण कैसे बनाया जाएगा। ऐसे में बीएसए बच्चों को निपुण बनाए जाने के लिए विशेष प्राथमिकता प्रदान करें। साथ ही बच्चों को निपुण भारत अभियान के साथ-साथ बच्चों को एक अच्छा भौतिक वातावरण एवं आवश्यक संसाधन मुहैया कराएं। उन्होंने विद्यालयों में जल भराव और छत टपकने जैसी समस्याओं को देखते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिए। ताकि बच्चे सुरक्षित वातावरण में विद्यालय आ जा सके। सीडीओ ने मध्यांन भोजन योजना अंतर्गत बरसात के मौसम में विशेष सावधानी बरतते हुए खाद्यान्न को रखने, भोजन बनाने और परोसते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने को कहा। बैठक में बीएसए अजय कुमार मिश्र, जिला समन्वयक सौरभ श्रीवास्तव, एसआरजी अनंत त्रिवेदी, संत कुमार दीक्षित आदि उपस्थित रहे।




सोमवार को विकास भवन में बैठक करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

● जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में सीडीओ ने दिए निर्देश

# महिला डॉक्टर से दुष्कर्म लूट का आरोपी गया जेल

संवाददाता, रूरा

● महिला डॉक्टर ने अजमेर में दर्ज कराई थी जीरो एफआईआर

**अमृत विचार।** कानपुर के कल्याणपुर की रहने वाली महिला डॉक्टर ने अजमेर में रूरा निवासी ममेरे भाई पर एक लाख रुपये लूटने और दुष्कर्म की जीरो एफआईआर दर्ज कराने के मामले में रूरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कानपुर नगर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती अजमेर राजस्थान में आयुर्वेद चिकित्सक है। वह अजमेर के एक स्वास्थ केंद्र में तैनात हैं। आरोप के अनुसार महिला डॉक्टर का ममेरा भाई अपनी पत्नी से अलग होने के बाद से उस पर बुरी नीयत रखता था और उसके आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए थे। जिसको लेकर वह ब्लैकमेल करता था।

महिला डॉक्टर के मुताबिक 13 सितंबर को एक लाख रुपये लेकर उसने अपने घर बुलाया और रसूलाबाद में जमीन दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद अपने घर ले जाकर दो दिन तक दुष्कर्म किया। अजमेर में दर्ज जीरो एफआईआर के यहां पहुंचने के बाद रूरा पुलिस ने दुष्कर्म व लूट में आरोपी पंकज उर्फ संदीप अवस्थी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



दुष्कर्म का आरोपी।

# रोड की रेलिंग तोड़ ट्रक ने दूधिये को रौंदा, मौत

**सिकंदरा।** तेज रफ्तार ट्राला ट्रक के चालक ने सर्विस रोड के बीच में बनी रेलिंग तोड़ते हुए बुजुर्ग दूधिया को कुचल डाला, जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के सूर्या ढाबे के सामने कानपुर से औरैया की ओर जाने वाले हाइवे पर सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्राला ट्रक ने हाइवे व सर्विस रोड के बीच लगी रेलिंग को तोड़ते हुए सर्विस रोड पर साइकिल से दूध लेकर जा रहे गंगादीन (65) निवासी ग्राम महमूदपुर थाना सिकंदरा को कुचल डाला। जिससे दूधिया की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के समय जब ट्राला ट्रक रेलिंग पर चढ़ा तो सर्विस रोड किनारे कानपुर, दिल्ली, जयपुर आदि जगहों के लिए जाने वाली शताब्दी बसों में बैठाने वाले टिकट बुकिंग की दुकान में मौजूद सवारियों के बीच अफरा तफरी मच गयी। लोग सामान छोड़कर सुरक्षित जगहों की ओर भागने लगे।

बुजुर्ग की मौत पर परिजनों के बीच मातम छा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि ट्राला ट्रक को कब्जे में लिया गया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पय कार्यवाही की जाएगी।

### घर से जेवरात के साथ सामान चोरी

**रूरा।** सुनवर्षा गांव में सूने घर से चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात व गृहस्थी का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

रूरा क्षेत्र के सुनवर्षा की चंद्रावती ने बताया कि एक महीने से उसका इलाज गाजियाबाद के अस्पताल में चल रहा है। देखभाल छोटा पुत्र दीपक कर रहा है। घर में ताला पड़ा था। रविवार को जब दीपक गांव पहुंचा तो ताला टूटा था। पड़ोसियों से पता चला कि रविवार की सुबह कुछ लोगों ने घर का ताला तोड़कर इनवर्टर बैटरी, बर्तन, गैस चूल्हा, एक क्विंटल गेहूं, सोने के बाले, चांदी की तोड़िया चोरी की हैं। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




बैठक को संबोधित करते अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले और मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

# हर बूथ पर भाजपा बनाएगी 100 सदस्य

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता, रक्तदान और रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पार्टी कार्यालय में बैठक हुई।

सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रत्येक बूथ में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के बाद सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सदस्य बनाएंगे। उस दिन प्रत्येक बूथ पर सौ सदस्यता अनिवार्य है। दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान के अलावा खादी को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। सांसद ने कहा कि 25 सितंबर को उनकी मां की भी पुण्यतिथि है। कार्यकर्ताओं से कंचौसी पहुंचने का आग्रह किया। वहां वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के मंत्री शामिल होंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी, संचालक बृजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह गुड्डन, रामजी मिश्रा, रामजी अग्निहोत्री, शिव विलास मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि रहे।

## सार-संक्षेप



दुर्वासा आश्रम परिसर में श्रमदान करते अधिकारी व क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

### दुर्वासा आश्रम सेंगुर घाट पर चला सफाई अभियान

**कानपुर देहात।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सोमवार को मलासा ब्लाक की निगोही ग्राम पंचायत स्थित महर्षि दुर्वासा ऋषि आश्रम सेंगुर नदी घाट पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम डीपीआरओ विकास पटेल व पीडी विवेक कुमार सैनी की उपस्थिति में हुआ। जिसमें स्कूली छात्राओं के साथ निगोही ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रमदान के बाद सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।



राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज की जिला कार्यकारिणी गठित

**सिकंदरा।** तहसील क्षेत्र के रसधान स्थित एक मैरिज हॉल में राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राम प्रसाद अवस्थी के आवाहन व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री के निर्देशन में पहुंचे कानपुर मंडल अध्यक्ष प्रकाश नारायण अग्निहोत्री, महामंत्री अनिल कुमार मिश्र ने बैठक की। जिसमे सर्वसम्मति से रसधान निवासी समाजसेवी यतींद्रनाथ बाजपेई उर्फ साहू बाजपेई को संगठन का जिलाध्यक्ष व अश्वनी शुक्ला को जिला महामंत्री चुना गया। वहीं मनोनीत जिलाध्यक्ष व महामंत्री के अनुमोदन पर अश्वनी पांडेय उर्फ कुन्नू पांडेय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक पांडेय उर्फ मोनू पांडेय को जिला संगठन मंत्री, अमित शुक्ला को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मंडल अध्यक्ष व महामंत्री ने पदाधिकारियों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिंह भेंट की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही संगठन का विस्तार करते हुए जनपद की सभी तहसील व ब्लॉकों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर ली जाएगी।

### विवाहिता ने मायके में फंदा डालकर दे दी जान

**मंगलपुर।** बलाई बुजुर्ग गांव में एक महिला ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट टीम ने जांच की। नायब तहसीलदार ने पंचायत नामा कार्रवाई कराई। सोमवार को रूरा निवासी राहुल की पत्नी प्रीति (24) ने डेरापुर थाना क्षेत्र के बलाई बुजुर्ग गांव मायके में संदिग्ध हालात में घर के अंदर कमरे में लगे पंखे के हुक में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अनिरुद्ध सिंह ने पंचायत नामा की काईवाई कराई। डेरापुर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### फैजअलीपुर में दो घर गिरे, गृहस्थी बर्बाद

**राजपुर।** बारिश के बाद नमीं से कच्चे घरों के ढहने का सिलसिला जारी है। फैजअलीपुर गांव में दो कच्चे घर गिरने से उसमें रखा घर गृहस्थी का पूरा सामान बर्बाद हो गया। पीड़ितों ने तहसील प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। अमरौधा ब्लॉक के शेखपुर ग्राम पंचायत के मजरा फैजअलीपुर गांव निवासी शमसाद खेतिहर मजदूरी कर परिवार का पालन करते हैं। सोमवार सुबह वह पत्नी मुर्शिदा बेगम के साथ खेतों पर मजदूरी करने गए थे। बेटियां फैजी व फिजा दरवाजे पर खेल रही थी। तभी अचानक कच्चा घर भर-भराकर गिर गया। वहीं इसी गांव की आसमा बेगम का कच्चा घर ढहने से कमरे में रखा अनाज, कपड़े व खाने-पीने का सामान मिट्टी के मलबे में दबकर पूरी तरह जमींदोंज हो गया। आसमा ने बताया कि उसका पति दिलशाद दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह से परिवार का पालन करता है। घर गिरने से रहने की समस्या खड़ी हो गई है और परिवार खुले आसमान में रहने को मजबूर है। भोगनीपुर तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर आर्थिक मदद की जाएगी।

### कृत्रिम उपकरण के लिए 250 लोगों का पंजीकरण

**संदलपुर।** सोमवार को ब्लॉक संदलपुर में कृत्रिम उपकरण पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 वर्ष से अधिक बुर्जुगों ने पहुंच कर अपना पंजीकरण कराया। डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि कैंप में करीब 250 लोगों का पंजीकरण किया गया है। इस मौके पर डॉ. पंकज आनंद, डॉ. प्रिया अवस्थी, जयप्रकाश यादव, नवीन कुमार मिश्रा, विजय कुमार, अनिल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी से हाईटेंशन लाइन हटाने की गुहार

**राजपुर।** कस्बा में घरों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के तार लोगों के लिए आफत बने हुए हैं। लोगों को आए दिन हादसे का डर रहता है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का निस्तारण न होने पर लोगों ने डीएम से हाईटेंशन लाइन हटवाने की गुहार लगाई है। राजपुर के मुखर्जी नगर के वीरेंद्र कुमार, दीपक मिश्रा, रामू कटियार, सर्वेश गुप्ता, रामबाबू आदि ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मोहल्ले से लोगों के घरों के बीच से हाईटेंशन तार गुजरा है। लोड बढने से तारों में आए दिन स्पार्किंग होती है। जिसे हादसे का खतरा बना रहता है। हाईटेंशन लाइन के तार कई मकानों की छत से टकरा रहे हैं। बारिश के दौरान घर में करंट भी उतर चुका है। समस्या समाधान के लिए मोहल्लेवासी बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस बावत जेई सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि राजपुर कस्बे में नई विद्युत लाइन बनाई जा रही है। लोगों के घरों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइनों को परिवर्तित किया जाएगा।

**बैठक** जनपद में एक से 31 अक्तूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

# अभियान में लापरवाही पर कार्रवाई तय : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 अक्तूबर तक एवं दस्तक अभियान 11 से 31 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। जिसके सफल क्रियांवयन के लिए अंर्तविभागीय बैठक डीएम की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई।

सोमवार को बैठक में डीएम आलोक सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चलाए जाने वाले अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही पूर्व में संचालित अभियान में पाई गई कमियों में सुधार लाते हुए संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। जिससे जनपद की रैंकिंग शीर्ष रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग के द्वारा अभियान में लापरवाही की जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने डीपीआरओ को कार्य योजना के अनुरूप प्रत्येक गांव में सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटीलार्वा छिड़काव, नालों की सफाई कराने के निर्देश दिये। वहीं जुलाई में चलाए गए अभियान के फीडबैक व आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 20 सितंबर से 30 सितंबर तक चलाए गए आयुष्मान पखवाड़ा की भी समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत अधिकतम उपलब्धि वाले अनंतराज हास्पिटल अकबरपुर, सीएचसी पुखरायां, गौरी हास्पिटल नबीपुर, सीएचसी गजनेर, सीएचसी रसूलाबाद, ओम हॉस्पिटल व सीएचसी सिकंदरा को प्रशस्ति पत्र दिया।

इस दौरान सीएमओ डॉ. एके सिंह, पीडी वीरेंद्र सिंह, डीपीआरओ विकास पटेल, डीपीओ राकेश यादव आदि उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

### अभियान चलाकर क्षतिग्रस्त सड़कों की कराएं मरम्मत

- **कानपुर देहात।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। डीएम आलोक सिंह ने अभियान चलाकर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व हाईवे पर फैली बजरी हटाने के निर्देश दिए। सीवीओ से कहा कि सड़कों पर निराश्रित घूम रहे गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित कराएं। वहीं सड़कों पर संचालित हो रहे बस व टेंपो स्टैंड को तत्काल स्थान चिंहित कर स्थानांतरित कराने के निर्देश दिए। सर्विस रोड पर अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल नोटिस देकर हटवाने को कहा। डीएम ने परिवहन विभाग को बिना नंबर प्लेट के संचालित हो रहे वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीओ लक्ष्मी एन., एडीएम प्रशासन अमित कुमार समेत अन्य अधिकारी रहे।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर किशोर की मौत

**मंगलपुर।** बैंक में खाता खुलवाकर घर लौट रहा किशोर रेलवे लाइन पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के लगरथा गांव का रहने वाला रोहित (16) सोमवार को बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा झींझक में खाता खुलवाने के लिए आया हुआ था। खाता खुलवाने के बाद शाम को वह अपने घर वापस जा रहा था। तभी झींझक रेलवे क्रॉसिंग के पास डीएफसीसी लाइन पार करते समय अप लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने उसे झींझक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉ. शिरोमणि ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर मां रचना देवी, भाई मोहित, बहन रोशनी, काव्या आदि का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## एसटीएफ लखनऊ व अचलगंज पुलिस से हुई थी मुठभेड़, सुल्तानपुर में एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को हुई थी डकैती

# एसटीएफ सिपाही की बुलेट प्रूफ जैकेट में धंसी बदमाशों की गोली

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत कुलुहागाड़ा क्षेत्र के पास सोमवार सुबह हुई एसटीएफ की सुल्तानपुर में हुई डकैती में शामिल बदमाशों की मुठभेड़ में सिर्फ एक बदमाश ही ढेर नहीं हुआ बल्कि एसटीएफ की टीम में शामिल रहे एक हेड कांस्टेबल रवि वर्मा भी बदमाशों की गोली का शिकार हुए।

हालांकि उनके द्वारा बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के चलते गोली जैकेट में धंस गई और वह बाल-बाल बच गए। हेड कांस्टेबल ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान वे सबसे आगे थे तभी बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें जवाबी फायरिंग के दौरान एक बदमाश को गोली लगी और वह वहीं ढेर हो गया। बताया कि इस दौरान एक बदमाश ने सीधे उनके सीने पर फायर किया था। लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के चलते वे बाल-बाल बच गए।


मुठभेड़ के बाद मौजूद पुलिस बल व ग्रामीण। अमृत विचार

### जेवर बेचने अनुज को रायबरेली जाना था

**उन्नाव।** सीओ एसटीएफ लखनऊ प्रमेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में डकैती में शामिल लुटेरों की तलाश में लगी टीम को जानकारी मिली थी कि सुल्तानपुर में हुई ज्वैलरी शॉप में डकैती का मुख्य आरोपी अनुज प्रताप सिंह एक अन्य साथी के साथ गंगा कटरी क्षेत्र उन्नाव आया है। उसने लूटी हुई ज्वैलरी को किसी के पास छिपाकर रखा है। जिसे लेकर रविवार रात साथी के साथ बाइक से रायबरेली जायेगा। इस पर सीओ सहित इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह, दरोगा सौरभ मिश्र, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह, अंजनी यादव, राज कुमार शुक्ला, बरनाम सिंह, कवीन्द्र साहनी, यशवन्त सिंह, कमांडो रवि वर्मा, चालक नागेंद्र मिश्र व चालक अवधेश दो टीम बनारक उन्नाव पहुंचे। मुखबिर से जानकारी मिली कि अनुज अचलगंज थानाक्षेत्र के कोलुहागाड़ा की कटरी क्षेत्र में कहीं छिपा है और रात में साथी के साथ लूटे हुए माल को बेचने जाएगा। बताया कि रायबरेली-उन्नाव हाईवे के कोलुहागाड़ा से अचलगंज जाने वाले अंडरपास पर रात पौने 11 बजे से ही अलग-अगल दो टीमें लगी थीं। जिसमें एक टीम कोलुहागाड़ा अचलगंज मार्ग के पश्चिम की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग व दूसरी टीम कोलुहागाड़ा अचलगंज मार्ग के पूर्व जाने वाले खड़ंजा रोड पर मुस्तैद थी। तभी भोरपहर चेकिंग के दौरान टार्च की रोशनी में एक बाइक काफी तेज गति से कोलुहागाड़ा से आती दिखायी दी। जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने फायर कर दिया। इसके बाद मुठभेड़ हुई, जिसमें अनुज मारा गया।


अनुज का पिता।


हेड कांस्टेबल रवि।

### पिता बोला, जाति देखकर एनकाउंटर करने की बात कहने वालों को मिली ठंडक

- एसटीएफ द्वारा किये गए एनकाउंटर में ढेर हुए बदमाश अनुज प्रताप सिंह के पिता धर्मराज सिंह गांव में सरकारी राशन की दुकान चलाते हैं। उन्नाव हाउस पहुंचने पर उन्होंने कहा कि जो लोग यह कह रहे थे कि एनकाउंटर जाति देखकर किये जा रहे हैं अब उनके कलेजे को ठंडक मिल गई होगी। वहीं, एनकाउंटर को लेकर किये गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सरकार कुछ भी कर सकती है।

### यह है पूरा घटनाक्रम

- 28 अगस्त को डकैती सुलतानपुर के चौक घंटाघर मे घटना हुई थी।
- 29 अगस्त को मास्टर माइंड विपिन ने रायबरेली में सरेंडर किया था।
- 2 सितंबर को कोतवाली नगर सुल्तानपुर के गोड़वा में पुलिस ने तीन लोगों का हाफ एनकाउंटर किया था। इसमें शामिल रहे सचिन, पुष्पेंद्र, त्रिभुवन कोरी से 15 किलो चांदी बरामद हुई थी।
- 5 सितंबर की सुबह कोतवाली देहात के मिश्रपुर पुरैना में मंगेश यादव का एनकाउंटर हुआ था। उसके पास से 4.900 किलो चांदी बरामद हुई।
- 11 सितंबर को चार लोगों को कोतवाली नगर अयोध्या की एसओजी ने विनय शुक्ला, विवेक सिंह, दुर्गेश सिंह व अरविंद से सोना बरामद किया था।
- 20 सितंबर को यूपी एसटीएफ व जयसिंह पुर सुल्तानपुर की पुलिस ने अजय यादव को हाफ एनकाउंटर में गिरफ्तार किया।
- इसके बाद 23 सितंबर को उन्नाव के अचलगंज थानांतर्गत हुई मुठभेड़ में आरोपी अनुज सिंह को एसटीएफ ने ढेर कर दिया।

**दो पिस्टल, कारतूस चांदी व बाइक बरामद**

एसपी के अनुसार, मुठभेड़ के बाद मौके पर की गई जांच में पुलिस को दो पिस्टल, कुछ कारतूस व खोखा के अलावा चांदी और एक बाइक बरामद हुई है। इस संबंध में अचलगंज पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

**पेशेवर लुटेरा था अनुज**

**उन्नाव।** अनुज प्रताप सिंह एक पेशेवर लुटेरा था। 11 अगस्त-2023 को उसने अपने गिरोह के छह सदस्यों के साथ मिलकर सूरत स्थित महाराष्ट्रा बैंक की बन्ज शाखा में दिनदहाड़े बैंक मैनेजर, बैंक कर्मियों व मौजूद ग्राहकों को बंधक बनाकर 13 लाख की डकैती डाली थी।


मुख्यमंत्री को आभार संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपते शिक्षक।

# पुरानी पेंशन बहाली की उम्मीद से शिक्षकों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- हिलौली ब्लाक के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित धन्यवाद ज्ञापन बीईओ को सौंपा

**अमृत विचार।** विकासखंड हिलौली के शिक्षकों में प्राइमरी व जूनियर हाईस्कूल के अध्यापकों की पुरानी पेंशन बहाली होने की उम्मीद से खुशी है। जिसे लेकर हिलौली ब्लाक के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पुरानी पेंशन बहाली को लेकर धन्यवाद ज्ञापन बीईओ सुरेश कुमार को सौपा।

बताया गया कि 28 मार्च 2005 से पूर्व जिन अध्यापकों की नियुक्ति का विज्ञापन जारी हुआ था। उनको पुरानी पेंशन योजना के तहत अच्छादित जाना है। खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि जिन अध्यापकों के नियुक्ति की विज्ञप्ति 28 मार्च 2005 के पूर्व जारी हुई थी। उन अध्यापकों के नियुक्ति की पत्रावली की जांच कर जिला बेसिक कार्यालय भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारियों व शिक्षकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया है।

# किसानों की आमदनी बढ़ा रही है सरकार

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** विकास खण्ड परिसर में सोमवार को कृषि विभाग द्वारा किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर ने फीता काटकर किया। जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक ने बीडीओ स्वेता त्रिपाठी के साथ ब्लाक परिसर में लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

किसानों को संबोधित करते हुए विधायक बम्बालाल दिवाकर ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उपज बढ़ाने के लिए किसान भाइयों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि, लघु सिंचाई न्यूनतम समर्थन मूल्य, आदि जैसी कई योजनाएं चलाकर किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों के युवा किसान साथियों के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उनयन योजना चलाई जा रही है। जिसमे 35 फीसदी अनुदान का लाभ लेकर अचार, चिप्स, मैगी, आइसक्रीम टोमैटो सॉस आदि का उद्योग लगाकर स्वयं के फैक्ट्री मालिक बन सकते है। बीडीओ स्वेता त्रिपाठी व कृषि रक्षा इकाई प्रभारी मुकेश कुमार ने कृषि विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की। ब्लॉक मियागंज के जैविक खेती करने वाले किसान रामचंद्र द्वारा जैविक उत्पादनों के प्रयोग से लाभ की जानकारी दी। इस मौके पर एडीओ पंचायत छोटेलाल, एडीओ एजी सुनील, बीज भण्डार प्रभारी मुकेश सिंह, शिवकुमार पांडेय, रामसजीवन विमल, राकेश तिवारी, पुष्पेंद्र, उदयभान सिंह, त्रिलोक चन्द्र मिश्रा, संजय, शशिकांत, पूनम, माधुरी आदि मौजूद रहे।


कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करते विधायक बम्बालाल दिवाकर।

- मेले में योजनाओं के लाभ उठाने की विधायक ने की अपील

# चोरों ने विद्यालय से पार किया मिड-डे मील का सामान

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मरौंदा मझवारा गांव स्थित स्कूल में चोर मिड डे मिल का सामान उठा ले गये।

शनिवार शाम पनपथा गांव की बाढ़ राहत सामग्री का वितरण सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता के द्वारा विद्यालय में किया गया था। इसके बाद स्कूल का गेट बंद कर दिया गया था। सोमवार को जब सुबह स्कूल का ताला खोला गया तो स्कूल में किचेन का ताला टूटा मिला और किचेन में रखा सामान चोरों ने पार कर दिया था। जिसमें दो गैस सिलेंडर, व अन्य सामान एक बोरी गेहूं था। घटना की सूचना प्रिंसिपल इंद्राणी देवी ने प्रधान मंजू देवी को दी। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौंदा मझवारा कंपोजिट विद्यालय विकासखंड सिकन्दरपुर सरोसी की दीवार पर लगे तार टूटे मिले और कुछ शराब की बोतलें, गिलास व नमकीन की पैकेट स्कूल के अंदर पड़े मिले। सोमवार को इंचार्ज प्रधानाध्यापिका इंद्राणी देवी जब विद्यालय पहुंची तो इसकी जानकारी हुई और पुलिस को सूचना दी।

### चोर ले गए लाखों के जेवर व नकदी, सोते रहे परिजन

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के दरोगा खेड़ा निवासी राम खेलावन अपनी पत्नी के साथ घर के बाहर लेटे थे। बेटा दिलीप उर्फ कल्लू दूसरी मंजिल पर पत्नी व बच्चों के साथ लेटा था। तभी रविवार देररात चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और घर में रखे 40 हज़ार नकद सहित करीब आठ लाख की सोने चांदी के जेवर ले गये ले गए। जब सुबह बेटा दिलीप नीचे आया तो उसने सामान फैला देख परिजनों और चौकी पुलिस को सूचना दी है। एसओ दही संजीव कुशवाहा ने बताया कि अभी उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक प्रदीप वर्मा व दरोगा अनूप मिश्र को मिला ऑक्सीजन मैन सम्मान

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिले में शिक्षा और समाजिक सेवा के साथ ही पर्यावरण प्रहरियों को ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के सीईओ और फाउंडर डॉ. नीरज गुप्ता ने प्रदेश की राजधानी दिल्ली के रिवरसाइड क्लब में ऑक्सीजन मैन सम्मान से पुरस्कृत किया गया।

पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव में तैनात दरोगा अनूप मिश्र व औरास ब्लाक में तैनात शिक्षक प्रदीप वर्मा को यह सम्मान पर्यावरण क्षेत्र में पहरी बनने के योगदान, लंबे समय से पौधरोपण व संरक्षित करने के प्रयासों, लोगों को पर्यावरण संरक्षण सीख, ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव मुहिम के सफल क्रियान्वयन, पर्यावरण पाठशालाओं के आयोजन व हरे पेड़ों को काटने से रोकने की जागरूकता लाने हेतु मिला। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे रोपित करने चाहिए। वहीं शिक्षक प्रदीप वर्मा ने देश के कोने-कोने से आए समाजसेवी व शिक्षकों को मंच के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव परिवार में शिक्षक व बच्चों के जुड़ने की जानकारी दी। अनूप व प्रदीप ने कहा कि हमारा लक्ष्य गांव व शहर के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रोपित कराये जा रहे पौधों को संरक्षित रखने का है। अनूप ने कहा कि वृक्षों के बिना कैसा होगा आने वाला कल की चर्चा में मुख्य व विशिष्ट अतिथियों ने विचार रखे।


जिले के प्रदीप व अनूप को दिल्ली में सम्मानित करते संस्था के सीईओ।

- वृक्षों के बगैर कैसा होगा आने वाला कल पर भी की गई चर्चा

# स्वास्थ्य शिविर में जांची गई मरीजों की सेहत

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- सीएचसी पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने फीता काट कर किया। इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

शिविर के अंतर्गत आयुष मेले का भी आयोजन किया गया। मेले में 53 नेत्र रोगियों का सफलता पूर्वक उपचार किया गया। जबकि 9 मरीजों के रिफ्रेक्शन केस दर्ज किए गए। इसके अलावा, दंत विभाग ने 22 मरीजों की जांच की। और वहीं 23 मरीजों को आपातकालीन सेवाओं के तहत भर्ती किया गया। शिविर में पैथोलॉजी जांच की सुविधा भी मौजूद थी, जहां 235 लोगों के विभिन्न परीक्षण किए गए।

ओपीडी में भारी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जहां 812 मरीजों का इलाज किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 25 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 44 कार्डों का वितरण किया गया। वही क्षेत्रीय विधायक बंम्बा लाल दिवाकर ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की ओर से गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ऐसे शिविरों में निःशुल्क इलाज दे रही है।

# नवरात्रि से पहले मां कल्याणी देवी समिति की हुई बैठक

**उन्नाव।** शहर के सिविल लाइन स्थित मां कल्याणी मन्दिर परिसर में सोमवार को समिति की बैठक पीके मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

समिति की बैठक में कल्याणी देवी वार्ड के सभासद सुशील तिवारी गुड्डा व नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा का आभार व्यक्त किया गया। जिससे हरदोई पुल से मन्दिर जाने वाले मार्ग का जीर्णोद्धार कराने से वर्ष के दोनों नवरात्रि व अन्य पुण्य पर्वों पर भक्तों को कोई परेशानी नहीं होगी। मन्दिर समिति ने शहर व जिले के बाहर रहने वाले भक्तों के निवेदन किया है। बैठक मंव समिति के सदस्य गोपाल तिवारी, सर्वेन्द्र सिंह, कमलेश नाथ अवस्थी नीरज तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हिंदू युवती को बुर्का पहनाकर ले जा रहा गैर समुदाय का युवक पकड़ा गया

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

- हिंदू कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा
- पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की आगे की कार्रवाई

**अमृत विचार।** डिग्री कॉलेज में पढ़ने जा रही एमए की छात्रा को वर्ग विशेष का युवक द्वारा बुर्का पहनाकर जबरन ले जा रहा था। यह देख अन्य छात्राओं ने विरोध किया तो वहां पहुंचे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओ ने युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बा निवासी 22 वर्षीय युवती ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वह हसनगंज कस्बा के बाहर स्थित एक महाविद्यालय में एमए की छात्रा है। सोमवार को वह कॉलेज गई थी। जहां मो. इसाक पुत्र ताज मोहम्मद निवासी कोट मोहान ने उसे गुमराह करके धर्मांतरण कराने को लेकर बुर्का (हिजाब) पहना दिया। हिंदू युवती के बुर्का पहनने की जानकारी पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मिलन पांडेय, अजीत सिंह व अरुण दीक्षित मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। युवती की तहरीर पर पुलिस ने जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई शुरू की है।

### किशोर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 सितंबर की रात मोहल्ले का 17 वर्षीय किशोर शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर उसे कस्बे से एक किमी दूर जंगल में ले गया। जहां उसने उससे दुष्कर्म किया। 21 सितंबर को उसने शादी से इंकार कर दिया और धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिस पर उसके माता-पिता उसे लेकर आरोपी के परिजनों से शिकायत करने गए। आरोप है कि घटना की शिकायत करने पर आरोपी के परिजनों ने पीड़िता की पिटाई भी की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट और परिजनों पर मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी राकेश गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सीएचसी के महिला वार्ड में घूम रही किशोरी को पुलिस को सौंपा

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला वार्ड में एक अज्ञात किशोरी अचानक घुस आई और चहल कदमी करने लगी। शक होने पर चिकित्सा कर्मियों ने महिला पुलिस कर्मियों को बुलाकर किशोरी को उनके हवाले कर दिया। बीती रविवार देररात 11 बजे एक 17 वर्षीय किशोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला वार्ड में घुस आई और इधर-उधर टहलने लगी। शक होने पर अस्पताल के फार्मासिस्ट प्रेमचंद ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। किंतु चिकित्सा कर्मियों ने किशोरी को पुरुष पुलिस कर्मियों के सुपुर्द करने से इंकार कर दिया। तब वहां महिला पुलिस कर्मियों को बुलाया गया। इसके बाद चिकित्सा कर्मियों ने अस्पताल के रजिस्टर में पंजीकृत कर किशोरी को महिला पुलिस कर्मियों को सौंपा। कोतवाली में किशोरी ने अपना नाम लक्ष्मी पुत्री दयालु निवासी गांव बघौड़ा थाना बालामऊ हरदोई बताया है।

### पंखे में आ रहे करंट की चपेट में आई वृद्धा, रेफर

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव पतौली निवासिनी सावित्री देवी (70) पत्नी राम औतार सोमवार सुबह फर्राटा पंखा हटा रही थी। तभी पंखा अचानक उस पर आ गिरा और पंखे में आरहे करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दुष्कर्म, चोरी व एससीएसटी एक्ट का आरोपी गया जेल

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बीती 21 सितंबर को सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि मलकादिम सराय गांव निवासी अजरुद्दीन ने अपना नाम बदलकर उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया और जेवर सहित 80 हजार रुपये चोरी कर भाग गया। पीड़िता ने आरोपी युवक पर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर पुलिस ने रविवार रात आरोपी पर दुष्कर्म, चोरी व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य की बीमारी के चलते गई जान

**हसनगंज।** हसनगंज द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य कुसमा रावत के पति व पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम सजीवन का रविवार रात बीमारी चलते निधन हो गया। उनकी मौत की सूचना से परिजनों व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी मौत पर बेटे दिनेश व मनीष आदि रो-रोकर बेहाल रहे। परिजनों ने उनके शव का अंतिम संस्कार परियर घाट पर कर दिया।

### आशा बहू की इलाज के दौरान मौत

**औरास उन्नाव।** थानाक्षेत्र के गांव हाथीखेड़ा के मजरा पूराचांद की मंजू पत्नी स्व. रज्जन लाल सिंह (50) आशा बहू थी। जिसका 5 दिन पहले अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया। परिजनों ने उसे लखनऊ के सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां उसकी इलाज के दौरान सोमवार देरशाम मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे सीएचसी प्रभारी डा. अनूप तिवारी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### सांसद की फोटो को गाली देने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**हसनगंज।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में हिंदू नेताओं की होर्डिंग में लगी तस्वीर देख एक युवक उन्हें गाली देने के साथ गोली मारने की धमकी देने लगा। मामला नगर पंचायत मोहान क्षेत्र का है। जहां पिछ्वाड़ा गांव निवासी आशीष ने मोहान चौराहे पर सांसद साक्षी महाराज की होर्डिंग लगी देख गाली देते हुए उन्हें गोली मारने की बात करने लगा। यह सुन समदपुर हरदास निवासी योगेश तिवारी पुत्र बिंदा प्रसाद ने जन प्रतिनिधि को ऐसे शब्द कहने का विरोध किया। जैसे ही योगेश ने उसे गाली देने व गोली मारने की बात कहने का विरोध किया तो आशीष ने योगेश को पीट दिया। इसकी शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में की है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि प्रार्थनापत्र आया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**सराहनीय कार्य** स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने वार्ड 28 में चलाया अभियान

# घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को नगर पालिका गंगाघाट की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वार्ड 28 ब्रम्ह नगर में अभियान चलाया गया। इस दौरान पालिका कर्मियों ने स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया।

अभियान के दौरान पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे द्वारा वार्ड 28, ब्रह्म नगर पूर्वी में वृहद डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को कूड़े के सही प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। अध्यक्ष ने भवनों में सूखे और गीले कूड़े के स्रोत पृथक्करण पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन में प्रथक-प्रथक कूड़ा दें और सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे थैले, थाली, चम्मच और थर्माकोल उत्पादों का उपयोग बंद करें। इस जागरूकता अभियान के दौरान नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।


स्वच्छता ही सेवा अभियान की जानकारी देतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे।



स्वच्छता अभियान के दौरान मौजूद लोग।

### रेलवे स्टेशन पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. सदानंद राय की अध्यक्षता व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया। जिसमें जितेंद्र, गोविंद, अपूर्वा, शिल्पी, राहुल, शिवम, सूरज, राजकुमार, शिवप्रकाश व सौरभ आदि द्वारा झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। अभियान में डॉ. दिग्विजय नारायण, डॉ. रविराज वर्मा, डॉ. अभय राजपूत व डॉ. अभिषेक कुमार के अलावा कर्मचारी कन्हैयालाल, संदीप अवस्थी आदि रहे। प्राचार्य प्रो. सदानंद राय ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# टायर फटने से अनियंत्रित हुए लोडर से टकराई कार

## 1 की मौत 4 घायल ,लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली के अंतर्गत हुआ हादसा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा मोड़ के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार लोडर का टायर फटने से लोडर अनियंत्रित होगया और पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार लोडर में टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि लोडर पलट गया और कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें दोनों वाहनों के चालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सीएचसी लाई। जहां चिकित्सक ने कार चालक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य को यर सेंटर लखनऊ भेजा गया।

लखनऊ शहर के मोती झील ऐशबाग कालोनी निवासी शशिकांत (50) अपने पुत्र अभिषेक (25) के साथ लोडर में बैठकर लखनऊ जा रहा था। उसके पीछे कार चालक पारस (36) हरियाणा प्रांत के जिला अंबाला निवासी मयंक चोपड़ा (35) को लेकर कार से लखनऊ जा रहा था। तभी रास्ते में सोमवार तड़के एक्सप्रेस-वे स्थित टोल प्लाजा मोड़ के पास तेज रफ्तार लोडर का एक टायर अचानक फट गया और वह अनियंत्रित हो गया। तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार लोडर में पीछे से जा टकराई। टक्कर से लोडर पलट गया और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें कार सवार दोनों लोग व लोडर में सवार लोडर चालक समेत तीनों लोग कुल मिलाकर सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यात्रियों की चीख सुन एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे वाहन सवारों ने पीआरवी को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने कार चालक पारस को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ी कर आवागमन बहाल कराया।


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार


पलटा पड़ा लोडर। अमृत विचार

### अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, युवक घायल

**औरास।** कस्बा औरास के मोहल्ला अटल नगर निवासी (25) वर्षीय रिंकू रविवार को अपनी बहन की ससुराल आदमपुर फैजुल्ला नगर से बाइक से घर आ रहा था। रात 10 बजे जैसे ही वह कस्बे के अटल नगर में रेखा द्विवेदी के घर के पास पहुंचा कि उसकी बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई और वह गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया।

## बाढ़ के पानी में डूबे किसान का गोताखोरों ने निकाला शव

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर चौकी अंतर्गत बहरौला में एक किसान रविवार को गंगा के बाढ़ के पानी में डूब गया था। जहां सोमवार को गोताखोरों ने उसकी खोजबीन की। पर उसका शव नहीं मिला।

हाजीपुर चौकी क्षेत्र के रामपुर के मजरा बहरौला निवासी निवासी तेजपाल रविवार सुबह भिंडी तोड़ने के लिये घर से निकला था, जिसके बाद वह गंगा के बाढ़ के पानी में डूब गया था। शाम तक वह वापस नहीं आया, तो उसके भाई कल्लू ने उसे खोजने का प्रयास किया। जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और गोताखोरों को बुलवाकर उसकी खोजबीन कराई लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को दोबारा गोताखोरों ने उसकी तलाश की। जहां कड़ी मशक्कत कर उसका शव बाहर निकाला गया।

## युवक ने स्कूटी खड़ी कर पुल से गंगा में लगाई छलांग, लापता

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- गोताखोरों ने घंटों गंगा में की खोजबीन, नहीं लगा युवक का पता

**अमृत विचार।** कानपुर कैंट निवासी एक युवक सोमवार दोपहर नवीन गंगा पुल पर स्कूटी से पहुंचा। जहां उसने स्कूटी खड़ी की और पुल की रेलिंग पर चढ़कर गंगा में छलांग लगा दी। यह देख वहां से गुजर रहे राहगीरों की भीड़ लग गई। इसकी जानकारी पुलिस और परिजनों को दी गई।

फेथफुल गंज रेल बाजार निवासी अंकुर यादव सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे स्कूटी से नवीन गंगा पुल पर पहुंचा। जहां उसने फुटपॉथ के किनारे स्कूटी खड़ी की,जिसके बाद वह गंगा में छलांग लगा दी। यह देख पुल से गुजर रहे लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद युवक के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों से पुलिस ने पूछताछ की लेकिन परिजन कुछ नहीं बता सके।


नवीन गंगा पुल पर खड़ी युवक की स्कूटी।

कैंट इंस्पेक्टर कमलेश राय ने बताया कि मस्कर घाट तक गोताखोरों से डूबे युवक की खोजबीन कराई गई लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि पारिवारिक कलह के कारण युवक ने ऐसा कदम उठाया है। मौके पर पहंचे परिजन भी यह नहीं बता पाये कि उसने आत्महत्या क्यों की।



कैंप में आये लोगों का परीक्षण करतीं डॉक्टर। अमृत विचार

## शिविर में लोगों को जांच कर दी दवाएं

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- सेवा पखवाड़ा में पीएचसी में आयोजित हुए मेडिकल कैंप में 267 लोगों का हुआ परीक्षण

**अमृत विचार।** सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को सीनियर सिटीजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर विधायक पंकज गुप्ता ने पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय और एसीएमओ डॉ. हरिनंदन सिंह के साथ मिलकर कैंप का उद्घाटन किया। कैंप में 24 वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 267 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्रभारी विकास आनंद के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया गया। मरीजों को आवश्यक दवाएं और चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। शिप्रा झा और रश्मि वर्मा ने भी मरीजों की देखभाल की। सरकार ने आयुष्मान योजना के छह वर्ष पूरे होने पर सीनियर सिटीजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया था। इस पहल से स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कैंप में स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें अवनीश मिश्रा, अमित, सिद्धार्थ बाजपेयी, विपिन पांडेय, मोनिका, नखत व अखिलेश शामिल रहे।

## खतरे के निशान से नीचे आया गंगा का जलस्तर, समस्याएं बरकरार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- गांवों और शहर के सैकड़ों मकान हुए जलमग्न
- पानी और बिजली न होने से लोगों की बढ़ीं मुसीबतें

**अमृत विचार।** शुक्रवार भोर पहर गंगा का जलस्तर खतरे का निशान पार कर गया था, जिसके बाद रविवार को मामूली गिरावट होने के बाद सोमवार को भी जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों मकान जलमग्न है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार रविवार शाम गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर 113.090 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद सोमवार को भी जलस्तर में गिरावट हुई और शाम छह बजे खतरे के निशान से नीचे 112.940 मीटर दर्ज किया गया। चौबीस घंटे में 15 सेंटीमीटर गिरावट दर्ज हुई। वहीं चम्पापुरवा, राजीव नगर, फत्तेहपुर, गगनी खेड़ा, गोताखोर, रविदास नगर, श्रीनगर, गंगानगर, आजाद नगर, नई बस्ती, निहाल खेड़ा, पोनी, झब्बूपुरवा, बदुआखेड़ा, अखलाक नगर, रतीराम पुरवा आदि गांवो के सैकड़ो मकान जलमग्न है उन्हें राशन तक एकत्र करने के लिए और खाना बनाने तक के लिये मुश्किल हो रहा है।

वहीं राजीव नगर, गोताखोर, हुसैन नगर, कर्बला, आजाद नगर, नई बस्ती के सैकड़ों परिवार अपने आशियानें छोड़ कर झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। वहीं उनका कहना है कि उन्हें किसी प्रकार की मदद नहीं मिल रही है।


चंपापुरवा के निचले इलाके में भरे बाढ़ के पानी से निकलता युवक।


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

### तंबू में रहने वाले लोगों को नहीं मिली कोई मदद

राजीव नगर खंती, आजाद नगर, नई बस्ती, शारदा नगर, नट बस्ती के कई परिवार फोरलेन के किनारे डेरा डाले हुये हैं लेकिन प्रशासन की ओर से उन्हें कोई मदद नहीं पहुंचा गई है। जिससे राशन एकत्र करने में ऐसे परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### विधायक ने बांटी राहत सामग्री

**परियर।** सदर तहसील क्षेत्र में गंगा नदी का जल स्तर सोमवार को लगभग आधा फीट कम हो गया। किंतु प्रभावित परिवारों की स्थित जस की तस बनी हुई हैं। क्षेत्र के पनपथा, गंगादीन पुरवा, ललतु पुरवा, देवीपुरवा, बंदनपुरवा, माना बंगला, बाबू बंगला, चंडी बंगला, टेपरा, महानंद पुरवा, बेनी पुरवा, कोलवा आदि गावो में पानी अभी भी भरा है।लोग सड़क किनारे, ऊंचे स्थान,जानकी कुण्ड राहत शिविर में ठहरे हुए है। देवी पुरवा, बंदन पुरवा, ललतू पुरवा आदि गांवों के प्रभावित परिवारों में राजस्व विभाग व सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा बाढ़ राहत सामग्री वितरित की गई।

## कर्मी पर समूह रजिस्टर से छेड़छाड़ का आरोप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सतरूप समूह सखी, लक्ष्मी साहू, सुमन, भोले शंकर समूह स्वमीया समूह की महिलाएं सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंची और ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत भदसरी में समूह सखी के रूप में कार्यरत हैं।

उनका कार्य समूह की बैठक कराना व उनके अंतर्गत आने वाले समूहों की लोकेशन फीडिंग का कार्य है। जिसमें उन्होने लक्ष्मी समूह की फीडिंग की है और इस समूह में एक फर्जी तरीके से दीपा देवी पत्नी अमित कुमार अग्निहोत्री को ब्लाक कर्मचारी प्रारंभ निषाद ने जबरन लक्ष्मी स्वरूप के रजिस्टर में दर्ज किया है जो कि गलत है। न ये कभी बैठक में आईं और न मैं इनको जानती हूं। उनके अलावा किसी भी नई महिला को नहीं जानती हूं। लक्ष्मी समूह की कोषाध्यक्ष साधना देवी पत्नी अरूण कुमार पांडेय के साथ छल करके ब्लाक कर्मचारी प्रारंभ निषाद द्वारा लक्ष्मी समूह के रजिस्टर से छेड़छाड़ करके जबरन साधना देवी के साथ बेईमानी व धोखा किया जा रहा है। महिलाओं ने मामले की निष्पक्ष जांच करके कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस मौके पर सीमा देवी, चंदा देवी, सीमा देवी, मालती, नीलम, किरन, रामदुलारी, शोभा, मुरली, उमावती, लता देवी आदि रहीं।

## छापेमारी कर पकड़ी बिजली चोरी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार भोर पहर विजलेंस की टीम ने नगर के कई मोहल्लों में छापेमारी की। भोर पहर बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर कई संदिग्ध स्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने पांच घरों में बिजली चोरी करते पकड़ा।

विजलेंस टीम के अवर अभियंता कमलेश प्रजापति, मानवीर सिंह, महेन्द्र सिंह गंगाघाट सब स्टेशन के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद, जेई अक्षय तिवारी, आशुतोष तिवारी, भानू मिश्रा, शिवम, नरेन्द्र, वीरेन्द्र, रोहित आदि टीम के साथ सोमवार सुबह राजधानी मार्ग, शक्ति नगर, मनोहर नगर, और चम्पापुरवा क्षेत्र में की गई इस छापेमारी से बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान टीम ने कई घरों की जांच की। इस दौरान कुछ संदिग्ध बिजली उपयोगकर्ताओं को पकड़ा गया, जिन्होंने बिना मीटर या अवैध तरीके से बिजली का उपयोग किया था। अभियान का मुख्य उद्देश्य बिजली चोरी पर अंकुश लगाना और सरकारी राजस्व की रक्षा करना था। इसलिए इस प्रकार की छापेमारियों को नियमित रूप से जारी रखा जाएगा। वहीं टीम ने पांच घरों में बिजली चोरी पकड़ी। विजलेंस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।


शक्ति नगर में छापेमारी करती विजलेंस और विद्युत विभाग की टीम। अमृत विचार

## दबंगों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के देवारा खुर्द गांव में पांच दिन पहले मामूली बात को लेकर दबंगों ने एक युवक को मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

देवारा खुर्द निवासी सुखलाल ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 19 सितंबर की शाम मामूली बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले जियालाल, अखिलेश और राजकुमार ने गाली गलौज करते हुये उसे लाठी डंडों से मारा पीटा।

जिससे उसे चोटें आई। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा दिए जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी व उनके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ लगातार किए जा रहे भड़काऊ व उकसाने वाले बयानों से उत्पन्न हो रही स्थिति को ध्यान में रखते हुए राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है।

पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार साहू एडवोकेट की अगुवई में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि बीजेपी व उसके सहयोगी दल के नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ व उकसाने वाले बयान देना और केंद्र सरकार द्वारा तरविन्दर सिंह मारवाह, केंद्रीय मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू, यूपी के मंत्री रघुराज सिंह के साथ शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई न करना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

मांग किया कि राहुल गांधी को एसपीजी कवर सुरक्षा दिए जाने के साथ ही नफरती तत्वों पर उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर चन्द्र प्रकाश लोधी, विमल सिंह आदि रहे।

विरोध

किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम यादव सौंपा

# चकबंदी के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सन्नी ग्राम पंचायत के किसान चकबंदी का विरोध कर रहे हैं। जिसे देखते हुये सोमवार को किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल उन्नाव जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचा। जहां जिलाधिकारी के न मिलने पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को जिलाधिकारी से संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम यादव को सौंपते हुये बताया कि कई किसान अपनी जमीनें बिल्डरों को बेच चुके हैं, जिससे चकबंदी का कोई औचित्य नहीं रह गया है। इसी कारण, रविवार को सन्नी बाजार के पास लगभग आधा सैकड़ा किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। सोमवार को, किसान जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सन्नी में चकबंदी के खिलाफ किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। 15 सितंबर को हुई बैठक के बाद, जहां चकबंदी अधिकारियों और किसानों के बीच चर्चा हुई, वहां से किसानों की नाराजगी खुलकर सामने आई। अधिकारी ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पंकज दीक्षित, हरीकरण, नरेश, शंकर, कौशल किशोर, अमरदीप, कुलदीप, सुरेन्द्र, सुमन, पंकज, हरि नरायण, वीरेंद्र, अजय आदि रहे।


जिलाधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार


वार्ड 25 के भातू फार्म गायत्री नगर की गली में जलभराव व कीचड़। अमृत विचार

### जलभराव व गंदगी से परेशान लोग पहुंचे पालिका कार्यालय

**शुक्लागंज उन्नाव।** पालिका क्षेत्र के गायत्री नगर भातू फार्म मोहल्ले में जलभराव और कीचड़ की समस्या ने स्थानीय लोगों को परेशान कर दिया है। करीब डेढ़ सौ मीटर की गली, जो ग्राम सभा से लेकर पालिका क्षेत्र में शामिल हो गई है, आज भी गांव जैसी ही हालत में है। इस समस्या के समाधान के लिए क्षेत्रीय लोगों ने सोमवार को पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से संबोधित ज्ञापन पालिका में सौंपा है। मोहल्ले के निवासी अमरनाथ श्रीवास्तव, अशोक बाजपेई, मनोज ओझा, अनुज मिश्रा, देवेन्द्र पटेल, राकेश शर्मा, पंकज श्रीवास्तव, राजेन्द्र, शोभित और संदीप शर्मा सहित अन्य स्थानीय नागरिक जलभराव से परेशान होकर पालिका कार्यालय पहुंचे। अध्यक्ष और ईओ की अनुपस्थिति में उन्होंने ज्ञापन सौंपा, जिसमें गली का निर्माण और जल निकासी की व्यवस्था की मांग की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मोहल्ला करीब सात साल पहले ग्राम सभा से पालिका में शामिल हुआ, लेकिन अब तक यहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। गली में न तो नाली है और न ही खड़ंजा, जिससे बारिश का पानी जमा हो जाता है। गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। क्षेत्रीय निवासियों ने कई बार पालिका प्रशासन को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया है, लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है।

## प्रेमी के साथ मिल पति की हत्या का प्रयास

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

- सात बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ पति को चारपाई से बांधा
- ग्रामीणों के पहुंचने पर बची जान, आरोपी मौके से फरार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल कर पति को हत्या करने की नीयत से चारपाई पर बांध दिया। पीड़ित युवक ने शोर मचाया तो ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी के साथ पत्नी मौके से भाग निकली। पीड़ित युवक ने थाने में लिखित शिकायती पत्र दिया है।

क्षेत्र के घरवासीपुर मजरे भैरवां निवासी सुखराज पासवान पुत्र सुखपाल ने लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शनिवार रात को अपनी पत्नी से खाना लेकर खाने लगा तो कढ़ी में कुछ अजीब सा महसूस हुआ। पीड़ित ने पत्नी से दाल मंगवाई और चावल के साथ दाल खाने लगा, दाल का स्वाद भी अलग महसूस हुआ। किसी तरह थोड़ा दाल चावल खाकर उसने बच्चों का बिस्तर लगाकर सुला दिया और खुद अपना बिस्तर लगाकर चारपाई पर सो गया। देर रात सोते समय युवक की पत्नी शोभा देवी और एक अज्ञात युवक ने उसे दबा लिया, युवक की नींद खुली और देखा की वह चारपाई से बंधा हुआ है। शोर मचाने पर पत्नी ने पति का मुंह दबा लिया। किसी तरह से उसने शोर मचाया तो गांव के लोग उसके घर की तरफ दौड़े। जिस पर युवक की पत्नी और एक अज्ञात व्यक्ति मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने उनको पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वे भाग गये।

ग्रामीणों ने रस्सी खोला और पति ने पत्नी का पीछा करते हुए भैरवां गांव पहुंचा। पत्नी को पकड़कर घर लाया और मोबाइल चेक किया तो जानकारी हुई कि लगभग 10 बजे पत्नी की गांव के ही रहने वाले एक युवक से बात हुई थी।

पत्नी से पूछताछ दौरान पीड़ित युवक की पुत्री काजल ने बताया कि शाम करीब 4 बजे गांव का ही एक व्यक्ति घर में दवा फेंककर चला गया था। मां ने उस दवा को उठाया था। घटना के बाद सुबह पति ने थाने आकर लिखित शिकायती पत्र दिया।


इसी चारपाई में बंधा था पीड़ित युवक। अमृत विचार

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च!

एक ही अग्नि इस संसार में अदृश्य रूप से प्रवेश करते हुए जिस किसी वस्तु में प्रज्ज्वलित होती है और उसी के अनुरूप दृश्यमान होती है, उसी प्रकार सभी प्राणियों में विद्यमान परमात्मा एक होते हुए भी जिसमें प्रविष्ट होता है उसी के अनुसार रूप धारण कर लेता है और उनसे बाहर भी रहता है।( कठोपनिषद 2-5-9)

## संपादकीय

# बड़ा फैसला

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे इंटरनेट का 37 फीसदी पोर्नोग्राफी है और इसके बड़े हिस्से में बच्चों को शामिल किया गया है। बाल पोर्नोग्राफी से निपटने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कई नियामक दिशानिर्देशों की अनुशंसा कर चुका है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पोर्नोग्राफी और बच्चों एवं समाज पर इसके प्रभाव जैसे चिंताजनक मुद्दे पर अध्ययन के लिए गठित राज्यसभा की एडहॉक कमेटी ने 25 जनवरी, 2020 को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा को व्यापक बनाया जाए ताकि उसमें लिखित सामग्री और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल की जा सके जोकि नाबालिग के साथ यौन गतिविधि का समर्थन करती हो या उसे प्रदर्शित करती हो। कानून में 'यौन स्पष्टता' को भी परिभाषित किया जाए। कमेटी ने सुझाव दिया था कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो को बाल पोर्नोग्राफी के सभी मामलों को अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना चाहिए। इस संबंध में सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने एक बड़े फैसले में कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखना और उसे डाउनलोड करना अपराध है। न्यायालय का मानना है कि पॉक्सो कानून में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए 'बाल पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) लिखना सही होगा। क्योंकि बाल पोर्नोग्राफ़ी शब्द का प्रयोग अपराध को गौण बना सकता है।

पोर्नोग्राफ़ी को अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह फैसला सुनाया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 बी के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले से बाल पोर्नोग्राफी की मांग बढ़ेगी, लोग बच्चों को पोर्नोग्राफी में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उच्च न्यायालय के फैसले से तय हो गया है कि चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में अदालत ने जो निर्देश दिए हैं उनसे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। जरूरी है कि यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ कराई जानी चाहिए।

# ऊर्जा क्षेत्र में करने होंगे नए प्रयोग



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं।

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। वहीं देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है।

हालांकि सरकार की ओर से अल्पकालिक और दीर्घकालिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिहाज से 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, दुनिया में भारत एनर्जी ट्रांजिशन में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। यह उस विकास से स्पष्ट है, जो हमने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल किया है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर रोजगार उत्पादन की दृष्टि से भी उम्मीदें बंधाता हुआ नजर आ रहा है। पूरी दुनिया जहां जलवायु परिवर्तन के खतरे को रोकने के लिए इस क्षेत्र को विकसित करने में जुटी है, वहीं भारत जैसे विकासशील देश ने इस स्रोत के विकास में अच्छी सफलता हासिल की है। पिछले दस सालों में देश ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपनी क्षमता में पांच गुना बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को तय किया है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14 .32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

वहीं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के लिहाज से चीन, ब्राजील और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में चौथे नंबर पर है। पूरे विश्व में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नियुक्त लोगों का 5.7 प्रतिशत भारत में है। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दस साल पहले तक सेक्टर ने भारत में चार लाख नौकरियां उत्पन्न की थीं। असल में भारत में एनर्जी सेक्टर में आगे काफी ग्रोथ की संभावनाएं हैं और इस सेक्टर में जाने के लिए छात्रों को कुछ खास कोर्स करने की जरूरत पड़ेगी। एनर्जी सेक्टर में बीटेक पावर, एमबीए ऑयल एंड गैस, एमए एनर्जी इकोनॉमिक्स, सोलर एनर्जी आदि से जुड़े कई कोर्स होते हैं, लेकिन आने वाले समय में सबसे ज्यादा संभावनाएं सोलर एनर्जी में है, इसलिए छात्रों को इसी कोर्स का चुनाव करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एनर्जी सेक्टर को रिवाइव करना जरूरी होगा।

वहीं देश में एलईडी बल्ब के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावना है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। यह बिजली बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के एक साल की जरूरत के बराबर है। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14.32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। 2022 तक भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाकर 175 गीगावाट कर चुकी है। इसमें 100 गीगावाट सोलर पावर और 60 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। वहीं भारत की कोल आधारित क्षमता 2040 तक 191 गीगावाट से बढ़कर 400 गीगावाट होने की संभावना है। हालांकि भारत लंबे समय से ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे ज्यादा भरोसा कोयले पर करता आया है, लेकिन पिछले दशक के मध्य से इसमें ग्रीन एनर्जी की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है।

मौजूदा समय में भारत की ऊर्जा पर निर्भरता दूसरे देशों पर ज्यादा है। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में नवीकरणीय ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसके लिए सोलर एनर्जी के क्षेत्र में सरकार की ओर से काफी काम किया जा रहा है। भारत ने साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित करना बड़ा लक्ष्य है। साल 2040 तक भारत की ओर से 15,820 टेरावाट आवर बिजली का उत्पादन नवीकरणीय स्रोत से करने का भी लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सोलर एनर्जी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कंपनियां सोलर एनर्जी की तरफ तेजी से काम कर रही हैं। इसकी वजह से इस सेक्टर की कंपनियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है।

देखा जाए तो देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा। देश में सौर, पवन और जल विद्युत जैसे ऊर्जा स्रोतों की अपार क्षमता मौजूद है। सरकार को प्रोत्साहन राशि और सब्सिडी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास को प्रेरित करना चाहिए।

असल में वैश्विक ऊर्जा संकट के समाधानों का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है। सबसे अच्छा विकल्प यह है कि गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर दुनिया की निर्भरता को खत्म किया जाए और समग्र संरक्षण प्रयासों में सुधार किया जाए। पीले बल्बों की जगह एलईडी बल्ब लगाएं। वे कम ऊर्जा की खपत करते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। अगर दुनिया में लाखों लोग आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एलईडी का उपयोग करते हैं, तो ऊर्जा की मांग कम होगी और संकट से बचा जा सकेगा। इसके अलावा, सौर पैनलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि जनता को अक्षय ऊर्जा विकल्पों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ज्यादा स्टार वाले उपकरण खरीदे जाने चाहिए, इससे बिजली की बचत होगी। वहीं बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। ऊर्जा दक्षता को लेकर लोगों को अभी भी जागरूक होने की दरकार है। इस तरह छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम बिजली की बचत कर सकेंगे।

## प्रसंगवश


# अव्यावहारिक मुद्दा

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश कर दी थी,जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने अंगीकार कर लिया है और संसद के शीतकालीन सत्र में इस हेतु विधेयक लाने पर सरकार विचार कर रही है। इस पर विपक्ष का एक बड़ा धड़ा विरोध कर रहा है और इसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की सत्ता पक्ष की चाल बता रहा है। वैसे भी यह काफी कुछ अव्यावहारिक लग रहा है और इसे लागू करना लोहे के चने चबाने के समतुल्य है। इसे कार्यान्वित करने हेतु 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी,जिसके लिए दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत की आवश्यकता होगी,जो सत्तारूढ़ गठबंधन के पास नहीं है। सरकार के सहयोगी दल जनता दल(यूनाइटेड)और तेलगू देशम् पार्टी भी अभी तक मौन धारण किए हैं। इन संशोधनों में कुछ को विधानसभाओं से भी पारित कराना होगा,जिनमें अनेक में विरोधी दलों की सरकारें हैं,वे इसमें रोड़े अटकाएंगी। आने वाले विधेयक का मसौदा तो अभी सामने नहीं है,किंतु कोविंद समिति की संस्तुतियां ही समस्या का सही और संपूर्ण निदान नहीं बता पा रही हैं। उदाहरणार्थ यदि बीच में कोई विधानसभा भंग हो जाए,तो समिति कहती है कि उसका चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए हो। यह क्या बात हुई? चुनाव तो बीच में हुआ ही;'फिर एक देश एक चुनाव'कैसे रह पाएगा? इसके अलावा यदि लोकसभा ही अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती है,तब क्या होगा? ऐसी कई परिस्थितियां हो सकती हैं। मिली जुली सरकार हो और सहयोगी समर्थन वापस ले लें;फिर कोई दल या गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में न हो। या सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कुछ दल सत्ता और विपक्ष दोनों से दूरी बना लें। दरअसल,देश के संघीय ढांचे के चलते एक देश एक चुनाव सम्भव नहीं हो पायेगा और संघीय ढॉचा बदला नहीं जा सकता क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने आदेशित कर रखा है कि कोई ऐसा संशोधन नहीं किया जा सकता है ,जिससे संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन हो जाय। इन परिस्थितियों में फिलहाल यह मुद्दा सिर्फ चर्चा में ही बने रहने की संभावना है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मजबूत विपक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो।

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल का योगदान है? यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था,जो इस देश की अनन्य विरासत है। पहले इसकी व्याप्ति रोटी-बेटी तक सीमित थी। अब मतदान में भी इसका विस्तार हो गया है। जैसे अपनी ही जाति में रोटी-बेटी,वैसे अपनी ही जाति में मतदान। इस विस्तार में सभी दलों का समान योगदान है।

बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के, विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं। पता लगाएं कि महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा। पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिलेंगे ही,पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं? बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाके में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं। पता करिए इन सबकी प्रबंध समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है?

आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का हक हो गया है। महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है। बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर और अनन्य राष्ट्रभक्त, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में पड़ गए हैं तो क्या किया जाए!

एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी,अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना चाहेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है,वे कब तक और जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं। बात राजनीतिक दलों की हो रही थी। कई वर्षों के अंतराल के बाद कांग्रेस को अपने दम पर अधिकृत विपक्षी दल का तमगा मिल गया है। कुछ अच्छे माने जाने वाले सुधार,जो पहले असंभव लगते थे,साकार हो रहे हैं। कुछ बुरे माने जाने वाले सुधार,जो पहले संभव लगते थे,ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल जी खानदानी राजनीतिज्ञ हैं। अब वे अधिक गंभीर,आश्वस्त,जिम्मेदार और अधिक वाचाल भी हो गए हैं। प्रधानमंत्री के लिए अन्य पुरुष, एकवचन का व्याकरण सम्मत प्रयोग अधिक करने लगे हैं। हर मुद्दे की तरह व्याकरण के मुद्दे पर भी अधिक मजबूत हुए हैं।

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो। कांग्रेस में है और राहुल में है। सबसे बड़ी बात,वे सदन के अकेले गांधी हैं। इस संभावना को मूर्त करने के लिए कांग्रेस ने अन्य प्रमुख दलों के साथ हाथ मिला लिया है। यह समय की मांग है, सत्ताकामी राजनीति की जरूरत है। अन्य दलों की अवांछित महत्वाकांक्षा आड़े आ सकती है। उन्हें ऐसे मजबूत विपक्ष की संरचना के लिए तीन काम करना अनिवार्य है।

एक तो उनके कर्णधारों को अवांछित महत्वाकांक्षा से मुक्त रहकर,कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी के बजाय सहधर्मी दल मानकर उसका नेतृत्व दिल से और हर प्रांत में स्वीकार करना होगा। दूसरा जिन दलों में (उन्हीं की करतूतों के चलते) जातीय रुझान होने का तमगा लग चुका है,इस तमगे से मुक्ति के लिए प्रकट और विश्वसनीय प्रयास करने होंगे और तीसरा काम इनमें से जो क्षेत्रीय दल हैं, उन्हें अखिल भारतीय दृष्टि विकसित करनी होगी और अखिल भारतीय नीति और कार्यक्रम का खाका बनाना पड़ेगा। ये सभी प्रमुख दल कांग्रेस के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम बना सके तो इनका,कांग्रेस का और जनतंत्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। यक्ष प्रश्न है कि क्या ये ऐसा कर पाएंगे?

## सोशल फोरम

# हिंदी प्रदेशों का शिक्षित मध्यवर्ग

पश्चिम बंगाल में जूनियर डाक्टरों ने पिछले 10 अगस्त से एक जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है, जो पुलिस कमिश्नर, प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों को उनके पद से हटाए जाने और जूनियर डाक्टरों के काम पर लौटने के बाद भी अभी समाप्त नहीं हुआ है। कोलकाता इसका केंद्र है , जबकि देश के कई नगरों और विदेशों में भी इसकी प्रतिध्वनि सुनाई पड़ी है। हजारों-हजार नागरिकों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, कलाकारों ने 'रिक्लेम द नाइट' में मोबाइल टॉर्च लेकर जुलूस निकाला। दिन के जूलूस में गीत-संगीत तथा कई कलात्मक प्रयोग होते रहे। लोग बरसात में भीगते हुए रात-दिन डटे रहे, कहीं भी झुके नहीं। कोलकाता में 20 किलोमीटर लंबे शांतिपूर्ण जूलूस में लोगों ने जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरोध में आवाज उठाई। पिछले लगभग 40 दिनों से 'वी वांट जस्टिस' के केंद्रीय नारे के साथ पूरा आंदोलन बिना किसी राजनैतिक झंडे और घुसपैठ के चला। यह सब कोलकाता के लिए भी अभूतपूर्व है। मेरे मन में कुछ प्रश्न उठे : यह एक मध्यवर्गीय आंदोलन ही है और निश्चय ही इसके केंद्र में डाक्टरों के हित की मांगें हैं। इसका चरित्र दिल्ली- हरियाणा-पंजाब के पिछले किसान आंदोलन से भिन्न है। फिर भी जागरूक नागरिकों ने इसका साथ दिया, क्या इसे अभी भी मध्यवर्ग की अंतरात्मा के बचे होने, नागरिक बोध के बचे होने का लक्षण माना जा सकता है?

मध्यवर्ग केवल बंगाल में नहीं, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश आदि हिंदी क्षेत्रों में भी है। क्या वहां का मध्यवर्ग या शिक्षित नागरिक ऐसे किसी भी मुद्दे पर मिल-जुलकर इस तरह लंबे समय तक आंदोलन करने की स्थिति में हैं? और उनमें उच्च अधिकारियों को हटाने और किसी भी एक न्याय के लिए निरंतर लड़ने की ताकत है? यदि नहीं है तो क्यों नहीं है?

जूनियर डाक्टर के आंदोलन के मुद्दों में चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक दुर्नीति और नर्सिंग होम, बड़े अस्पतालों में मनमानी लूट के मुद्दे शामिल नहीं हैं और मांगें उनकी सुरक्षा तक सीमित है। यह उनके आंदोलन की सीमा है।

-फेसबुक वॉल से



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

# एक देश, एक चुनाव के मायने

पांच साल में प्रत्येक ढाई साल के अंतराल में एक बार केंद्र के लिए और एक बार राज्य के लिए होने चाहिए देश के चुनाव। मोदी सरकार ने इच्छा शक्ति के साथ एक देश-एक चुनाव का फैसला कर लिया। देश की आजादी के वक्त केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही हुए थे। किंतु राजनितिक कारणों से उत्पन्न विभिन्न मध्यावधि चुनावों के चलते विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार के समय में अंतर आने लगा। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक मंचों से इस बात को कई बार दोहराया है कि बार -बार चुनाव होने की वजह से देश के विकास में बाधा आती है।

हमारे देश में चुनाव पांच साल में होता है। अमेरिका आदि देशों में यह समय 4 वर्ष का है। भारत में पांच साल के बीच कोई चुनाव ना होने का अर्थ है सत्ता की निरकुंशता। पांच साल तक जो मन चाहे करने का लाइसेंस। बीच -बीच में होने वाले चुनाव केंद्र सरकार को अलोकप्रिय निर्णय लेने से रोकती है और तानाशाही रवैये पर भी लगाम कसती है। आज जो पार्टी सत्ता में है, कभी उसको भी विपक्ष में बैठना पड़ जाए तो इस सत्य का अनुभव उसको भी होगा कि जब देश में राज्य और केंद्र में एक साथ चुनाव होते थे तो अधिकतर सभी राज्यों और केन्द्र में एक ही पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतते थे। राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी का वर्चस्व था।

राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने पर केन्द्रीय मुद्दे राज्य की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं एवं राज्य स्तर के क्षेत्रीय मुद्दे केंद्र की राजनीति को। ऐसा बहुत कम होने की संभावना रहेगी कि एक ही समय में एक आम मतदाता लोकसभा में किसी और एवं विधानसभा में किसी और पार्टी के लिए वोट करेगा। आम मतदाता का मन किसी समय में भाजपाई तो किसी समय में कांग्रेसी /समाजवादी तो हो सकता है किंतु एक ही समय में एक साथ केंद्र में भाजपाई और राज्य में कांग्रेसी /सपाई नहीं होगा।

कभी- कभी किसी विशेष लहर (धार्मिक, सामाजिक, सहानुभूति या अन्य) के सहारे एक ही पार्टी या विचारधारा का राज्यों और केंद्र में बहुमत आ सकता है। इस प्रकार विविधताओं वाले देश में एक ही विचार के हावी होने का खतरा है। उदाहरण स्वरूप यदि हम 2024 के लोकसभा चुनाव को साक्ष्य रखते हुए बात करें तो इस बार यूपी में लहर समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के पक्ष में रहीं। अब यदि लोकसभा के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव भी हो गए होते तो केंद्र में मोदी सरकार तो यथावत रहती, योगी जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को खतरा हो जाता। अब यूपी में कम हुई सीटों से यदि उत्तर प्रदेश सरकार सीख ले तो 2027 में फिर से बहुमत हासिल कर लेगी। इसी प्रकार 2014 में मोदी लहर के चलते यूपी की सभी सीटों पर भाजपा ने विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया। यदि 2014 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए होते तो अखिलेश सरकार 2017 तक नहीं चल पाती। राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने के समय मे विधायक प्रत्याशी अपने और सांसद प्रत्याशी प्राथमिक तौर पर अपने चुनाव जीतने के लिए ही कार्य करते दिखाई देंगे। यदि सरकार एक साथ चुनाव चाहती है तो उसे वन नेशन वन इलेक्शन नहीं, वन नेशन टू इलेक्शन के सिद्धांत पर कार्य करना होगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराएं और लोकसभा की सभी सीटों के लिए एक साथ। और दोनों चुनावों के बीच में ढाई साल का अंतराल होना चाहिए। इस प्रकार राज्य विधानसभाओं के होने वाले चुनाव केंद्र सरकार की ढाई साल की कार्य का परीक्षण जैसा होगा। जिस प्रकार क्रिकेट में वर्ल्ड कप और मिनी वर्ल्ड कप (चैंपियंस ट्राफी) होती है, ठीक उसी तर्ज पर। इस प्रकार की व्यवस्था से जनता के बाद हर ढाई साल में (पहले लोकसभा फिर विधानसभा) के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने का एवं उस पर अपने निर्णय सुनाने का अधिकार होगा।



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

# शुद्धता - एक दिवास्वप्न

अभी तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में प्रयुक्त घी की शुद्धता पर धमाचौकड़ी मची हुई है, परिणाम का पता बाद में चलेगा क्योंकि अभी कुछ गुजरात की प्रयोगशाला पर प्रश्न कर रहे हैं, तो कुछ मुख्यमंत्री नायडू की अपने पूर्व मुख्यमंत्री से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता देख रहे हैं।

आज मैं मसालों की बात करता हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं केरल के कोच्चि शहर गया था। मसाले उत्पादन में केरल सैकड़ों वर्ष से प्रसिद्ध था। अरब और यूरोपीय व्यापारी मसाले के लालच में मध्य काल से केरल से व्यापार कर रहे थे। मैं कोच्चि के मसाला बाजार की एक दुकान में गया तो मसालों की सुगंध से ही मन भर गया। मेरी पहले लौंग के बोरे पर दृष्टि गई,तो उसमें रखी लौंग का आकार देख हतप्रभ रह गया। सुडौल और उससे निकलने वाली महक से मैं मंत्रमुग्ध हो गया। पूछने पर दुकानदार ने बताया कि हमारे उत्तर प्रदेश आदि में जो लौंग मिलती है, वह लौंग से तेल निकालने के बाद वाली लौंग है, इसीलिए वह सूखी व कम महक वाली होती है। लौंग के तेल का उपयोग चिकित्सीय कार्यों में होता है। यही हाल वहां पैदा होने वाले अन्य मसालों इलायची, काली मिर्च, जायफल आदि का होता है। मैं वहां से थोड़ा मसाले दैनिक उपयोग के लिए घर लाया और अब हम मसाले वहीं से कोरियर से मंगाते हैं। गुणवत्ता के कारण यह मसाले सब्जी या मांसाहारी खाने में कम मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं तथा अब यहां मिलने वाले मसाले कम अच्छे लगते हैं। वहां के शुद्ध मसाले सालों पड़े रहने पर खराब नहीं होते।

फसलों में प्रयुक्त होने वाले रसायनों, कीटनाशकों से फसल के साथ वहां की मिट्टी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लौकी का आकार बढ़ाने हेतु, गाय भैंस का दूध बढ़ाने हेतु उनमें इंजेक्शन से दवा पहुंचाई जाती है। बैंगन में तो इतनी जहरीली दवा का छिड़काव होता है कि हमने बाजार का बैंगन खाना ही छोड़ दिया। आम हो या सेब, कीटनाशक दवा तो पड़ती ही है जिससे फल सुरक्षित रहें।अब तो आंवला की बाग में भी कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा है। पेड़ों व जमीन पर पड़े रसायन एवं विष पानी के रास्ते जमीन के भीतर एकत्रित जल तक जाकर उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

मैं 12-15 वर्ष का था, घर के किसी आयोजन के लिए दूध खरीद कर लाने हेतु पिताजी ने एक यादव को लगाया। जब यादव जी दूधिया के घर गए तो उसने शुद्ध दूध का रेट तीन रुपए प्रति लीटर बताया,जबकि तब 2.50 रुपए का रेट था। यादव जी ने कहा, ठीक है लेकिन दूध शुद्ध हो। वह शुद्ध दूध के लिए 3.50 रुपए का रेट लगाया। यादव जी के अपने सामने ही दूध दुहाने की बात करने पर वह 3.75 रुपए प्रति लीटर का रेट बताया। जब रेट के इतना बढ़ने की बात यादव ने की तो उसने शुद्धता के साथ रेट बढ़ना बताया। बाजार में जब हम सस्ता सामान लेंगे तो शुद्धता से समझौता करना ही पड़ेगा। अधिक दाम देने पर भी शुद्धता की गारंटी नहीं है। यह मिलावट और प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है, इससे खाद्य,जल,वायु सभी प्रभावित हो रहे हैं। इसका हल फिलहाल दिख नहीं रहा है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

# काम का दबाव

काम के दवाब में एक युवा चार्टेड एकाउंटेड की कार्डियक अटैक से असामयिक मृत्यु देश के सफेद कालर वालों के लिए दिल को छू देने वाली घटना है। इसने पूंजवादी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और मानवता की ओर गंभीर चिंतन पर अपना ध्यान खींचा है। हमारे नीति निर्धारक जो पूंजीवाद पर आधारित नीतियों के पोषक हैं उनके द्वारा सामाजिक दृष्टिकोण भुला दिया गया है।

केरल निवासी एक होनहार 26 वर्षीय अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की अस्वभाविक मृत्यु ने आधुनिक कार्य संस्कृति के बारे में एक महत्वपूर्ण चर्चा को प्रज्ज्वलित कर दिया है, उसकी मां ने नियोक्ता कंपनी के चेयरमैन राजीव मेनानी को लिखे पत्र में नौकरी के कार्य दवाब को इस मृत्यु से जोड़ा है।

इस त्रासदी भरी खबर का दो महीने बाद सामने आना,और उस पर प्रतिक्रिया ने अचंभित किया है।

क्या हम कर्मचारियों के काम के संकट के सकेतों को समझने और उन पर कारवाई करने में बहुत धीमे है? कंपनी ने घटना पर अपना दुख तो जाहिर किया है। परंतु अंतिम संस्कार में संस्थान के लोगों के शामिल न होने ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है, जबकि इस कंपनी में एक लाख कर्मचारी है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# सड़क हादसे में 3 की मौत, 1 घायल

## मजदूरी करने को घर से निकले थे युवक, लोगों ने चौराहे पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, बांदा



सड़क हादसे के बाद जाम लगाए लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नरैनी करतल मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार चार युवकों को टक्कर मार कर कुचल दिया। अस्पताल में तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना से आहत परिजनों व ग्रामीणों ने शवों को मुख्य चौराहे में रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा भेजा।

जानकारी के मुताबिक मोहनपुर (खलारी) गांव निवासी विजय बहादुर (26) पुत्र कमतू अपने छोटे भाई रामबाबू (22) के साथ घर से सुबह करीब 6 बजे बाइक से निकला था। दोनों भाई पड़ोसी गांव धोबिन पुरवा (पुकारी) पहुंचे और यहां से प्रभुदयाल उर्फ पोली (30) बोंगा और बउआ उर्फ मनोज (24) पुत्र श्रीपाल को अपने साथ बाइक में बैठा लिया और लकड़ी काटने की मजदूरी करने के लिए अतर्रा जाने के लिए निकल पड़े। नरैनी करतल मुख्य मार्ग पर सुबह लगभग 8 बजे लहुरेटा गांव के आगे और जमवारा गांव के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहे रामबाबू टक्कर लगते ही छिटक कर सड़क की बायीं पटरी पर गिर गया, जबकि अन्य तीनों युवक ट्रक के पहियों के नीचे आकर कुचल गए। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने कोतवाली पुलिस और एम्बुलेंस को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राममोहन राय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और चारों युवकों को एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। यहां चिकित्सक डा. धरम पाल प्रजापति ने विजय बहादुर, पोली उर्फ प्रभु दयाल और बउआ उर्फ मनोज को मृत घोषित कर दिया। घायल रामबाबू को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### एक घंटे बाद खुला जाम

घटना की सूचना मिलते ही तीनों मृतकों के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने कहा कि जिलाधिकारी को मौके पर बुलाया जाए और दुर्घटना करने वाले चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। जब इनकी मांग नहीं सुनी गईं तो आक्रोशित होकर परिजन और ग्रामीण अस्पताल से शवों को उठाकर मुख्य चौराहे पर ले गए और सड़क पर शव रखकर रोड जाम कर दिया। क्षेत्राधिकारी अम्बुजा त्रिवेदी, तहसीलदार संतोष कुमार मौके पर पहुंचे और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। तब लगभग एक घंटे बाद जाम खुला। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज भी मौके पर पहुंचे। कोतवाली प्रभारी राममोहन राय ने बताया कि बाइक चालक ने एक ट्रक को ओवर टेक कर जैसे ही आगे बढ़ा सामने से डंपर आ गया, जिससे बाइक चालक युवक संभाल नहीं पाया और सामने से आ रहे डंपर की चपेट में आ गया। बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक और चालक की तलाश की जा रही हैं।

# किशोरी को ट्यूबवेल पर ले जाकर किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- थाना कबरई का मामला, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा
- विद्युत विभाग में संविदा पर लाइनमैन है आरोपी

**अमृत विचार।** थाना कबरई के एक गांव में घर से किशोरी को एक ट्यूबवेल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने घर लौटकर अपने साथ घटी घटना की जानकारी परिजनों को दी। मां ने बेटी के साथ थाना कबरई में जाकर विद्युत विभाग के संविदाकर्मी के खिलाफ पास्को अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना कबरई के एक गांव निवासी किशोरी घर पर सो रही थी तभी ग्राम परसाहा निवासी अर्जुन कुशवाहा ने किशोरी को रात में फोन कर बाहर बुलाया। युवक के फोन करने पर किशोरी बाहर आई तभी युवक किशोरी को अपने साथ गांव के एक ट्यूबवेल पर ले गया, जहां पर उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और किसी से कहने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। इधर किशोरी के गायब होने पर परिजन परेशान हो गए और उसकी तलाश में जुट गए। थोड़ी देर बाद किशोरी घर आ गई। परिजनों के पूछने पर किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी।

किशोरी के साथ थाना कबरई पहुंची मां ने अर्जुन कुशवाहा के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपी बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन है। गांव में आएदिन बिजली लाइन ठीक करने आता था, जहां पर उसने बेटी से जान पहचान बना ली और फोन से बातचीत करने लगा। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### किशोरी से दुराचार के 4 आरोपी हुए गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मझगवां (मप्र) थानांतर्गत क्षेत्र निवासी एक किशोरी से दुराचार के चारों आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। इनमें से तीन युवक मानिकपुर निवासी हैं। सिविल लाइंस सतना थाने में 21 सितंबर को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 19 वर्षीया बेटी बाजार जाने के लिए निकली तो घर नहीं लौटी। बाद में अमदरा थाने से रात में पता चला कि किशोरी को ढूंढ लिया गया है। पुलिस टीम किशोरी को लेकर सतना पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि वह 21 सितंबर को मां से पैसे लेकर बाजार गई थी। सतना रेलवे स्टेशन पर उसे गुड्डू उर्फ दिनेश गुप्ता पिता स्व. लखनलाल निवासी मानिकपुर मिला, जिसके साथ वह घूमने फिरने की मंशा से मानिकपुर चली गई। उसका आरोप है कि वहां गुड्डू ने अपने दो दोस्तों विक्की केशरवानी पुत्र अज्जू निवासी मानिकपुर और रज्जी निषाद पुत्र जौहरिया निवासी गांधीनगर मानिकपुर के साथ उससे दुराचार किया। इसके बाद गुड्डू उसे मैहर लिवा ले गया और वहां भी एक ढाबे में गलत काम किया। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ वहां रूपगंज मैहर निवासी अर्जुन पटेल पुत्र स्व. जगदेव पटेल ने भी दुराचार करने की कोशिश की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मैहर और मानिकपुर से सभी आरोपियों को दबोच लिया।

### दादी के इशारे पर पोते पर हमला

**सुमेरपुर।** कस्बे में मोक्षधाम के समीप रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी मां बेटे और बहू पर प्राणघातक हमला कराने की तहरीर सौंपी है। थाना क्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग के मूल निवासी मुकेश सिंह ने बताया कि उसका परिवार कस्बे के मोक्ष धाम के समीप रहता है। मां मुन्नी सिंह की तबियत खराब थी, जिसकी देखभाल के लिए पुत्र आकाश सिंह एवं बहू को भेजा था। रात में मां के इशारे पर लोगों ने पुत्र आकाश सिंह की गला रेतकर हत्या का प्रयास किया। पुत्र के गले में धारदार हथियार का गहरा घाव है। पीड़ित ने मां के खिलाफ तहरीर सौंपी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि दादी पोते के मध्य विवाद हुआ है। जांच कराई जा रही है।

### नवाब समेत तीनों आरोपियों पर दो दिन में गैंगस्टर

**कन्नौज।** किशोरी से दुष्कर्म मामले में आरोपी नवाब सिंह यादव, भाई नीलू यादव व किशोरी की बुआ पर गैंगस्टर की कार्रवाई की तैयारी पुलिस ने कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने पत्रावली तैयार कर ली है। दो से तीन दिन में पुलिस तीनों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। किशोरी से दुष्कर्म में पुलिस नवाब समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके बाद इन सभी का गैंग चार्ट तैयार किया गया है। पता चला है कि इसे पुलिस ने अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी के पास भेजा है। वहां से अनुमोदन मिलते ही दो से तीन दिन में इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिये कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे मामले से संबंधित फाइल को न्यायालय में दाखिल कर देंगे। जानकार बताते हैं कि गैंगस्टर की कार्रवाई होने के बाद आरोपियों को कुछ समय तक जमानत मिलने में दिक्कत हो सकती है। साथ ही न्यायालय से भी गैंगस्टर में सजा हो सकती है।

### प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का प्रयास

**असोथर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल कर पति को हत्या करने की नीयत से चारपाई पर बांध दिया। पीड़ित युवक ने शोर मचाया तो ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी के साथ पत्नी मौके से भाग निकली। पीड़ित युवक ने थाने में लिखित शिकायती पत्र दिया है। क्षेत्र के घरवासीपुर मजरे भैरवां निवासी सुखराज पासवान पुत्र सुखपाल ने लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शनिवार रात को अपनी पत्नी से खाना लेकर खाने लगा तो कढ़ी में कुछ अजीब सा महसूस हुआ। पीड़ित ने पत्नी से दाल मंगवाई और चावल के साथ दाल खाने लगा, दाल का स्वाद भी अलग महसूस हुआ। किसी तरह थोड़ा दाल चावल खाकर उसने बच्चों का बिस्तर लगाकर सुला दिया और खुद अपना बिस्तर लगाकर चारपाई पर सो गया। देर रात सोते समय युवक की पत्नी शोभा देवी और एक अज्ञात युवक ने उसे दबा लिया, युवक की नींद खुली और देखा की वह चारपाई से बंधा हुआ है। शोर मचाने पर पत्नी ने पति का मुंह दबा लिया। किसी तरह से उसने शोर मचाया तो गांव के लोग उसके घर की तरफ दौड़े। जिस पर युवक की पत्नी और एक अज्ञात व्यक्ति मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने रस्सी खोला और पति ने पत्नी का पीछा करते हुए भैरवां गांव पहुंचा। पत्नी को पकड़कर घर लाया और मोबाइल चेक किया तो जानकारी हुई कि लगभग 10 बजे पत्नी की गांव के ही रहने वाले एक युवक से बात हुई थी। पत्नी से पूछताछ दौरान पीड़ित युवक की पुत्री काजल ने बताया कि शाम करीब 4 बजे गांव का ही एक व्यक्ति घर में दवा फेंककर चला गया था। मां ने उस दवा को उठाया था। घटना के बाद सुबह पति ने थाने आकर लिखित शिकायती पत्र दिया।

### मारपीट करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के रिठारी गांव दरवाजे में जाकर गालीगलौज, मारपीट करने पर पीड़ित ने एक आरोपी के खिलाफ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र की रिठारी गांव निवासी दीपक पुत्र श्याम करण ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार को शाम 9:00 बजे अपने दरवाजे की चबूतरा में बैठा था। तभी पड़ोस के भानु प्रताप पुत्र छोटा उर्फ रघुनंदन आकर अकारण गली गलौज करने लगा विरोध करने पर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर पड़ोसियों के आ जाने पर गाली गलौज करता हुआ जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने आरोपी खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीटी रोड के अनावश्यक कट बंद किये जाएंः डीएम

**कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान जीटी रोड के अनावश्यक कट बंद करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने यूपीडा को निर्देश दिये कि दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षात्मक उपाय को आवश्यक कदम उठाएं। एक्सप्रेस वे पर अधिक दुर्घटनायें होने वाले स्थानो का चिन्हित कर वार्निंग संकेतक, रेड/ब्लू (पुलिस संकेतक) बत्ती लगायी जायें। इसके साथ ही वाहन कितनी स्पीड चलाना है कि जानकारी के लिये इलेक्ट्रानिक बोर्ड लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाये। निर्देश दिये कि ओवर स्पीड वाली गाड़ियों का चालान किया जाये। निर्देश दिये कि जीटी रोड में जहां कट हैं वहां साइनेज/संकेतक लगाये जायें। इसके साथ ही अनावश्यक जो कट बने हैं उन्हें बंद किया जाये। सड़को पर रेडियम वाली प्लेट लगायी जायें, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अधिकारी ओपेन माइंड के साथ कार्य करें। समय-समय पर रोड का विजिट करें। जहां जिस कार्य की आवश्यकता है, उसे समय से पूरा करें। उन्होंने सड़क डिवाइडर पर कामर्शियल विज्ञापनों को पूर्णत: रोक लगाने को कहा। जीटी रोड पर मवेशी पाये जाये तो गोशालाओं में संरक्षित किया जाये। स्कूल बसों और ऑटो का फिटनेश करने, स्कूल बसों और आटो में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठे, इसके लिए नियमित चेकिंग करें। नियम विरूद्ध स्कूली बस एवं ऑटो के संचालन पर कार्रवाई की जाये। एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि एक्सप्रेसवे से शहर/करबों की ओर बताए जाने वाले संकेतक सही किया जाये।

# 2 बारातियों की हत्या के दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- द्वारचार के दौरान हर्ष फायरिंग में गई थी दोनों की जान

**अमृत विचार।** बारात के द्वारचार के समय हर्ष फायरिंग में दो बारातियों की मौत पर दो दोषियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक को 71-71 हजार का अर्थदंड भी दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने के उड़की माफी गांव के निवासी नत्थू प्रसाद यादव ने राजापुर थाने में 4 मई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इंटवा महुलिया गांव के निवासी हरिश्चंद्र के बेटे शंकर यादव की बारात 3 मई 2022 को राजापुर थाने के नोनागर अतरसुई गांव गई थी। उसका बेटा रामकरण यादव भी कन्या पक्ष के दरवाजे पहुंचा था। बाराती पक्ष की ओर से आए महुलिया निवासी बबुली यादव ने अपनी रायफल और गोबरिया निवासी महेश यादव ने अपनी दोनाली बंदूक से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। इसमें उसका बेटा रामकरन, इंटवा महुलिया निवासी रामलखन यादव, महुलिया निवासी राममिलन यादव और मुन्ना पाल घायल हो गए। इसमें रामकरन और रामलखन की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद रायफल और दोनाली बंदूक बरामद किए और दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया था। साथ विवेचना के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध हत्यारोपी बबुली यादव और महेश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को 71-71 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# जालौन में पकड़ा गया कार चालक

संवाददाता, राठ/सरीला




घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार



घायल रामजी।



पुत्री परी।



अमन।

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने बताया पुलिस ने जालौन से चालक को पकड़ा है। कार भी बरामद कर ली गई है। ढाई वर्षीय बच्ची परी को बरामद कर लिया गया है। कानपुर के नयापुरवा निवासी कार चालक संजीव की निशानदेही पर महिला अमन के शव को जरिया थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है।

इस मामले में चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। मौके पर फील्ड यूनिट टीम भेजी गई है। डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

थानाध्यक्ष भरत कुमार का कहना है कि सूरज यादव ने बताया कि जोल्हूपुर मोड़ से उरई की तरफ जैसे ही कार चली, तभी चालक के फूफा ने गमछे से उसका गला घोंटने का प्रयास किया तो वह चलती कार से कूद गया। आरोपी पत्नी व दोनों बच्चों को लेकर भागे तो उसने यूपी 112 को सूचना दी। इसके बाद वह पत्नी, बच्चों की तलाश में कानपुर वापस चला गया। सोशल मीडिया ग्रुप पर ढाई वर्षीय बेटी परी की औरैया में होने की जानकारी मिली तो वह पहुंचा। कार के राठ की तरफ आने की पुलिस को भनक लगी तो राठ, जरिया और चिकासी थाने की पुलिस भी खोजबीन में जुट गई। तब जरिया क्षेत्र में गोहांड कस्बे की आगे राठ-उरई मार्ग पर महिला का शव बरामद हुआ। 10 वर्षीय बेटा रामजी अचेत अवस्था में पड़ा मिला।

### बेटे की मन्नत पूरी करने जा रहे थे चित्रकूट

**कानपुर।** हमीरपुर के राठ में परिवार को कार में अगवा कर महिला की हत्या की खबर गुजैनी पहुंची तो पड़ोसी सन्न रह गए। सूरज यादव करीब 7 वर्षों से पत्नी अमन व एक बेटे रामजी व ढाई साल की बेटी के साथ किराए के मकान में रहते थे। बेटा पैदा होने की मन्नत पूरी करने वह चित्रकूट जा रहे थे। किरायेदारों ने बताया कि गोविंदनगर निवासी अरविंद पांडेय के गुजैनी स्थित दो मंजिला मकान में सूरज के आलावा तीन परिवार और रहते हैं। सूरज ने मकान मालिक अरविंद से कहकर भूतल के कमरे में त्रिभुवन उर्फ चाचा को रखवाया था। इसी मकान में प्राइवेट कर्मी मनोज पत्नी पूजा और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। ऊपरी मंजिल पर प्रशांत, पत्नी सोनम और दो बच्चों के साथ रहते हैं। किरायेदार पूजा ने बताया कि अमन के बेटे रामजी का चार अक्टूबर को 11 वां जन्मदिन है। अमन बेटे का जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रही थी। चित्रकूट से लौटकर जन्मदिन मनातीं।

# मुठभेड़ में डकैत को लगी गोली, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- करीब 15 महीने पहले शहर में पड़ी डकैती में फरार चल रहा था 50 हजार का इनामी

**अमृत विचार।** कोतवाली कन्नौज व एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से डकैती की घटना में फरार चल रहे 50,000 रुपये के इनामिया डकैत को मुठभेड़ में पैर में गोली मार दी। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, 15,200 रुपये नकद व एक ब्रैसलेट बरामद किया गया।

सदर कोतवाली के मोहल्ला युसुफपुर भगवान मकरंदनगर निवासी इत्र कारोबारी विमलेश चन्द्र तिवारी पुत्र शिवसनेही तिवारी के यहां 28 जून 23 की रात डकैतों ने परिजनों को बंधक बनाकर सोने चांदी के जेवर, 07 लाख 30 हजार रुपया नकद और लाइसेंसी रिवाल्वर व अन्य सामान लूट लिया था। मामले में 29 जून को सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त घटना के पांच आरोपियों अखिलेश जोशी, सुल्तान मोंगिया, मनोज उर्फ मनोहर पारदी, जादव पुत्र संजू, दाताराम उर्फ दादाराम को पुलिस ने 09 जुलाई 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद डकैत विक्की पारदी पुत्र रूप सिंह पारदी निवासी ग्राम माधवगढ़ थाना कचनार जनपद अशोक नगर मध्य प्रदेश 02 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

उक्त घटना में प्रकाश में आए वांछित फरार डकैत चप्पड़ राजन काले उर्फ चप्पड़ पारदी पुत्र राजन काले पारदी निवासी मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना (मध्यप्रदेश) हाल पता ग्राम बंजरबाडी थाना दौलताबाद जनपद औरंगाबाद(महाराष्ट्र) की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तारी से बचने एवं अधिक समय से वांछित रहने पर पुलिस उपमहा निरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर ने डकैत पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। एसपी अमित आनंद ने बताया कि 22/23 सितंबर की रात सूचना मिली थी कि चप्पड़ जेल में बंद अपने साथियों से मिलने आया है। इस पर कोतवाली कन्नौज व एसओजी टीम ने ग्राम भाटनसरैया जलालपुर पनवारा रोड पर घेराबंदी की।

इस दौरान डकैत ने गोली चला दी जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। गोली चप्पड़ के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पर एसपी के अलावा सीओ सदर कमलेश कुमार व अन्य पुलिस के अधिकारी कर्मचारी जिला अस्पताल पहुंच गये। बदमाश के पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जोल्हूपुर हमीरपुर हाईवे पर बीती रात बाइकों में भिड़ंत हो गई। इसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि बालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कदौरा की ओर आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार शहजाद उर्फ शीबू पुत्र सगीर निवासी बमहौरी ने आगे चल रही बाईक सवार वीर सिंह निवासी परौसा व रहीस खान 30 वर्षीय पुत्र अनवार खान की बाईक मंल जोरदार टक्कर मार दी। जिनमें दोनों बाइकों पर सवार 4 वर्षीय बालक सहित चार लोग घायल हो गये। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और राहगीरों ने सभी घायलों को उठाकर उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां पर बच्चे व रहीस खान निवासी कदौरा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रहीस खान को डॉक्टरों ने झांसी रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

**सख्ती** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने की कार्रवाई

# जिला मलेरिया अधिकारी व निरीक्षक का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

- कहा, बिना अनुमति जिला नहीं छोड़ेंगे मलेरिया व फाइलेरिया इंस्पेक्टर
- संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर एवं दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जनपद में चलाया जाएगा, जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु अन्तर्विभागीय बैठक जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में हुई। इस दौरान उन्होंने अभियान के तहत चलाए जा रहे कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिला मलेरिया अधिकारी व मलेरिया निरीक्षक का वेतन अगले आदेशों तक रोकने के आदेश दिए व मलेरिया इंस्पेक्टर को तलब किया। निर्देश दिए कि कोई भी मलेरिया इंस्पेक्टर, फाइलेरिया इंस्पेक्टर व डीएमओ बिना अनुमति के जिला नही छोड़ेंगे।

बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो एवं पूर्व में पाई गई कमियों में सुधार लाते हुए संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। जनपद की रैंकिंग, शीर्ष जनपदों में रहे तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान का उद्देश्य सार्थक हो सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी विभाग के द्वारा अभियान में लापरवाही की जाती है तो संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों की योजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को कार्ययोजना के अनुरूप प्रत्येक गांव में साफ सफाई, झाड़ियों की कटाई, एन्टी लार्वा छिड़काव, नालों की सफाई कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में साफ सफाई, नालियों की सफाई, फागिंग, झाड़ियों की कटाई कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जुलाई में चलाये गये अभियान के फीडबैक की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। जिलाधिकारी ने दस्तक अभियान के अन्तर्गत शासन के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप गतिविधि संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने में जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली व मलेरिया निरीक्षक राजेपुर अनिमेश शुक्ला का वेतन अगले आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए व मलेरिया इंस्पेक्टर से जवाब तलब किया। निर्देश दिए कि कोई भी मलेरिया इंस्पेक्टर, फाइलेरिया इंस्पेक्टर व डीएमओ बिना उनकी अनुमति के जिला नही छोड़ेंगे। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, डीडीओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पड़ोसियों के हमले में वृद्ध की मौत

संवाददाता, सुमेरपुर

- दरवाजे से मिट्टी हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद
- आरोपियों की तलाश में जुटी सुमेरपुर थाने की पुलिस

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बिरखेरा गांव में सोमवार सुबह रिहायशी मकान के बाहर पड़ी मिट्टी हटाने के विवाद में सगे भाइयों ने एक वृद्ध को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। इलाज के दौरान घायल की सदर अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले में चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिरखेरा गांव निवासी राम पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता गोपी पाल (85) सोमवार सुबह 6:30 बजे मकान के सामने पड़ी मिट्टी को हटाने के लिए पड़ोसी मूलचंद पाल से कहा था। इस बात से आगबबूला होकर मूलचंद पाल ने पिता के साथ गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अपने भाई सदासुख, उदित और जयकरन के साथ मिलकर लाठियों से जमकर पीटा, जिससे वह अचेत होकर गिर गए। बचाने दौड़ी बहू तेजकुमारी को दौड़ाकर घर में घुसकर पीटा और भाग निकले।

घटना की सूचना यूपी 112 को दी गई। घटना की सूचना पाकर यूपी 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल गोपी पाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान गोपी पाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पैतृक भूमि पर दबंगों का कब्जाः हमीरपुर।** मजदूर की पैतृक भूमि को दबंगों से कब्जामुक्त कराने की मांग को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी की चौखट पहुंच न्याय की गुहार लगाई है।

### संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**चित्रकूट।** एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यालय निवासी पूनम (27) की बीते दिन संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस में मायकेवालों ने बताया कि रविवार की रात उसके पति अरविंद ने फोन करके बताया था कि पूनम की गिरने से जान चली गई। इस पर वे लोग पहुंचे और मामले को संदिग्ध पाया। बताया गया कि पूनम की पहली शादी बदौसा में हुई थी और उसकी प्रताड़ना की वजह से वह मायके में रहने लगी थी। बाद में उसने सीतापुर निवासी अरविंद से तीन साल पहले कोर्ट मैरिज की थी। मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद अरविंद भी पूनम को परेशान करता था। ऐसे में आशंका है कि उसने ही पूनम को मार डाला है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। आरोपी से पूछतांछ की जा रही है।

## महाराष्ट्र विधान सभा का कार्यकाल 26 नवंबर को हो जाएगा समाप्त, दीपावली व छठ पूजा के बाद घोषित किया जा सकता मतदान कार्यक्रम

# ड्राइविंग सीट और किंग मेकर की जिद में फंसी सीट शेयरिंग

महाराष्ट्र सत्ता संग्राम

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजित पवार व देवेंद्र फडणवीस।



उद्धव ठाकरे। नाना पटोले। शरद पवार।

**288** सीटों में भाजपा और कांग्रेस आधी से कम पर लड़ने को नहीं राजी

- बीते 5 साल की अवसरवादी राजनीति के कारण हर दल व नेता आशंकित

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए पहले चरण के मतदान और हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार गर्माने के साथ ही चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र विधान सभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि राज्य में 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए दीपावली और छठ पूजा के बाद मतदान का कार्यक्रम घोषित किया जा सकता है। हालांकि राज्य में चुनावी बयार पहले से ही बह रही है और दोनों प्रमुख गठबंधन सत्ताधारी महायुति तथा विपक्षी महाविकास अघाड़ी लोकसभा चुनाव के बाद से ही सीटों के बंटवारे पर माथापच्ची कर रहे हैं। लेकिन अंतिम निर्णय पर नहीं पहुंच सके हैं। लगातार बैठकों के दौर के बाद भी दोनों गठबंधनों में शामिल दलों के बीच अगर रस्साकशी जारी है, तो उसकी वजह बीते 5 साल की अवसरवादी राजनीति है, जिसमें कौन किसके साथ चुनाव लड़ा, किसके साथ सरकार बनी, रातों-रात शपथ से लेकर कैसे पार्टियां टूटीं। इसीलिए सरकार बनने की स्थिति में भाजपा और कांग्रेस जहां ड्राइविंग सीट पर रहना चाहते हैं, वहीं विभाजित शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अपने-अपने गठबंधन में किंगमेकर की भूमिका अपने पास रखना चाहते हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महाविकास अघाड़ी में मुख्य मुकाबला है। कांग्रेस की अगुवाई वाले महाविकास अघाड़ी में शिवसेना उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस शरद पवार शामिल है। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव में मिली बढ़त से खासा उत्साहित है और सरकार बनाने का दावा कर रहा है। दूसरी ओर भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन से विभाजित शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री हैं। इस गठबंधन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में हुई टूट के बाद अजित पवार भी हिस्सा बने हैं।

महायुति में अभी तक मोटे तौर पर माना जा रहा था कि शिंदे की शिवसेना 80 और अजित पवार 60 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा 140 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। बाकी बची सीटों पर भाजपा के सहयोगी दलों को मौका मिल सकता है। लेकिन अब ऐसी खबरें हैं कि भाजपा किसी भी हाल में 160 से कम सीटों पर चुनाव नहीं लड़ना चाहती है। महाराष्ट्र में पार्टी के पास वर्तमान में 106 विधानसभा सीटें हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी इस बार भी उतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, जितनी उसने 2019 के पिछले विधानसभा चुनाव में अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में लड़ी थीं। ऐसा होने पर शिवसेना और एनसीपी को लगभग 120 से 125 सीटों पर ही अपने प्रत्याशी उतारने का मौका मिलेगा। बची हुई सीटों पर रामदास आठवले की पार्टी आरपीआई तथा अन्य घटक दलों को समायोजित करना होगा। अब इसमें पेच यह है कि रामदास अठावले 10 सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जताने के साथ दबाव भी बना रहे हैं।

दरअसल, महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जैसे क्षेत्रीय दलों का लंबे समय से मजबूत स्थान है। सरकार चाहे जिसकी भी बने, उसकी धुरी यह दोनों पार्टियां भी बनती रही हैं। यह तस्वीर तब है, जबकि दोनों ही दल राज्य के सभी क्षेत्रों में समान जनाधार की बजाए एक खास हिस्से में दबदबा रखते हैं। शिवसेना अगर मुंबई तथा ठाणे इलाके में मजबूत रही है तो राष्ट्रवादी कांग्रेस का गढ़ पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा गिना जाता है। इस स्थिति में अक्सर राज्य की सत्ता पर कौन सा दल काबिज होगा, इसका निर्णय विदर्भ क्षेत्र के मतदाता करते रहे हैं। विदर्भ में हमेशा से भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होता आया है। इस क्षेत्र में विधानसभा की 62 सीटें हैं। भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन ने 2019 के विधान सभा चुनाव में यहां 42 सीटों पर जीत हासिल की थी। विपक्षी उम्मीदवार 15 सीटों पर विजयी रहे थे। लेकिन लोकसभा चुनाव में विधानसभावार परिणाम महायुति के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं थे। भाजपा की अगुवाई वाला यह गठबंधन सिर्फ 22 विधानसभा सीटों पर ही आगे रहा था। महाविकास अघाड़ी को 35 सीटों पर बढ़त मिली थी।

विदर्भ में कांग्रेस का आधार है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। यही कारण है कि महाविकास अघाड़ी में भी सीटों के बंटवारे को लेकर मतभेद हैं। राज्य की 288 विधानसबा सीटों में कांग्रेस सर्वाधिक सीटों पर दावा ठोक रही है। इसके पीछे पार्टी के नेता लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को आधार बना रहे हैं। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी अपनी शिवसेना के लिए सीटों का बड़ा हिस्सा मांग रहे हैं। उद्धव फिर से मुख्यमंत्री बनने का सपना संजोए हुए हैं। मुख्यमंत्री बनने के लिए ही उन्होंने भाजपा से वर्षों पुराना गठबंधन तोड़ दिया था, ऐसे में मुख्यमंत्री का पद वह आसानी से कैसे छोड़ सकते हैं। उनकी अगुवाई वाली शिवसेना यह सुनिश्चित करना चाहती है कि महाविकास अघाड़ी के चुनाव जीत जीतने पर अगर पार्टी की सीटें अन्य दलों से कम भी हों तो भी एकनाथ शिंदे वाले प्रयोग की तर्ज पर मुख्यमंत्री वही बन सकें। लेकिन उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री घोषित करने की मांग को शरद पवार गुट और कांग्रेस दोनों ही खारिज कर चुके हैं। इसी के बाद तल्खी बढ़ने पर सांसद और शिवसेना उद्धव के प्रवक्ता संजय राउत दबाव बनाने के लिए यहां तक कह चुके हैं कि उनकी पार्टी सभी 288 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| राजनीतिक दल | जीती सीटें |
|---|---|
| भाजपा | 105 |
| कांग्रेस | 44 |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस | 54 |
| शिवसेना | 56 |
| अन्य दल | 16 |
| निर्दलीय | 13 |

### रिश्वत लेते पकड़ा गया कनिष्ठ लिपिक, निलंबित

**बदायूं:** एंटी करप्शन टीम ने नगर पालिका परिषद, बदायूं के कनिष्ठ लिपिक मुशाहिद अली को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। पालिका अध्यक्ष ने उसे निलंबित कर दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी अरसलान खान पुत्र जमीरउल हसन ने मीट की दुकान खोलने के लिए नगर पालिका में आवेदन किया था। एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए नगर पालिका में कनिष्ठ लिपिक मुशाहिद अली ने 20 हजार रुपये की मांग की। व्यापारी ने इतने रुपये देने में असमर्थता जताई तो मामला 8 हजार रुपये में तय हुआ। अरसलान ने बरेली की एंटी करप्शन टीम के सीओ यशपाल सिंह से शिकायत की। सीओ ने सोमवार को ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में टीम बदायूं भेजी।

## पूर्व विधायक सोनू सिंह के केस में कांस्टेबल का बयान दर्ज

**सुलतानपुर:** धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग में दो साल पूर्व गाली-गलौज और हत्या की धमकी के मामले मे पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू समेत चार अन्य के केस में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सोमवार को अभियोजन के तीसरे गवाह कांस्टेबल जयसिंह का बयान दर्ज किया गया। एक अक्टूबर की नियत की है। अभियोजन के मुताबिक धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग में 18 जून 2022 को नाली के पानी के विवाद को लेकर फूलचन्द्र निषाद, पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रोशन सिंह और पप्पू सिंह पर हत्या की धमकी देने के आरोप में गांव के ही बैजनाथ निषाद ने केस दर्ज कराया था।

**प्रारूप सं० – 14**
**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**(धारा 82 देखिये)**
**मु.अ.से. 148/2024**
**धारा 363, 376 IPC व 4(2) पाक्सो एक्ट**
**थाना– कोतवाली नगर, हमीरपुर**
**बनाम**
**संजय पुत्र सूरजपाल, निः महना पीएस ललौली, जिला– फतेहपुर**

आज मेरे समक्ष परिवाद किया गया कि (नाम वर्णन) संजय पुत्र सूरजपाल (पता) ग्राम महना, थाना– ललौली, जनपद– फतेहपुर में भारतीय दण्ड संहिता की धारा..363, 376 IPC व 4(2) पाक्सो एक्ट के आधीन दण्डनीय होने का अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है,
कि उक्त (नाम) संजय मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान पर रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि (उक्त नाम) संजय फरार हो गया है या (उक्त वारण्ट की तामीला से बचने के लिए अपने को छिपा रहा है)।
.इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि (पता) ग्राम महना, थाना– ललौली जिला फतेहपुर के (उक्त नाम) संजय से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए (स्थान) में तारीख 3.0. दिवस को हाजिर है
दिनाँक – 12/09/2024

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, हमीरपुर।**

### एक नजर

### कई आईएएस अधिकारी इधर से उधर

**लखनऊ।** शासन ने सोमवार को पांच आईएएस अधिकारियों के कामकाज में फेरबदल किया है। स्थानांतरण के इस क्रम में अम्बेडकरनगर की मुख्य विकास अधिकारी प्रनत ऐश्वर्य को विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग व संयुक्त प्रबंध निदेशक, जल निगम (ग्रामीण) के पद की ज़िम्मेदारी दी गई है। अपर निदेशक, सूडा आनंद कुमार शुक्ला को सीडीओ अम्बेडकरनगर बनाया गया है। वहीं, विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म उमेश प्रताप सिंह को इसी पद पर पिछड़ा वर्ग विभाग में भेजा गया है। विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग व संयुक्त प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) अरुण कुमार को विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की जिम्मेदारी मिली है। विशेष सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत और निदेशक नेडा अनुपम शुक्ला को वर्तमान पद के साथ प्रबंध निदेशक, यूपी नवीनीकरण एवं ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी के साथ शासन ने प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और नरेंद्र भूषण को मुख्य सचिव का वेतनमान दे दिया है। उन्हें अपर मुख्य सचिव का पदनाम दिए जाने के लिए भी उच्चस्तर से अनुमति मांगी गई है। अनुराग श्रीवास्तव नमामि गंगे व ग्रामीण जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव हैं। जबकि नरेंद्र भूषण ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव हैं।

### पूर्व विधायक के केस में गवाही पर नहीं हाजिर हुए दरोगा

**सुलतानपुर।** लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित 12 के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/ एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष न्यायालय में सोमवार को दरोगा आनंद गौतम के न आने के कारण की गवाही टल गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया दरोगा के न आने के कारण जिरह नहीं हो सकी। अगली सुनवाई एक अक्टूबर को है।

## भदरसा सामूहिक दुष्कर्म मामले में दाखिल हुआ आरोप पत्र

अयोध्या, कार्यालय

- पाक्सो एक्ट अदालत में 26 सितंबर को तय है रिमांड पेशी

**अमृत विचार।** सियासत के साथ शासन-सत्ता तक हलचल मचाने वाले पूराकलंदर थाना क्षेत्र निवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में विवेचक ने आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत में प्रस्तुत कर दिया है। अभियुक्तों के रिमांड की पेशी 26 सितंबर पहले से ही नियत की गई है। मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने की पुष्टि अभियुक्त मोईद खान के अधिवक्ता वाईवी मिश्रा ने किया है।

थाना क्षेत्र के भदरसा कस्बा निवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान मोईद खान का नौकर राजू खान खेत में पहुंचा और उसे बुलाकर बेकरी के कारखाने में ले गया। वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने मोईद खान के मोबाइल से इसका वीडियो बनाया और इसी आपत्तिजनक वीडियो के सहारे बलैकमेल कर राजू ने पुत्री के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। तहरीर पर पूराकलंदर थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना कार्यवाही पूरी होने के बाद विवेचक की ओर से मोईद अहमद और राजू खान की ओर से पीड़िता के साथ सामूहिक बलात्कार किए जाने, जिससे पीड़िता के गर्भवती होने धमकी देने तथा पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत आरोप बखूबी साबित होने की बात कही गई है।

## ईडी ने जब्त की बिल्डर की 14.89 करोड़ की संपत्ति

**लखनऊः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गाजियाबाद के बिल्डर राजीव त्यागी, उनके दो बेटे अमर्त्य और कनिष्क राज त्यागी की 14.89 करोड़ की संपत्ति को सोमवार को जब्त कर ली। संपत्तियों में फ्लैट, दुकानें, कॉम्प्लेक्स शामिल है।

बिल्डर राजीव त्यागी ने यूनियन बैंक से करीब 22 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। किश्त न देने पर बैंक ने उसे डिफाल्टर घोषित किया था। गिरवी संपत्ति को जब्त करने की कवायद में बैंक को पता चला पर उस पर पहले से ही यूको बैंक ने कब्जा कर रखा है। इस मामले में दो साल पहले सीबीआई की गाजियाबाद टीम ने रिपोर्ट दर्ज की थी। सीबीआई के मामला दर्ज करने के बाद ईडी ने भी इसका संज्ञान लिया और आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू की।

## 21 रोडवेज बसों पर लगा फास्ट टैग हुआ हैक

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** कानपुर, गोरखपुर, झांसी और गोरखपुर मंडल में राज्य सड़क परिवहन निगम के तहत चलने वाली 21 से अधिक बसों के फास्ट टैग हैक हुआ है। शिकायत मिलने के बाद मुख्यालय ने जांच शुरू कर दी है। जांच में फास्ट टैग प्राइवेट बैंको के नाम पर सक्रिय दिख रहा है। परिवहन निगम इन बैंकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी में है।

परिवहन निगम के संचालन प्रभारी अंकुर विकस ने बताया कि रोडवेज की बसों में एसबीआई और एक्सिस बैंक के फास्ट टैग लगे हुए हैं, लेकिन ऑनलाइन चेक करने पर यह फॉस्ट टैग कई अन्य प्राइवेट बैंकों के नाम पर दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ ही फास्ट टैग में बैलेंस भी शो नहीं कर रहा है। रोडवेज के अधिकारियों का कहना है कि साइबर ठगों ने निगम की बसों के फास्टटैग के साथ में छेड़छाड़ की है। इससे अभी तक तकरीबन एक लाख रुपये के नुकसान हुआ है। निगम ने सभी जोन के अधिकारियों को सतर्क कर दिया है। जिलेवार अधिकारी बसों की जांच करने की तैयारी कर रहे।

### 12 हजार बसों की होगी जांच

विभाग की तरफ से प्रदेश की 12 हजार रोडवेज बसों का फास्टटैग चेक कराया जाएगा। झांसी, कानपुर, गोरखपुर में सबसे अधिक यह समस्या सामने आई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नुकसान का आकलन पूरे प्रदेश की बसों में जांच कर किया जाएगा।

### फास्ट टैग काम नहीं करने पर करना होता है दोगुना भुगतान

एआरएम फाइनेंस राजकुमार ने बताया कि टोल प्लाजा वाले कहते हैं कि फॉस्टटैग काम नहीं कर रहा है। इसके बाद डबल भुगतान लिया जा रहा है। कई बार इसे दूसरे बैंक का बताया जाता है। पिछले 24 घंटे में यह समस्या निगम की कई बसों में पकड़ में आई है। प्रदेश के सभी रीजन से इसकी जानकारी मांगी गई है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद– राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1209 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 12/09/2024
**सूचना प्रकाशन**
**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सोहेल पुत्र मु0 नसीम | श्री भोलानाथ पुत्र छिद्दू | फरसौलियाना –2 | 11 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**राठ– हमीरपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1196 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 12/09/2024
**सूचना प्रकाशन**
**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पूनम सिंह पत्नी दीपक सिंह | श्री तौहीद खान पुत्र सुल्तान खान | जुल्हैटी–1 | 15 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**राठ– हमीरपुर**

## तीन हजार लोग आज करेंगे ज्ञानेश्वरी का पारायण

अयोध्या कार्यालय



ज्ञानेश्वरी पारायण के लिए आयोजन स्थल पर बनाई गई रंगोली। अमृत विचार

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र के वारकरी समुदाय से जुड़े तीन हजार लोग मंगलवार की सुबह से छह दिन तक ज्ञानेश्वरी का पारायण करेंगे। मणिपर्वत के निकट स्थित कार्यक्रम स्थल पर सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के तैयारियों का जायजा लिया। अयोध्या ढांचा ध्वंस के समय सर्व देव अनुष्ठान में इस समुदाय के दस हजार लोग अयोध्या आए थे तब ये अशोक सिंघल के संपर्क में थे। जाते वक्त सभी ने सरयू जल से संकल्प लिया था कि मन्दिर बनने के बाद अयोध्या में ज्ञानेश्वरी का अविकल पारायण करेंगे। अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा विकसित किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम (पुराना बाग बिगेसी) में मंगलवार की सुबह पांच बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके लिए 80 बसों से तीन हजार लोग पहुंचे हैं। उस समय संकल्प लेने वाले कुछ लोग भी इसमें शामिल हैं। सुबह पांच बजे एक हजार लोग कांकड़ आरती में सम्मिलित होंगे। आयोजक टोली के सुरेश परसावार ने बताया कि सात से साढ़े आठ बजे तक तीन हजार लोग ज्ञानेश्वरी का पारायण करेंगे। शाम को पांच से साढ़े छह तक हरिनाम कीर्तन तथा सात बजे से नौ बजे तक कीर्तन होगा। वारकरी समुदाय कीर्तन के लिए ही जाना जाता है।

## 8 लाख हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या।** लखनऊ स्थित केंद्रीय विश्विद्यालय के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ बेईमानी कर आठ लाख रूपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। कोतवाली क्षेत्र के देवकाली रोड अश्वनीपुरम वजीरगंज जप्ती निवासी शिप्रा सिंह का कहना है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ में अर्थशास्त्र विभाग में सहायक प्रोफ़ेसर के पद पर तैनात विनीत पटेल ने निजी जरूरत के लिए उनसे 9 लाख रुपया उधार लिया था। उसने 1 लाख लौटाए थे।

**कार्यालय नगर पंचायत – कुरारा, हमीरपुर**

पत्रांक– मेमो/न0पं0कु0 / नोटिस /2023–24/ दिनांक 20.09.204
**सूचना**
**विषय नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत नोटिस।**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित भवनों का स्वामित्व परिवर्तन एवं नये भवनों पर गृहकर लगाये जाने हेतु प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में विचाराधीन है जिस पर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में जमा कर दें बाद म्याद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार न करके एकतरफा कार्यवाही कर असेसमेन्ट रजिस्टर हाउस टैक्स ने अभ्यासी के अन्तर्गत नाम परिवर्तन कर दिया जायेगा।

| क्रम सं0 | गृह सं/वार्ड सं0 | वह नाम जो गृहकर सूची में दर्ज है/विक्रेता है | वह नाम जो गृहकर सूची में दर्ज किया जाना है | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नया भवन/वार्ड सं0 09 | बृजभान सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह | तारिक खान पुत्र नत्थू खान | बैनमानुसार |
| 2. | नया भवन/वार्ड सं0 09 | ओम प्रकाश पुत्र सीता राम | नितिन सोनी पुत्र ओमप्रकाश | रजि0 दानपत्र |
| 3 | नया भवन/वार्ड सं0 06 | विनय कुमार पुत्र बाबू सिंह | राजेन्द्र पुत्र समकरन व मीना पत्नी स्व0 राजू | बैनमानुसार |
| 4 | भवन सं0 9 वार्ड सं0 07 | शिवदयाल पुत्र दयाराम | गोविन्द नारायण भगवानदीन पुत्र स्व राजाराम | बैनमानुसार |
| 5 | भवन सं0 28 वार्ड सं0 03 का जुज भाग | लल्लू प्रसाद गुप्ता पुत्र बदी प्रसाद व सचिन कुमार, नितिन कुमार पुत्रगण सीताराम गुप्ता | गया प्रसाद गुप्ता पुत्र शिब्बूलाल गुप्ता व प्रेमाकान्ती पत्नी गयाप्रसाद | बैनमानुसार |
| 6 | भवन सं0 28 वार्ड सं0 03 का जुज भाग | गयाप्रसाद गुप्ता पुत्र बदी प्रसाद व विद्या देवी पत्नी केशव प्रसाद | विपिन कुमार गुप्ता नितिन कुमार गुप्ता पुत्रगण गया प्रसाद | बैनमानुसार |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**

बिरासिन का मामला — रात दो बजे फसल की रखवाली कर लौटे किसान ने देखा, पत्नी बच्चों को कमरे से निकाला

# कमरे में सो रहे थे बच्चे तभी पहुंच गया मगरमच्छ, उड़ गए होश

संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही



बिरासिन में कमरे में मुंह फैलाए मगरमच्छ। अमृत विचार



पिंजड़े में कैद बाघ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निगोही के गांव बिरासिन में एक ग्रामीण के कमरे मगरमच्छ पहुंच गया। उसी कमरे में ग्रामीण के पत्नी- बच्चे सो रहे थे। रात करीब दो बजे खेत से लौटे किसान ने मगरमच्छ देखा तो होश फाख्ता हो गए। उसने बच्चों को निकाला और कमरा बंद कर दिया। सोमवार सुबह वन विभाग की टीम उसे पकड़ ले गई।

गांव बिरासिन से एक किलोमीटर दूर कैमुआ नाला है। बरसात और बाढ़ में जलभराव के चलते मगरमच्छ नाले से निकलकर गांव के करीब बड़े-बड़े गड्ढों में भरे पानी में पहुंच गया। रविवार रात शिवकुमार के घर में एक कमरे में घुस गया गया। उसी कमरे में उसकी पत्नी और बच्चे भी सोए थे। रात करीब दो बजे शिवकुमार फसल की रखवाली कर लौटा। टॉर्च की रोशनी की तो कमरे में दीवार से सटकर बैठा मगरमच्छ देख उसके होश उड़ गए। उसने शोर मचाते हुए पत्नी-बच्चों को तुरंत कमरे के बाहर निकाल लिया और कमरे की कुंडी लगा दी। रात में ही वन विभाग को सूचना दी गई। सोमवार सुबह वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मगरमच्छ को पकड़ लिया।

### पकड़ा गया ग्रामीण को मारने वाला खूंखार बाघ

**पीलीभीत।** कलीनगर तहसील के जंगल से सटे गांवों में आतंक का पर्याय बने बाघ को सोमवार तड़के पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया। इस बाघ ने नौ सितंबर को बांसखेड़ा निवासी केदारीलाल (50) को माला रेंज की भैरों बीट में मार डाला था। रेस्क्यू किए गए बाघ का गढ़ा रेंज में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बाघ को कहां छोड़ा जाएगा, स्थानीय वन अफसर उच्चाधिकारियों के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। इधर सोमवार सुबह शारदा डैम पर एक बाघ ने कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नगरियाखुर्द कलां निवासी सुजीत राय को बुरी तरह घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर बाघ डैम की झाड़ियों में चला गया। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि ग्रामीण को मारने वाले बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया है। शारदा डैम पर बाघ के हमले की सूचना पर टीम को लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### युवक पर सियार ने किया हमला तो ग्रामीणों ने मार डाला

**नानपारा, बहराइच।** बहराइच वन प्रभाग से सटे गांवों में भेड़िया के बाद अब सियार भी हमला करने लगे हैं। सोमवार को खेत की रखवाली के लिए गए नानपारा कोतवाली क्षेत्र के कोटवा गांव निवासी सोनू (18) पर सियार ने हमला कर दिया। सोनू के शोर मचाने पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। सभी ने सियार को घेरकर ताबड़तोड़ वार किया। लाठियों से पिटाई के चलते सियार की मौत हो गई। इसकी जानकारी गांव के लोगों ने वन विभाग को दी। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की। डीएफओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच करवाई जायेगी। जंगली जीव पर हमले कर मार डालना गलत है।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**
**अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **ओमकार पुत्र श्री कुँअर पाल, निवासीगण दयालपुर भीखमपुर औरैय्या तहसील औरैय्या जनपद–औरैय्या** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण ....** है। जिसकी सीमा **पूर्व में रास्ता 18 फीट चौडा पश्चिम** में **खेत दीगर** उत्तर में **आराजी विक्रेता दक्षिण में आराजी विक्रेता..... मोहल्ला श्री बृजेश कुमार पुत्र श्री राम भरोसे** निवासी मोहल्ला–**छिपैती इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल**
**इटावा**

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**
**अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अरूणा देवी पत्नी देवेन्द्र, निवासीगण भवानीपुरा तहसील भर्थना, जनपद–इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण ....** है। जिसकी सीमा **पूर्व में रास्ता 18 फीट चौडा पश्चिम** में **खेत राम ज्ञान** उत्तर में **प्लाट दोगरान दक्षिण में प्लाट दोगरान..... मोहल्ला श्री शिव कुमार, पुत्र श्री बाबूराम** निवासी मोहल्ला–**सराय इक दिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल**
**इटावा**

## एक नजर

### कांग्रेस को अपने खराब दिनों में आती है अनुसूचित वर्ग की याद : मायावती



**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस को अपने खराब दिनों में अनुसूचित वर्ग की याद आती है। आरक्षित वर्ग के लोगों को इन आरक्षण विरोधी दलों से सचेत रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को कुछ समय के लिए अनुसूचित वर्ग के नेताओं को मुख्यमंत्री या संगठन में प्रमुख पदों पर रखने की याद आती है, जबकि अच्छे दिनों में इन्हें दरकिनार कर देती हैं।

### नीट यूजी : दूसरे चरण में 2691 सीटों के लिए काउंसिलिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट यूजी में दूसरे चरण की काउंसिलिंग कुल 109 कॉलेजों की एमबीबीएस व बीडीएस की 2691 सीटों के लिए हो रही है। काउंसिलिंग में एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए 84 मेडिकल कॉलेज और 25 डेंटल कॉलेजों में अभ्यर्थी प्राथमिकताएं दे सकते हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह द्वारा सोमवार को राज्य में कॉलेजवार सीट ब्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन सीटों में 2210 सीटें अनारक्षित हैं, जबकि ओबीसी 197, एससी में 180, एसटी की 22, ईडब्लूएच की 82 सीटें शामिल हैं।

### आयुष कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 25 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी कॉलेजों की करीब साढ़े सात हजार से ज्यादा स्नातक सीटों के लिए आयुष यूजी काउंसिलिंग 25 सितंबर को पंजीकरण के साथ शुरू होगी। 01 अक्टूबर को सीट आवंटित कर परिणाम घोषित होंगे। काउंसिलिंग में सरकारी कॉलेजों में केन्द्रीय कोटे की 15 प्रतिशत सीटों को पृथक रखा जाएगा।

# हिंदू वही जो गोकशी रोके, गोरक्षा को समर्पित हो

## जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सिस्टम पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कहा, हिंदू का वोट लेकर उसके साथ धोखा किया गया
- बहुमत की सरकार ने भी गाय को राष्ट्र माता का दर्जा नहीं दिया



अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**अमृत विचार:** हिंदू वही है जो गोरक्षा करे, गोकशी रुकवाए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सिस्टम पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू से वोट लेकर उनके साथ धोखा किया गया है। यदि सत्ताधारी नीति नियंता चाहते तो अब तक गोकशी रोकने के लिए कानून बन गया होता, एक भी गाय की हत्या नहीं होती। गो हत्या रोकने के लिए सरकार को कानून बनाना होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को गो-ध्वज स्थापना भारत यात्रा कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में शंकराचार्यस्वामी ने कहा कि सरकार जब अभी तक कानून बनाने में असफल रही तो मुझे मठ से बाहर निकलना पड़ा। गो हत्या रोकने के लिए मेरी ओर से निकाली जा रही यात्रा का सबसे पहले विरोध भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि गो रक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 33 प्रदेशों में जाएगी। यात्रा नगालैंड भी जाएगी, अभी तक कार्यक्रम में कोई संशोधन नहीं किया है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि देश की जनता ने कई बार गो माता के नाम पर वोट देकर विभिन्न दलों की सरकारें बनवाईं, मगर किसी ने भी गाय की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। जब एक देश एक चुनाव को लेकर बात हो रही है तो गो माता को लेकर प्रदेशों में अलग-अलग कानून क्यों हैं।

### योगी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर कर रहे हैं काम

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे रही है। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे होते तो उत्तर प्रदेश में गाय नहीं कट रहीं होतीं। उन्होंने कहा कि गो रक्षा के लिए पूरे देश में यात्रा करेंगे और गो ध्वज फहराएंगे। बताया कि रविवार को अयोध्या गए थे। वहां प्रभु श्रीराम से शक्ति मांगी ताकि गो हत्या बंद करा सकें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जिस दिन देश में गो हत्या बंद हो जाएगी उस दिन सोने के पात्र में गाय के दूध से अयोध्या में भगवान राम का अभिषेक करेंगे और दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे।

### तिरुपति के प्रसाद से धर्म किया गया भ्रष्ट

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि तिरुपति के प्रसाद ने सनातनियों का धर्म भ्रष्ट किया है। क्योंकि उसमें जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाने की बात सामने आई थी। जिन्होंने प्रसाद ग्रहण किया है वे यदि गो माता के पंच द्रव्य का सेवन करेंगे तो पाप नष्ट हो जाएगा। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड को लेकर उन्होंने कहा कि पवन कल्याण को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। क्योंकि उनकी नाक के नीचे सब कुछ हो रहा था। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड बनाने का काम पवन कल्याण का नहीं है। यह काम शंकराचार्य और महंतों का है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में बाहर से लाए जाने वाले प्रसाद को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। बताया कि अल्पसंख्यक नहीं कह सकते कि गो मांस खाना हमारा अधिकार है। इससे बहुसंख्यकों को तकलीफ पहुंचेगी। यदि वे ऐसा कहते हैं तो उनको शरिया और बाइबल मानने वाले देशों में चले जाना चाहिए।

# सिपाही भर्ती की परीक्षा आदर्श मॉडल, अन्य बोर्ड भी अपनाएं

## मुख्यमंत्री ने सभी भर्ती बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



योगी आदित्यनाथ

- रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए कहा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। उन्होंने हिदायत दी कि चिकित्सा व तकनीकी विभागों में भी स्थानीय स्तर पर बोर्ड गठित करके शीघ्र भर्ती की जाए। सभी भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण के नियमों का पालन हर हाल में हो। यह भी कहा कि किसी भी विभाग की तरफ से भर्ती प्रक्रिया को लेकर पेंडेंसी न हो। योगी के मुताबिक, सिपाही भर्ती की परीक्षा आदर्श परीक्षा मॉडल है, सभी आयोग इसे अपनाएं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रियाओं के संबंध में बैठक की। इसमें उप्र. लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष, अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के अध्यक्ष, शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग के अध्यक्ष, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष, सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के अध्यक्ष, डीएम और एसएसपी समेत शासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को पुलिस भर्ती प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष ने हाल में ही सकुशल संपन्न कराई गई सिपाही भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया व संचालन के संबंध में अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ई-अधियाचन पोर्टल की व्यवस्था की गई है। सभी विभाग इसका उपयोग कर अधियाचन प्राप्त करें। जिन विभागों में नियुक्ति की जानी है, वहां से अधियाचन आयोग को तत्काल भेजकर नियुक्ति प्रक्रिया को संपन्न कराया जाए। ट्रांसपोर्ट, एजेंसी एवं परीक्षा केंद्रों के चयन की प्रक्रिया में सावधानी बरती जाए। गोपनीयता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। किसी भी निजी संस्था को परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। केवल राजकीय व राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। परीक्षा केंद्र का चयन जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में किया जाए।

### एआई व सीसीटीवी की भी सहायता लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के दौरान ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व सीसीटीवी की भी सहायता ली जाए। अफवाह को रोकने पर पूरा ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी बोर्ड व आयोग के अध्यक्षों से कहा कि सभी भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के लिए क्वेश्चन बैंक तैयार करें।

# मध्यांचल विद्युत निगम ने खोला 'ब्लैक लिस्टेड' कंपनी का टेंडर

## उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल, जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने गोवा की उस निजी कंपनी का टेंडर खोल दिया है, जिसे हाल में 'ब्लैक लिस्टेड' किया गया था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निगम में टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि जानकारी के बाद भी टेंडर प्रक्रिया में निजी कंपनी को शामिल करना अफसरों की लापरवाही है। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मामले की रिपोर्ट तलब कर अफसरों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सोमवार को ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम गवर्नमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश की टेंडर विवरण संबंधी रिपोर्ट में सिंगल फेस मीटर के टेंडर प्रक्रिया में आठ निजी कंपनियों का उल्लेख है। इसमें गोवा की निजी कंपनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में होने के कारण अयोग्य ठहराया गया है। इसमें 'फाइनेंशियल बिड' खोलने की तारीख 19 सितंबर 2024 का जिक्र है। 24 अगस्त 2024 की बिडिंग में एचपीएल इलेक्ट्रिक के साथ जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को स्वीकार किया गया है।

प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही दोनों मीटर निर्माता कंपनियां गोवा में काली सूची में हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल निगम ने एक टेंडर में एचपीएल का पार्ट बिड न खोलकर उसे बाहर किया है, पर दूसरे टेंडर में दोनों कंपनियों का टेंडर का भाग दो खोला गया है।

### 5 अगस्त को काली सूची में डाली गईं कंपनियां

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष का कहना है कि गोवा की दोनों कंपनियों को पांच अगस्त को काली सूची में डाला गया था, ऐसे में जानकारी होने के बाद एक में अयोग्य व दूसरे में योग्य बताए जाने से अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

# भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर एनकाउंटर पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। हिंसा के जरिये उप्र की छवि को धूमिल किया जा रहा है। यह उप्र के भविष्य के विरुद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है।

सपा मुखिया ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। सुल्तानपुर में एनकाउंटर में मारे गए एक लाख के इनामी अनुज प्रताप सिंह की बहन का विडियो एक्स पर साझा करते हुए कहा कि शोक में डूबी बहन के आंसू जो शब्द बनकर सबको झकझोर रहे हैं लेकिन हृदयहीन व असंवेदनशील लोगों के लिए इनका कोई महत्व नहीं है।

# नवरात्र में प्रदेशभर के देवी मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग नवरात्र पर 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक प्रदेशभर के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में महिलाओं व बालिकाओं की सहभागिता से विविध सांस्कृतिक आयोजन करेगा।


संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार अष्टमी एवं नवमी पर प्रमुख शक्तिपीठ मन्दिरों में सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को जोड़ते हुए रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। सभी जिलाधिकारी अपनी अध्यक्षता में गठित समिति से अपने जिलों में देवी मन्दिरों, शक्तिपीठों में स्थानीय लोक कालाकारों, भजन मंडलियों, कीर्तन मंडलियों के चयन करेंगे। सभी कार्यक्रम मिशन शक्ति के अनुरूप स्थानीय जनसहभागिता के साथ आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय कलाकारों का चयन संस्कृति विभाग की ई-डायरेक्ट्री से किया जा सकता है।

## धर्म दर्शन

### शर : पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक

उपशमन सूक्त के देवता पर्जन्य हैं। पर्जन्य शब्द सामान्य अर्थों में वर्षा के लिए प्रयुक्त होता है, परंतु सभी का पोषक होने के कारण वह पोषणकर्ता भी है। अतः अनंत आकाश के विभिन्न स्रोतों से बरसने वाले पोषक एवं उत्पादक स्थूल एवं सूक्ष्म प्रवाहों को यहां पर्जन्य के रूप में वर्णित किया गया प्रतीत होता है। इस सूक्त में ऋषि ने धनुष से छूटने वाले विजयशील "शर" (बाण) के उदाहरण से जीवन तत्व के गूढ़ रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

"शर" शब्द का सामान्य अर्थ बाण है, किंतु पृथ्वी से जो अंकुर निकलता है, उसे भी शर कहते हैं। इस प्रकार यह शर पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक है और उसी पर प्राणी मात्र का जीवन निर्भर करता है। बाण अथवा जीवन तत्व के रूप में उसकी उत्पत्ति पिता पर्जन्य के सेचन से तथा माता पृथ्वी के गर्भ से होती है। यह जीवन तत्व ही समस्त बाधाओं एवं रोग आदि को जीतने में, जीवन लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है। इसलिए उसकी उपमा "शर" से दी गई है। जीवन संग्राम में विजय के लिए प्रयुक्त शर (जीवन तत्व) किस धनुष से छोड़ा जाता है, उसका सुंदर अलंकरण यहां प्रस्तुत किया गया है। उस धनुष का एक छोर माता पृथ्वी है तथा दूसरा छोर पिता पर्जन्य है। ज्या अर्थात प्रत्यंचा उन दोनों को खींचकर उनकी शक्ति संप्रेषित करती है। ज्या का एक अर्थ जन्मदात्री भी होता है। अतः आकाश में स्थित पर्जन्य एवं पृथ्वी की शक्ति के सहयोग से जीवन तत्व का संरक्षण करने वाली सृजनशील प्रकृति ही इस धनुष की ज्या (प्रत्यंचा) है। "शर" शब्द का प्रयोग यथास्थान मूत्र रोग के उपचार हेतु शलाका के लिए भी किया गया है। ऋषि अथर्वा कहते हैं कि अनेक प्रकार से चराचर धारक एवं पोषक पर्जन्य को हम इस "शर" के पिता के रूप में जानते हैं। अनेक प्रकार के स्वरूप देने वाली पृथ्वी को भी हम भली प्रकार जानते हैं। हे ज्या! आप हमारे शरीरों को चट्टान की तरह सुदृढ़ता एवं शक्ति प्रदान करें। शत्रुओं (शारीरिक दोषों) को शक्तिहीन बनाकर हमसे दूर करें। द्युलोक एवं पृथ्वी के मध्य स्थित तेज की भांति यह मुंज (मुक्तिदाता या शोधक जीवन तत्व) सभी स्रावों, रसों एवं रोगों के बीच प्रतिष्ठित रहे अर्थात शरीर या प्रकृति के समस्त स्रावों को वह जीवन तत्व रोगों की ओर न जाने दें। रोगों के शमन में उसका उपयोग करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इस शरीर के जनक पर्जन्य से हम भलीभांति परिचित हैं। अनंत बलशाली मित्रदेव (प्राण वायु) जो शर का पिता है, को हम जानते हैं। शर के पालक सशक्त वरुण देव को हम जानते हैं। हम शर के पिता आह्लादक चंद्र देव को जानते हैं। हम जानते हैं कि विशेष शक्ति संपन्न पवित्रतादायक सूर्य शर के पालक हैं। ये सभी तुम्हारा कल्याण करें। उनसे तुम्हें विशिष्ट पोषण प्राप्त हो तथा विकार बाहर निकल जाएं। मूत्र वाहिनी नाड़ियों, मूत्राशय एवं आंतों में स्थित दूषित जल इस चिकित्सा से पूरा का पूरा वेग के साथ शब्द करता हुआ शरीर से बाहर हो जाए। शर (शलाका) से मूत्रमार्ग को खोल देते हैं। बांध टूट जाने से जिस प्रकार जलाशय का जल शीघ्रता से बाहर निकलता है, उसी प्रकार रोगी के उदरस्थ समस्त विकार वेगपूर्वक बाहर निकलें। धनुष से छोड़े गए, तीव्र गति से बढ़ते हुए बाण की भांति तेरा संपूर्ण मूत्र (विकार) वेगपूर्वक बाहर निकले।

### वैष्णव संप्रदाय

वैष्णव पुराणों में, विष्णु, ब्रह्मवैवर्त, हरिवंश तथा भागवत में विष्णु, नारायण, यादव कृष्ण तथा गोपाल कृष्ण के चरितों के विभिन्न पहलूओं का विस्तृत विवरण अंकित है। यह तथ्य विवादरहित है कि "श्रीमद् भागवत पुराण ही भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। मोटे तौर पर, वैष्णव संप्रदाय, भगवान विष्णु को ही परमेश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। वैष्णव धर्म की सामान्य जानकारी हमें उपनिषद साहित्य से ही प्राप्त होने लगती है। छान्दोग्य उपनिषद में श्रीकृष्ण का उल्लेख मथुरा में जन्में देवकी पुत्र तथा आंगिरस शिष्य के रूप में होती है। वृष्णिवंशीय वासुदेव कृष्ण इस संप्रदाय के उपास्य देव हैं। वासुदेव को ज्ञान शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य तथा तेज नामक छह गुणों से संपन्न होने के कारण ही भगवान या भागवत कहा गया है। वैरागी, दास, रामानंद, वल्लभ, निम्बार्क, माधव, राधा वल्लभ, सखी तथा गौड़ीय इसके उपसंप्रदाय हैं। प्रमुख वैष्णव संप्रदायों के नाम, प्रमुख आचार्य नाम तथा मत इस प्रकार हैं-वैष्णव संप्रदाय विशिष्टाद्वैत रामानुज, ब्रह्मा संप्रदाय द्वैत आनंद तीर्थ, रुद्र संप्रदाय विशुद्ध द्वैत वल्लभाचार्य और सनक संप्रदाय द्वैताद्वैत निम्बार्क। वैष्णव संतों का प्रमुख संबोधन है- आचार्य, स्वामी और संत।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वैष्णव संतों में मूलतः वैरागी संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े श्रीदिगंबर अनी अखाड़ा, श्री निर्वाणी अखाड़ा और श्री निर्मोही अखाड़ा। यहीं पर यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जन्मना या जाति से ब्राह्मण न होकर भी वैष्णव धर्म धारण कर, सिर पर चोटी छोड़ सिर मुड़ा और विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैष्णव ब्राह्मण बन सकता है। जन्मना गैरब्राह्मण से वैष्णव ब्राह्मण बने लोगों मे तमिल बन्निया, तेलगु नायडू, मलयाली गैर ब्राह्मणों की अच्छी खासी संख्या है। अपने सद्कर्म, हार्दिक भक्ति और आस्था के बल पर कोई भी मनुष्य वैष्णव बन सकता है। वैष्णव के लिए शारीरिक सौंदर्य पर ध्यान, तेल मालिश, हजामत से परहेज आवश्यक है। उसके लिए सुबह, दोपहर और सायं बेला में हरि कीर्तन, भजन, सत्संग, धर्म कथा श्रवण अनिवार्य है।


## वर्ग पहेली-201

**बाएं से दाएं**

1. 1. महाप्रलय 2. पितृपक्ष 3. तीर्थस्थान।
4. एक दिशासूचक यंत्र जिसकी सुई सदैव पश्चिम दिशा की ओर रहती है; कुतुबनुमा, दिग्दर्शक यंत्र।
6. 1. श्रद्धा, आस्था 2. विश्वास, भरोसा, ऐतबार।
7. अभिमानी स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मज़ाक संबंधी 2. हंसोड़, परिहासप्रिय, विनोदी।
2. नियत अनुपात में, अनुपात के अनुसार।
3. 1. घान 2. तेल आदि पेरने का कोल्हू 3. ढेर।
5. यशोदा, कृष्ण की माता।




### वर्ग पहेली -200 का हल




## सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 5 | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | 9 | | 4 |
| | | 3 | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | | 8 | | | 2 | | 1 |
| 2 | | 6 | | | | 4 | | 3 |
| 3 | | 9 | | | 7 | | | |
| 8 | | | 1 | 9 | | 3 | | |
| 4 | | 7 | | | 8 | | | 9 |
| | | 1 | 2 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 113 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 21.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** – आज अपना व्यवहार सबके प्रति अच्छा रखें। किराये के घर पर रहने वालों के मन में नए घर को लेकर चिन्ता बढ़ सकती है। आज आप अपनी सधी हुई संवादशैली के प्रभाव से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। गलत कार्यों में अपना दिमाग न लगाएं।

**वृष** – आज व्यवसाय में में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नई संपत्ति खरीदने को लेकर विचार बना सकते हैं। अपनी गलतियों और कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करें। विपरीत विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बहस न करें।

**मिथुन** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। करियर में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आप कुछ विशिष्ट कार्यों की तरफ मुड़ सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर दिखावा न करें। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क** – आज नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी रहेंगे। अनिद्रा और घबराहट की समस्या हो सकती है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। उच्च अधिकारी आपका विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े अधीर रहेंगे, किन्तु आज अपने दिल की बात कहने से बचें।

**सिंह** – आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अधूरे काम पूरे होने से मन में काफी खुशी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साह बढ़ायेंगे। महिला जातकों को महंगे उपहार मिल सकते हैं।

**कन्या** – आज आपकी कार्यशैली लोगों के लिए चर्चा का विषय बन रही है। सभी काम सरलता से होते हुए प्रतीत होंगे। अविवाहित लोग विवाह को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। धर्म-कर्म के मामले में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार के लोग किसी कारणवश आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** – आज विदेश में रहने वाले लोगों को घर की याद आयेगी। निजी कंपनियों जॉब करने वाले लोग अवकाश को लेकर बॉस से चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय संयमित रखें और दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक** – आज दांपत्य जीवन थोड़ा उबाऊ हो सकता है, लेकिन आप अपना व्यवहार जीवनसाथी के प्रति अच्छा रखें। शोध कार्यों के प्रति आपकी रुचि हो सकती है। दोस्तों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। निम्न रक्तचाप और थकान की समस्या हो सकती है।

**धनु** – आज जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसन्द करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी रोमान्टिक रहने वाले हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर** – आज धन की समस्या दूर होगी। पार्टनर के साथ विवाद समाप्त होगा। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आपको कारोबार में मनचाही उन्नति मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए मित्रों से मिल सकते हैं।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत खास ठीक नहीं रहेगी। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। मसालेदार भोजन से बचें वरना कब्ज की समस्या भी हो सकती है। परिवार के कुछ लोग आपकी निन्दा कर सकते हैं, लेकिन आपको उन पर अभी ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

**मीन** – आज किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। घर की परिस्थितियों के सामने स्वयं को असहज महसूस करेंगे। मच्छरों से सावधान रहें। शाम के समय कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। इससे आपका मूड फ्रेश हो जायेगा। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
औलाद – सुबह : 09.24
कुली नं. 1 – रात : 07.16

&pictures
खिलाड़ियों का खिलाड़ी – सुबह : 10.53
तरला – रात : 08.00

SONY PIX
2012 – सुबह : 10.23
डार्क फोनिक्स – रात : 08.45

ZEE CINEMA
रक्षाबंधन – दोपहर : 12.16
स्कंदा – रात : 08.00

ZEE ACTION
शिवा द सुपर हीरो 3 – सुबह : 11.27
गुप्त – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर दोपहर : 12.16 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू (पिंटू से)- और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नहीं?
पिंटू से- अबे घुटनों पर चलकर आई थी मेरे पास, घुटनों पर
चिंटू- क्या बात कर रहा है, सच में?
पिंटू - और नहीं तो क्या
चिंटू- फिर क्या बोली?
पिंटू - बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नहीं मारुंगी!

मिंटू-सोनू जरा अपनी साइकिल देना।
पिंटू- नहीं, मैं नहीं दे रहा।
मिंटू-अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा
पिंटू-कोई बात नहीं चीनी खा लेना।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,928.61 | 25,939.05 |
| बढ़त | 384.30 | 148.10 |
| प्रतिशत में | 0.45 | 0.57 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 24 सितंबर 2024

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर.आर.21. 2725-2750 गेहूंफारम 2850-2900 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300-7400 अरहर 8500-9000 मसूर 5500-5600 मटर 3600-3700 उड़दहरा 11500-12000 उड़दकाला 7500-8500 मूंग 7500-8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12100-12200 चनादाल 8950-9000 मटरदाल 4400-4450 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800-11200 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14700-14800 अलसी 12200-12300 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1973 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5150-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1985-1984 मयूर 1985-1984 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लड्डू 4900-4950 देशी भेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4150-4180 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 89850 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56850-57050 |

# वॉयस-इंटरनेट दरों में 95% की कमी: सिंधिया

### दूरसंचार विभाग के चार समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाओं का लक्ष्य संचार मंत्री ने बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



- मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर बोले- 117 करोड़ मोबाइल धारकों की संख्या
- 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में घटकर 3.5 पैसे प्रति मिनट है
- 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग के 4 समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं देने का लक्ष्य बताते हुए सोमवार को कहा कि कॉल ड्राप में धीरे-धीरे सुधार करने की दूरसंचार विभाग द्वारा तैयारी की गई है। सिंधिया ने अपने मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर कहा कि अभी देश में 117 करोड़ मोबाइलधारकों की संख्या है। एक दशक पहले 2014 में देश में छह करोड़ इंटरनेट के कनेक्शन थे जो अभी बढ़कर 95 करोड़ हो गया है। इसी तरह से ब्रॉडबैंड कनेक्शन की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गयी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में 94 प्रतिशत घटकर औसतन 3.5 पैसे प्रति मिनट है। 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में 95 प्रतिशत घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है। इस तरह से कॉल और इंटरनेट दरों में 95 प्रतिशत की कमी आई है। मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी पर काबू पाने के उद्देश्य से संचार साथी पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है कार्रवाई के तहत 15 सितंबर तक 2.3 लाख से अधिक मोबाइल फोन को ब्लॉक किया गया है।

साथ ही 3.50 लाख हैकर को ब्लॉक किया गया है और साथ एक करोड़ मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिये गये हैं। कॉल ड्रॉप पर सिंधिया ने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध काम करने की योजना बनायी गयी है। शुरूआत में तिमाही स्तर पर कॉल ड्राप निगरानी की समीक्षा की जा रही है और आगे चलकर इसको मासिक करने की योजना है। साथ ही प्रति टावर भी इसकी समीक्षा की जायेगी। इसको इस तरह से काबू पाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग चार स्तंभ समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 6.5 लाख गांव में से 36621 गांव में दूरसंचार सेवाओं को पहुंचाना है जिसमें से 100 दिनों में 9500 गांवों में यह सेवा पहुंची है। 7200 से अधिक टावर लगाए गए हैं। गावों में सेवायें पहुंचाने के लिए 27600 से अधिक टावर लगाये जाने हैं। बीएसएनएल के लिए 4 जी की तैयारी जोरों से जारी है। इसके लिए 4 जी स्टैक लगाने का काम चल रहा है।

# रत्न-आभूषण निर्यात 18.79% घटा

मुंबई, एजेंसी

सुस्त वैश्विक मांग से अगस्त में भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 18.79घटकर 2.01 अरब डॉलर रहा है। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से जानकारी मिली है। अगस्त, 2023 के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.47 अरब डॉलर रहा था।

जीजेईपीसी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान निर्यात जुलाई से बेहतर रहा, जब यह 1.66 अरब डॉलर का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने बताया कि अगस्त में तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 26% घटकर एक अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 1.36 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन महीने के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात भी 1.15% घटकर 68 करोड़ 76.9 लाख डॉलर का रह गया। कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक, कॉलिन शाह ने कहा कि वैश्विक बाजार परिदृश्य की तुलना में घरेलू स्तर पर रत्न और आभूषण क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सीमा शुल्क में कटौती के बाद सोने की कीमत में आई कमी खरीदारों तक पहुंचेगी, जिससे अंततः बिक्री बढ़ेगी।

### सोना 600 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,000 की गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच देश के सर्राफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपये चढ़कर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग से सात दिन की तेजी का क्रम टूट गया और चांदी 1,000 रुपये गिरकर 90,000 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## प्याज की कीमतों पर नियंत्रण को बफर स्टॉक से बढ़ी बिक्री

- केंद्र ने दिल्ली और अन्य शहरों के बाजारों में भंडार से प्याज निकालना कर दिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यात शुल्क हटाने के बाद खुदरा कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर थोक बाजारों में बफर स्टॉक से बिक्री बढ़ाकर प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने बफर स्टॉक (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है। खरे ने कहा कि निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। हमारे 4.7 लाख टन के बफर स्टॉक और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है।

## मोटर इंश्योरेंस क्लेम के लिए एक आसान गाइड

# वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो कैसे पाएं क्लेम



आज लोगों के बड़ी संख्या में निजी वाहन खरीदने से मोटर इंश्योरेंस सबसे प्रचलित बीमा उत्पाद बन गया है। परिणामस्वरूप हर साल सबसे ज्यादा क्लेम भी होते हैं, लेकिन हममें से अधिकांश लोग अपना पहला मोटर क्लेम करते समय कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हैं। लेकिन मोटर इंश्योरेंस के प्रकार, क्लेम से पहले और बाद की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हो तो मुश्किलें खत्म हो जाती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

**क्लेम के प्रकार-** मोटर इंश्योरेंस के क्लेम आमतौर पर दो श्रेणियों में होते हैं - कैशलेस और रीइम्बर्समेंट क्लेम।

**कैशलेस क्लेम :** इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई नुकसान पहुंचता है, जिसे मरम्मत की जरूरत हो तो आपको आगे बढ़कर कोई खर्च नहीं करना पड़ता। बीमा प्रदाता सीधे अपने नेटवर्क गेराज को वाहन की मरम्मत के लिए खर्चों का भुगतान करता है। आप यानी ग्राहक केवल मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) और डिडक्टेबल लागू होने पर उसका भुगतान करते हैं। मूल्यह्रास का प्रतिशत वाहन की आयु और भाग के अनुसार अलग-अलग होता है।

**रीइम्बर्समेंट क्लेम :** इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई भी नुकसान होता है, तो आप किसी भी गेराज में अपने वाहन की मरम्मत करवा सकते हैं। आपको मरम्मत की लागत का भुगतान करना होगा और बीमा प्रदाता से रीइम्बर्समेंट (प्रतिपूर्ति) के लिए अप्लाई करना होगा। सुनिश्चित करें कि आप वर्कशॉप से मरम्मत से संबंधित सभी रसीदें और बिल ले लें। बीमा प्रदाता क्लेम संबंधी दस्तावेजों और बिलों को सत्यापित करने के बाद आपको भुगतान करेगा।

### तीन तरह के क्लेम

**थर्ड पार्टी (टीपी) :** भारत में थर्ड पार्टी कवर कानूनन अनिवार्य है। टीपी का उद्देश्य है आपके वाहन द्वारा किसी थर्ड पार्टी को हुए नुकसान के मुआवजे की स्थिति में आपको कानूनी दायित्वों के लिए कवरेज प्रदान करना। टीपी सेक्शन आपको या आपके वाहन को कोई कवर प्रदान नहीं करता। टीपी सेक्शन में एक थर्ड पार्टी जिसे आपके वाहन से चोट लगी हो, संपत्ति को नुकसान हुआ हो या मृत्यु हो गई हो, मुआवजे के लिए क्लेम कर सकता है। मृत्यु या चोट के मामले में मुआवजे पर कोई सीमा नहीं होती और मुआवजे की राशि कोर्ट द्वारा निर्धारित की जाती है। अगर आप दुर्घटना में थर्ड पार्टी हैं, तो आपको तुरंत एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए और वाहन के मालिक से उनके टीपी इंश्योरेंस के विवरण लेने चाहिए।

**ओन डैमेज (ओडी) :** दुर्घटना में आपके वाहन को हानि पहुंचने पर ओडी क्लेम लागू हो जाता है। पहला कदम है पुलिस और अपने बीमा प्रदाता को सूचित करना। पुलिस और बीमा प्रदाता की सहमति के बिना अपने वाहन को दुर्घटना स्थल से न हटाएं। दुर्घटना स्थल से वाहन को हटाने की सहमति मिलने के बाद आप अपने वाहन को मरम्मत के लिए ले जा सकते हैं और बीमा प्रदाता कैशलेस या रीइम्बर्समेंट के आधार पर भुगतान करेगा।

**चोरी :** अगर आपका वाहन चोरी हो जाता है तो आपको पुलिस में एफआईआर दर्ज करवानी होगी और बीमा प्रदाता व आरटीओ को चोरी के बारे में सूचित करना होगा। आपको बीमा प्रदाता के पास एफआईआर, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आदि की एक कॉपी जमा करवानी होगी। पुलिस इस मामले की जांच करेगी, लेकिन अगर आपका वाहन 90 दिनों के भीतर नहीं मिलता, तो पुलिस एक "नो ट्रेस रिपोर्ट" जारी करेगी। चोरी के मामले में क्लेम सेटलमेंट के लिए नो ट्रेस रिपोर्ट अनिवार्य होती है।



### डिजिटल क्लेम प्रक्रिया

बीमा उद्योग तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है और समय पर क्लेम सेटलमेंट करने के लिए नए उपायों का उपयोग कर रहा है। क्लेम सेटलमेंट में ऐसा एक नया इनोवेशन है ऑन द स्पॉट सेटलमेंट। यह बीमा प्रदाता के एप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है। बीमित व्यक्ति को केवल अपने वाहन को हुए नुकसान की कुछ फोटो क्लिक करके बीमा प्रदाता के एप या पोर्टल पर उन्हें अपलोड करना होगा। बीमा प्रदाता उन फोटो और अपने डेटा एनालिटिक्स टूल का उपयोग करके क्लेम राशि निर्धारित करते हैं। स्वीकार किए जाने पर क्लेम 20 मिनट के अंदर मिल जाता है।

**टीए रामलिंगम**
(चीफ टेक्निकल ऑफिसर, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस)



## एक नजर

### तृणमूल विधायक, डॉक्टर से सीबीआई की पूछताछ

**कोलकाता।** पिछले महीने यहां आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष से केंद्रीय एजेंसी की पूछताछ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल के फॉरेंसिक विभाग में डॉक्टर-प्रोफेसर अपूर्ब बिस्वास से भी इसी मामले के सिलसिले में सीबीआई अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के पानीहाटी से विधायक घोष सुबह साढ़े 10 बजे साल्टलेक स्थित सीबीआई के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय पहुंचे। सीबीआई ने कहा कि हमने उन्हें आरजी कर अस्पताल की घटना के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मेडिकल की दो छात्राओं की डूबने से मौत

**अल्लूरी सीताराम राजू जिला (आंध्र प्रदेश)।** जिले में झरने में डूबने से दो मेडिकल छात्राओं की मौत हो गई तथा एक की तलाश जारी है। सोमवार को एसपी अमित बरदार ने बताया कि मारेडुमिल्ली के जलाथरंगिनी झरने में रविवार शाम चार बजे मेडिकल की शिक्षा ले रहे पांच विद्यार्थी बह गए, जिनमें से दो को पुलिस और वन अधिकारियों ने बचा लिया, हालांकि तीन को नहीं बचाया जा सका।

### राउज के सीईओ और समन्वयक को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सोमवार को राउज आईएएस स्टडी सर्किल के सीईओ अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को जुलाई में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत से संबंधित मामले में सात दिसंबर तक अंतरिम जमानत दे दी।

# कोर्ट पहुंचे स्वामी, निगरानी में जांच का अनुरोध

### तिरुपति लड्डू विवाद: याचिका में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश देने की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त जज की समिति से जांच का किया अनुरोध

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच अदालत की निगरानी में किये जाने के अनुरोध के साथ सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। भाजपा नेता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी के स्रोत और नमूने पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे।

स्वामी ने आग्रह किया कि वह अधिकारियों से विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतरिम निर्देश जारी करे। याचिका अनुसार प्रसाद में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता या उसकी कमी की निगरानी और सत्यापन के लिए आंतरिक रूप से अंकुश होना चाहिए था। स्वामी ने याचिका की जानकारी एक्स पर पोस्ट की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैंने जनहित याचिका दायर कर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश की मांग की। नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में जानवरों के मांस और सड़े पदार्थों की मिलावट की गई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य वाई.वी. सुब्बा रेड्डी ने भी न्यायालय में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व वाली स्वतंत्र समिति द्वारा जांच कराये जाने का अनुरोध किया है।

### मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान ले न्यायालय : विहिप


**तिरुपति।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने उच्चतम न्यायालय से तिरुपति के लड्डुओं में मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेने और दोषियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू करने की सोमवार को अपील की। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विहिप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए तथा एक निश्चित समयावधि में इसकी जांच कर इस अक्षम्य अपराध के दोषियों की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए। उसने कहा कि इस मामले में लापरवाही और देरी की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि ऐसा होने पर हिंदू समुदाय के सदस्य राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर सकते हैं, जो इस मामले को लेकर पहले से ही अधीर हैं। विहिप के अनुसार, तिरुपति के लड्डुओं को लेकर पिछले चार-पांच दिन में दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी वाईएसआरसीपी द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों-प्रत्यारोपों से हिंदू समुदाय स्तब्ध है।

### एफएसएसएआई की रिपोर्ट का इंतजार

**नई दिल्ली।** तिरुपति मंदिर में बांटे गए लड्डुओं पर जारी विवाद के बीच उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि उनका विभाग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की रिपोर्ट मिलने के बाद ही बाजार में घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार करेगा। खरे ने कहा कि हम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।

# कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, उसने सैलजा का किया अपमान : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे दलित विरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। शाह ने आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री हैं।

शाह हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने दलित नेताओं का अपमान किया, चाहे वह अशोक तंवर हों या बहन सैलजा। सत्तारूढ़ भाजपा दलित नेता सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रही है। सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने की खबरों के बीच हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सैलजा को भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया था।

### मैं कांग्रेसी हूं, दो-तीन दिन में शुरू करूंगी प्रचार: सैलजा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने नाराजगी की खबरों के बीच सोमवार को कहा कि वह कांग्रेसी हैं और दो-तीन दिन में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं।

# आरोपी ने पुलिस की रिवॉल्वर छीन चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में मौत

बदलापुर (महाराष्ट्र), एजेंसी

**बदलापुर यौन शोषण**

- अस्पताल में आरोपी ने तोड़ा दम, एक पुलिसकर्मी घायल

स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे ने हिरासत में पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

आरोपी शिंदे को तलोजा जेल से पुलिस रिमांड पर लेकर बदलापुर जा रही थी। आरोपी ने गाड़ी में पुलिसकर्मी से रिवाल्वर छीन ली और पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर फायरिंग की गई। इसमें अक्षय शिंदे को गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अक्षय शिंदे ने दम तोड़ दिया।

अक्षय शिंदे की मौत को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अक्षय शिंदे की पूर्व पत्नी ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इसलिए उसे जांच के लिए ले जाया जा रहा था। शिंदे ने एक पुलिस कर्मी नीलेश मोरे पर गोली चलाई, जो घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर है। पुलिस ने आत्मरक्षा में यह कार्रवाई की है। जांच के बाद अधिक जानकारी सामने आएगी।

# जाति जनगणना बोलने से डरते हैं मोदी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



श्रीनगर में सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण पर भाजपा पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले, लेकिन मुख्य विपक्षी दल आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं और वह नहीं चाहते कि बहुजन को उनका हक मिले।

राहुल गांधी ने आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की पैरवी करते हुए कहा कि बहुजन को न्याय दिलाना उनके जीवन का मिशन है। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संदर्भ में दिए बयान को लेकर भाजपा और उसके शीर्ष नेता उन पर हमले कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सभा में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़े वर्गों सहित वंचित वर्गों को दिए आरक्षण को छूने की इजाजत नहीं दी जाएगी। राहुल अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की जरूरत नहीं है।

### जम्मू-कश्मीर में बोले राहुल- संसद में बनूंगा आपकी आवाज

**श्रीनगर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज बनने का सोमवार को वादा किया और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए भाजपा शासित केंद्र पर दबाव बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई। श्रीनगर के बाहरी इलाके जैनाकोट में चुनावी रैली में गांधी ने कहा कि जब भी आपको मेरी जरूरत होगी, आप मुझे सिर्फ आदेश दीजिए, मैं आपके समक्ष हाजिर हो जाऊंगा। मैं आपके मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। आप जानते हैं कि मेरा आपसे कितना खास रिश्ता है। मुझे इसका जिक्र करने की भी जरूरत नहीं है।

## किश्तवाड़ में आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के समूह में कुछ देर तक गोलीबारी होने के बाद बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। किश्तवाड़ के चटरू इलाके में मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकियों के जंगली इलाके में छिपे होने की उम्मीद है। जहां सुरक्षा बलों की टीम ने घेराबंदी कर रखी है। चटरू के गुरिनाल गांव में डन्ना धार वन क्षेत्र के पास 21 सितंबर को शुरू हुई मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। 13 सितंबर को हुई गोलीबारी में दो जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

## हिमाचल सरकार और सोनिया के खिलाफ आरोप साबित करें कंगना

- राज्य सरकार पर कर्ज लेकर सोनिया गांधी को पैसे देने का कंगना ने लगाया है आरोप

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को मंडी की सांसद कंगना रनौत को चुनौती दी कि वह अपने इस आरोप को साबित करें कि राज्य सरकार ने कर्ज लेकर सोनिया गांधी को पैसे दिए। कांग्रेस ने कहा कि कंगना रनौत ने यदि आरोप साबित नहीं किया तो वह उनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेगी। हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि कंगना रनौत की टिप्पणी भाजपा सांसद के बौद्धिक दिवालियापन को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा मूर्खतापूर्ण बयान कोई नहीं हो सकता कि केंद्र से आने वाला धन या राज्य का विकास कोष सोनिया गांधी को दिया जा रहा है।

# सैन्य अधिकारी व महिला मित्र के उत्पीड़न को लेकर आयोग गठित

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुलिस थाने में सैन्य अधिकारी को कथित तौर पर प्रताड़ित करने और उसकी मंगेतर के यौन उत्पीड़न के मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चितरंजन दास की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया है।

आयोग घटनाक्रम और उससे जुड़ी परिस्थितियों के साथ ही इससे संबद्ध व्यक्तियों तथा प्राधिकारियों की भूमिका, आचरण और जवाबदेही पर गौर करेगा। जांच रिपोर्ट 60 दिन में सौंपी जाएगी। आयोग भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि सेना अधिकारी, उसकी मंगेतर और महिला के पिता ने सोमवार सुबह राज्य सचिवालय में माझी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सरकार दोषियों पर कार्रवाई को प्रतिबद्ध है।

## महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक : अदालत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रेमनारायण सिंह की इंदौर पीठ ने कथित तौर पर क्रूरतापूर्ण दुष्कर्म के मामले में पीड़ित और आरोपी पक्ष के बीच समझौते पर प्राथमिकी रद करने से इनकार करते हुए कहा है कि महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक है।

इस मामले के आरोपी के खिलाफ अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का इल्जाम है। आरोपी ने पीड़िता से हुए समझौते पर याचिका दायर करते हुए हाईकोर्ट से गुहार की थी कि उसके खिलाफ इंदौर के थाने में इस साल तीन मई को दर्ज प्राथमिकी और निचली अदालत की लंबित कार्यवाही रद कर दी जाए।

# सूरत: पटरी से छेड़छाड़ में रेलवे के ही कर्मी गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी

- हादसा टालने का श्रेय लेने और सम्मान पाने के लिए पटरी पर फिश प्लेट रखकर दी थी सूचना

गुजरात के सूरत जिले में रेल पटरी से छेड़छाड़ करने और फिर संभावित हादसे को टालने का श्रेय लेने के आरोप में रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी होतेश जॉयसर ने बताया कि सुभाष पोद्दार, मनीष मिस्त्री और शुभम जायसवाल रेलवे के रखरखाव विभाग में ट्रैकमैन हैं। पोद्दार और अन्य ने कोसांबा और किम स्टेशन के बीच निरीक्षण के दौरान शनिवार सुबह 5.30 बजे रेलवे प्रशासन को सतर्क किया था कि शरारती तत्व पटरी से ट्रेन को उतारने के लिए एक तरफ की पटरी से इलास्टिक क्लिप और दो फिश प्लेट हटाकर उन्हें दूसरी तरफ की पटरी पर रख रहे हैं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तीनों के पटरियों से छेड़छाड़ देखे जाने से ठीक पहले मार्ग से एक ट्रेन गुजरी थी। छेड़छाड़ का पता चलने और ट्रेन के गुजरने के समय का अंतर बहुत कम था और इतने कम समय में इलास्टिक क्लिप और फिशप्लेट हटाना संभव नहीं था। तीनों के मोबाइल फोन की जांच की और देर रात 2.56 बजे से तड़के 4.57 बजे तक अलग-अलग अंतराल पर रिकॉर्ड किए छेड़छाड़ वाले वीडियो पाए। मिस्त्री ने अपनी खींची तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। पूछताछ के बाद तीनों ने इस कृत्य को कबूल किया। उन्होंने बताया कि वे इस कृत्य में इसलिए शामिल हुए कि उन्हें सम्मानित किया जाएगा और आगे भी रात की ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा, जिससे उन्हें दिन में परिवार के साथ रहने का मौका मिलेगा। वह पोद्दार ही था, जिसके मन में यह विचार आया, क्योंकि मानसून में लगाई गई उसकी रात्रि ड्यूटी समाप्त होने वाली थी।

# 20 साल में पहली बार खिताब जीतना गर्व का पल

- **हरिका बोलीं- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी शतरंज ओलंपियाड जीतने की खुशी है**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है।

भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। अजरबैजान के खिलाफ महिला टीम के लिए 33 वर्षीय हरिका ने लय में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 18 वर्षीय दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर गोवर बेयदुल्यायेवा को पछाड़ कर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी पक्का किया। हरिका ने कहा मेरे लिए जाहिर तौर पर यह इन लोगों (टीम के साथी खिलाडियों) से ज्यादा भावुक क्षण है। मैं लगभग 20 साल से खेल रही हूं लेकिन पहली बार स्वर्ण पदक जीतने का मौका मिला है। मैं इन खिलाड़ियों के लिए काफी खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। युवा खिलाड़ियों ने टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया। शायद मेरा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था लेकिन टीम के स्वर्ण पदक से मैं सब कुछ भूलने में सफल रही। मुझे खुशी है कि हम निराशा को पीछे छोड़कर मजबूत वापसी करने में सफल रहे।

दिव्या ने कहा इसकी शुरुआत काफी अच्छी रही, लेकिन बीच में हमें कुछ सफलता मिली और जिस तरह से मैंने और मेरी टीम ने इसे संभाला उस पर मुझे गर्व है। हमने दृढ़ता के साथ मुकाबला किया और आखिरकार हम स्वर्ण पदक के साथ यहां हैं। मैं अभी भावनाओं से भरी हुई हूं। मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। यह करो या मरो जैसे हालात थे, आपको देश के लिए सब कुछ झोंकना होता है। दिव्या तीसरे बोर्ड पर 11 में से 9.5 अंक हासिल कर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में भी सफल रही। तानिया ने कहा यह वह क्षण है, मुझे लगता है कि हम इसके लिए ही बने थे। पिछली बार (2022 में टीम मामूली अंतर से चूक कर कांस्य पदक जीती थी) ऐसा नहीं हुआ। पिछली बार कांस्य पदक का जश्न मनाना कठिन था लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं।

# श्रीलंका ने जीता पहला टेस्ट मैच

**गाले, एजेंसी**



प्रबथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच।

- **पांचवें दिन 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड 68 रनों की हारी**

प्रबथ जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड को 68 रनों से हरा दिया है। आज यहां मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम कल के स्कोर आठ विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरु किया।

प्रबथ ने शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र (92)को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके दो रन बाद विलियम ओरूर्क (शून्य) को बोल्ड कर प्रबथ ने न्यूजीलैंड की पारी को 211 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। मैच में नौ विकेट लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इससे पहले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और उसने छह रन के स्कोर पर डेवन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रबथ ने केन विलियमसन (30) को स्टंप आउट करा दिया। टॉम लेथम (28) को धनंजय ने पगबाधा किया। टॉम ब्लंडल (30) को प्रबथ ने बोल्ड आउट किया। रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 92 रन बनाए। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए प्रबथ जयसूर्या ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रमेश मेंडिस को तीन विकेट मिले। धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी



### मोहन बागान ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को हराया

**कोलकाता।** सुभाशीष बोस के दो गोल की मदद से मोहन बागान ने एक गोल से पिछड़ने के बावजूद इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के मैच में सोमवार को यहां नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 3-2 से शिकस्त दी। सुभाशीष ने मैच के 61वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया और फिर स्टॉपेज समय (90 1 मिनट) में अपने दूसरे गोल से टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी, जो निर्णायक साबित हुई। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने इससे पहले चौथे मिनट में मोहम्मद अली बेमाम्मेर के गोल से बढ़त हासिल कर ली लेकिन इसके छह मिनट के बाद दीप्पेंदु विश्वास के गोल से स्कोर 1-1 हो गया। अलाइद्दीन अजाराई ने 24वें मिनट में गोल कर फिर से नॉर्थईस्ट को आगे कर दिया लेकिन मध्यांतर के बाद सुभाशीष ने दो गोल कर मौजूदा सत्र में डूरंड कप का खिताब जीतने वाली टीम के मंसूबों पर पारी फेर दिया। मोहन बागान की दो मैचों में यह पहली जीत है।

### द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

**शारजाह।** दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को शृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने शृंखला 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मार्कराम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान के लिए पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष आठ में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। इनमें से तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एएम गजनफर ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

### बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हेंसी फ्लिक ने कहा इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं। टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है जिसने शनिवार को इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।

# डब्ल्यूटीसी की तालिका में भारत का वर्चस्व

## बांग्लादेश पर जीत के साथ मजबूत हुई स्थिति, श्रीलंका तीसरे स्थान पर पहुंचा

**दुबई, एजेंसी**



जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। (फाइल फोटो) ● एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लाइर्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाकिस्तान के खिलाफ शृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए। अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है।

गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं। श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।

### गिल के साथ मैदान के बाहर की दोस्ती काम आई : पंत



**चेन्नई।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ सफल साझेदारी के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि दोनों के बीच मैदान के बाहर की दोस्ती से मैदान पर काफी मदद मिली। पंत और गिल दोनों पहली पारी में नहीं चल पाए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 167 रन की साझेदारी की जिसका आखिर में मैच के परिणाम पर असर पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी मदद मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे तथा बेहद सहज थे। आखिर में हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले पंत ने कहा मेरी खेल की समझ यह कहती है कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए। इसलिए मैं टीम की मदद करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया।

### बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीव स्मिथ



**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो शृंखला जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट शृंखला जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। 35 वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ शृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है।

# टीम यूरोप ने टीम विश्व को हराकर लीवर कप जीता

**बर्लिन।** चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी।

अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी। रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई। टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

# सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा



- **कानपुर टेस्ट में 300 विकेट और 3,000 रन के साथ ग्रैंड डबल एलीट क्लब में शामिल होने का मिलेगा मौका**

**चेन्नई, एजेंसी**

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रविंद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों ना हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3,000 रन के ग्रैंड डबल को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3,122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है।

अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यूट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं। हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है।

### स्वदेश में हमने 45 मैच खेले, जडेजा ने लिए 218 विकेट : अश्विन

अश्विन ने कहा अब यह प्रशंसा एक कदम और बढ़ गई है, यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा वह काफी प्रेरणादायक है। कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटरों के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं, और फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। वर्ष 2012 में जोड़ी बनाने के बाद से अश्विन और जडेजा स्वदेश में एक साथ 45 टेस्ट खेले जिनमें से भारत ने 34 जीते, तीन में हार और शेष आठ ड्रॉ रहे। इन 45 मैचों में जडेजा ने 218 जबकि अश्विन ने 263 विकेट चटकाए।

## बॉलीवुड हलचल

# मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 बनीं रिया सिंघा



**जयपुर।** गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गईं हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई ।दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, फिलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह, रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज संधू शामिल है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी



**हैदराबाद।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24,000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बन जाएंगे। उन्होंने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्म है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2 : द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। #पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा द रूल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

# भांबरी, जीवन और प्रशांत अलग-अलग टूर्नामेंट के युगल फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विजय सुंदर प्रशांत व जीवन नेदुनचेझियान।

- **फाइनल मुकाबला जीवन और विजय का कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की जर्मन जोड़ी से होगा**

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई।

जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांग्झोऊ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंजी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## अनोखी प्रतियोगिता



केरल में बैलों की दौड़ प्रतियोगिता चर्चा में रहती है। खास मौकों पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। कोझिकोड जिले में एक किसान अपने बैलों के साथ दौड़ता हुआ। एजेंसी

# सामाजिक दबावों के बीच पुरुष अकेलेपन की महामारी से जूझ रहे

जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया।



### कनाडाई रैप गायक ने अपने दिल की भावनाएं पेश की

एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी।

### अमेरिकी सर्जन ने महामारी बताया

पुरुषों पर अकेलेपन का असर को लेकर अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति ने एक सलाह जारी की, जिसमें उन्होंने देश में अकेलेपन और अलगाव को एक महामारी के रूप में वर्णित किया। हाल ही में हमने 75 नए और भावी पिताओं पर एक अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आघात से निपटने की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि इससे अंतत: उनके परिवारों को सहायता मिलेगी। लेकिन नए और भावी पिताओं का कहना है कि पुरुषों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए संसाधन अक्सर अनुपलब्ध या बहुत सीमित होते हैं।

### पुरुष होने के नाते बाहर से दिखाते मजबूत

शोध में शामिल एक प्रतिभागी ने कहा एक पिता और एक पुरुष होने के नाते, आपको माहौल खुशनुमा रखना है और बाहर से खुद को मजबूत दिखाना है। लेकिन, अंदरुनी तौर पर आप कुछ अलग ही महसूस कर रहे होते हैं। शोध एक स्थायी सामाजिक स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाता है, वह चुप्पी जो आमतौर पर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द रहती है।

## एक नजर

### ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

### पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने सोमवार को बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वह शख्स इस्लामाबाद में सीनेट का कर्मचारी था, लेकिन हाल ही में उसे नौकरी से हटा दिया गया।

### इराक के आतंकवादी गुट ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने रविवार शाम को जॉर्डन घाटी में एक इजराइली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी। इससे पहले दिन में समूह ने इज़रायली ठिकानों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमलों की जिम्मेदारी ली जिसमें भोर में दक्षिणी इज़राइल में स्थलों पर ड्रोन हमला, उत्तर में कई स्थलों पर उन्नत अल-अरक़ब क्रूज मिसाइलों से हमले और सुबह में जॉर्डन घाटी में एक इजराइली सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला शामिल है।


# भारत में विकास की अनंत संभावनाएं : मोदी

## प्रधानमंत्री ने अमेरिका की 15 प्रमुख प्रौद्योगिक कंपनियों के सीईओ के साथ की बैठक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया और इस दौरान भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की। बैठक मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन रविवार को लोट्टे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई।

बैठक में एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली अमेरिका की 15 प्रमुख कंपनियों के सीईओ ने हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के सीईओ के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य विषयों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। भारत के प्रति आशावादी दृष्टिकोण को देखकर मुझे खुशी हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) जैसे प्रयास भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मूल में हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और उन्होंने कंपनियों को सहयोग एवं नवोन्मेष के मामले में भारत की विकास गाथा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनियां भारत में दुनिया के लिए सह-विकास, सह-डिजाइन और सह-उत्पादन कर सकती हैं। भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास से अवसरों का लाभ उठा सकती हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, अडोब के सीईओ शांतनु नारायण, एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट के सीईओ शामिल हुए।



न्यूयॉर्क के एक होटल में कंपनियों के सीईओ के साथ उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

### प्रधानमंत्री ने आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला

बौद्धिक संपदा की सुरक्षा और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत की गहरी प्रतिबद्धता के बारे में उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए मोदी ने देश में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विनिर्माण और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में एएमडी की सीईओ लिजा सु, एचपी इंक के सीईओ एनरिक लोरेस, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, मॉडर्ना के चेयरमैन डॉ. नौबर अफयान और वेरिजॉन के सीईओ हैंस वेस्टबर्ग शामिल थे।

### भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध

सीईओ के साथ बैठक में मोदी ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश को बायोटेक पावरहाउस के रूप में विकसित करने के लिए भारत की बायो ई3 (पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने एआई के विषय पर कहा कि भारत की नीति सभी के लिए एआई को बढ़ावा देने तथा इसके नैतिक और जिम्मेदारी से उपयोग पर आधारित है।

### सीईओ ने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की

सीईओ ने ऐसे वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की सराहना की, जो इसकी नवोन्मेष-अनुकूल नीतियों और समृद्ध बाजार के अवसरों से प्रेरित है। उन्होंने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में भी गहरी रुचि व्यक्त की। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में बायोजेन इंक के सीईओ क्रिस विहबैकर, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब के सीईओ क्रिस बोर्नर, एली लिली एंड कंपनी के सीईओ डेविड ए रिक्स, एलएएम रिसर्च के सीईओ टिम आर्चर, ग्लोबलफाउंड्रीज के सीईओ थॉमस कौलफील्ड और किंड्रिल के सीईओ मार्टिन श्रोएटर शामिल थे।

# प्रधानमंत्री ने औली समेत विश्व के कई नेताओं से की मुलाकात

- द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की
- प्रधानमंत्री ने फिलस्तीनी राष्ट्रपति सहित से की गहन चर्चा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के इतर अब्बास से मुलाकात की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। भारत और नेपाल की मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और गति देना चाहते हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घनिष्ठ मित्रता को और प्रगाढ़ करते हुए यूएनजीए सत्र से इतर नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से आज मुलाकात की। इसमें कहा गया दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की। ओली प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले किसी पड़ोसी देश का दौरा करने की परंपरा को तोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका आए हैं।



नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मोदी।

### गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की

मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी यहां मुलाकात की और गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।

## अगर हारा, तो 2024 का चुनाव मेरा आखिरी मुकाबला होगा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अगर वह 2024 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में वापसी करने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि वह 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। जब पत्रकार शेरिल एटकिसन ने ट्रंप से फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा नहीं, मैं (चुनाव नहीं) लड़ पाऊंगा। ट्रंप की यह टिप्पणी इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने व्हाइट हाउस के लिए चौथी बार दावेदारी की संभावना को खारिज कर दिया है और वह कभी इस संभावना को स्वीकार नहीं करते हैं कि वह वैध रूप से चुनाव हार सकते हैं।

# रूसी व अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

- दो यात्रियों ने परिक्रमा कर रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रिकॉर्ड-लंबा प्रवास पूरा किया

मॉस्को, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा। ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं। कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं।



## लेबनान एक और गाजा में हो सकता है तब्दील : गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि इजराइल व हिजबुल्ला के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। गुटेरेस ने अमेरीकी समाचार आउटलेट सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि लेबनान में संचार उपकरणों के हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि बहुत अधिक वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है। लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस ने एक्स पर कहा क्षेत्र एक आसन्न तबाही के कगार पर है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है, ऐसा कोई सैन्य समाधान नहीं है जो किसी भी पक्ष को सुरक्षित कर सके।

# इजराइली हमलों में 182 लोग मारे गए

## लेबनान के लिए 2006 के बाद सर्वाधिक घातक दिन, 300 ठिकानों पर हमला किया

मरजायौन (लेबनान), एजेंसी

लेबनान के लिए वर्ष 2006 के बाद सोमवार सर्वाधिक घातक दिन रहा और हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल के हमलों में 180 से अधिक लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ व्यापक हवाई अभियान से पहले दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के निवासियों को अपने घर खाली करने की चेतावनी दी थी।

दक्षिण लेबनान से इजराइल की चेतावनी के बाद हजारों लेबनानी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। वर्ष 2006 के इजराइल-हिज़बुल्ला युद्ध के बाद इस सबसे बड़े पलायन में दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन के पास मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में सोमवार को लगभग 300 ठिकानों पर हमला किया। इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी, तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। हिजबुल्ला के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है।



# मध्यस्थता सुनवाई में रूस पर जड़े आरोप

- यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्चस्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई शुरू

द हेग, एजेंसी

यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्च-स्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान, कीव ने मॉस्को पर रणनीतिक रूप से अहम अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में यह सुनवाई रूस और यूक्रेन से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामलों की श्रृंखला में नवीनतम है। ये मामले 2014 में मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जा करने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण करने से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधि एंटन कोरिनविच ने मध्यस्थों के एक पैनल को बताया रूस अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए उसने प्रवेश स्थल पर एक विशाल द्वार बनाया है, ताकि छोटी रूसी नौकाओं को प्रवेश की अनुमति दी जा सके और अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को बाहर रखा जा सके। प्रवेश द्वार से यूक्रेन का संदर्भ क्रीमिया पर कब्जे के बाद केर्च जलडमरूमध्य पर रूस द्वारा बनाए गए एक पुल से था।



मध्यस्थता सुनवाई के दौरान पक्ष रखते जेलेंस्की। • एजेंसी

### जेलेंस्की ने गोला बारूद फैक्टरी का दौरा किया

**स्क्रैंटन (अमेरिका)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

## माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

**बमाको।** पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे। मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो चुनौतियों के बावजूद राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक पवित्र संघ की आवश्यकता पर जोर दिया।

**बदलाव** श्रीलंका के नव नियुक्त राष्ट्रपति ने ली शपथ

# दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा

कोलंबो, एजेंसी

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कहा कि वह अपने देश में पुनजार्गरण की शुरुआत करेंगे। दिसानायके (56) ने सोमवार को श्रीलंका के नौंवे राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में उन्हें शपथ दिलायी।

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद दिए संबोधन में कहा मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है। दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अलग-थलग नहीं रह सकता और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह कोई जादूगर नहीं हैं बल्कि उनका उद्देश्य आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को ऊपर उठाने की सामूहिक जिम्मेदारी का हिस्सा बनना है। मैं इस देश में जन्मा आम नागरिक हूं। मुझमें क्षमताएं और अक्षमताएं हैं। मैं कुछ चीजें जानता हूं और कुछ नहीं जानता। मेरा पहला काम लोगों की प्रतिभाओं का इस्तेमाल करना और इस देश का नेतृत्व करने के लिए बेहतर निर्णय लेना है। उन्होंने कहा मैं सामूहिक जिम्मेदारी में एक योगदानकर्ता बनना चाहता हूं।



शपथ ग्रहण समारोह के बाद संबोधन करते राष्ट्रपति दिसानायके।

### मोदी का जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें बधाई दिए जाने पर उनका आभार जताया और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं। दिसानायके ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद।